# कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, महापौर व डीएम ने किया नमन

**वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्रों व आम नागरिकों ने वीर शहीदों को भावभीनी अर्पित की श्रद्धांजलि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्रों व आम नागरिकों ने वीर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी एवं जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं व नागरिकों ने तिरंगा लहराते हुए ''वंदे मातरम्'' और राष्ट्रगीतों की गूंज के साथ कारगिल युद्ध के गौरवशाली इतिहास को स्मरण किया। देशभक्ति नारों–''जय हिन्द'', ''वीर शहीद अमर रहें'', ''भारत माता की जय'' से वातावरण गूंज उठा।महापौर उमेश चन्द्र केसरवानी ने अपने संबोधन में कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे वीर जवानों ने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया और यह सिद्ध किया कि भारतीय सेना किसी भी चुनौती से पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि कारगिल की बर्फीली चोटियों पर लड़ी गई यह विजय हमें एकता, साहस और बलिदान की प्रेरणा देती है।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने प्रयागराज की ऐतिहासिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह भूमि कई राष्ट्रनिर्माताओं की जन्मभूमि रही है। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस हमारे देश के गौरव का प्रतीक है, जिसे हमें नई पीढ़ी तक पहुंचाना चाहिए। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपील की कि वे कभी न कभी कारगिल अवश्य जाएं और वहां जाकर सैनिकों के संघर्ष का वास्तविक अनुभव प्राप्त करें।इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी कुंवर पंकज, नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह, टैक्सी-टैम्पो यूनियन अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं आमजन उपस्थित रहे।

# महानिदेशक, कारागार ने उन्नाव जेल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, कारागार प्रशासन ने आज जेल की महिला बैरक, पाकशाला, अस्पताल वार्ड, उच्च सुरक्षा बैरक, लाइब्रेरी एवं अन्य अहातों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के सम्बंध में रेखा बनाम उ0प्र0 राज्य में मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित निर्णय/दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन की स्थिति की जानकारी की गयी। इस सम्बन्ध में बताया गया कि महिला बंदियों के साथ रह रहे 04 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 02 बच्चों का दाखिला स्थानीय स्कूल में कराया गया है। इस अवसर पर महानिदेशक द्वारा महिला बंदियों के बच्चों को फल एवं वस्त्र वितरित किये गये। कारागार में स्थापित बंदी दरी एवं सिलाई उद्योग के सम्बन्ध में जानकारी देते कारागार अधीक्षक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि औसतन 150, बंदी दरी एवं 400 बंदी वस्त्रों का मासिक उत्पादन किया जाता है। उनके द्वारा निर्माण सम्बन्धी कार्यों का प्रस्ताव कारागार मुख्यालय प्रेषित किये जाने के निर्देश दियें गये। निरीक्षण के दौरान जेलर राजेश कुमार, कृष्ण मोहनचंद्र, डा0 आनंद सोनकर व डा0 यू0सी0 सचान प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नगराम थाना दिवस में भूमि विवादों की भरमार



नगराम , लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । शनिवार को थाना दिवस पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और भूमि विवादों से संबंधित शिकायती पत्र अधिकारियों को सौंपे। शिकायतों में अवैध कब्जा, रास्ता रोकने, फर्जी बैनामे और दबंगई के आरोप प्रमुख रूप से सामने आए। उदवतखेड़ा निवासी सरस्वती देवी ने गाटा संख्या 916 पर विपक्षी द्वारा अवैध मेड़ जोतकर कब्जा करने की शिकायत की। वहीं कई ग्रामीणों ने साहू कंपनी पर गाटा संख्या 2986 की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया। काशी प्रसाद निवासी मोहल्ला नगर ने गाटा संख्या 5147 पर विपक्षी द्वारा फर्जी तरीके से कब्जा किए जाने की बात कही, जबकि उनके नाम पहले ही दाखिल खारिज हो चुकी है।भोला धोबी, अचलीखेड़ा निवासी ने आरोप लगाया कि मोजो रज़ा द्वारा उनकी भूमि गाटा संख्या 312ख पर जबरन खड़ंजा बना दिया गया है, जिससे उन्हें जानमाल का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा बसन्त लाल और महावीर ने गांव के ही एक व्यक्ति पर रास्ता रोकने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया, जबकि रामदत्त ने गाटा संख्या 1482 पर आज तक कब्जा न दिलाए जाने की शिकायत की।थाना दिवस में पहुंचे अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर संबंधित राजस्व निरीक्षकों द्वारा कई प्रार्थना पत्रों पर ''मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया'' लिखित रूप में अंकित किया गया।

## कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन

रायबरेली। कारगिल विजय दिवस की 26 वीं वर्षगाँठ के अवसर पर कारगिल शहीद सैनिकों की पुण्य स्मृति में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम शहीद चौक (डिग्री कालेज चौराहा) पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन (नौसेना) अतुल्य दयाल (अ0/प्रा0) द्वारा पुष्प चक्र अर्पित किया गया। उसके उपरान्त कार्यालय परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर पुष्पॉजलि अर्पित कर वीरगति प्राप्त सैनिकों की याद में दो मिनट का मौन रखा गया तथा कारगिल शहीद नायक राजेन्द्र कुमार यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कारगिल युद्ध में वीरगति प्राप्त सैनिक की पत्नी ललिता देवी को सम्मानित किया गया।

## कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सदर विधायक ने निकाला मशाल जुलूस

उन्नाव। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के कैंप कार्यालय से बड़ा चौराहा उन्नाव तक मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में भारत माता की जय एवं शहीदों की जय के नारे लगाए गए और शहीदों कोन नमन कर सैनिकों के शौर्य का जश्न मनाया गया।इस अवसर पर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन है। 1999 में मई के महीने में पाकिस्तानी घुसपैठियों ने अवैध तरीके से नियंत्रण रेखा को पार कर भारतीय पोस्टों पर कब्जा कर कायराना हरकत की थी। ऑपरेशन विजय चला भारतीय सेना ने पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया था। जब जब भाजपा सरकार होती है तब तब पाकिस्तान के षड्यंत्र को विफल किया जाता है और उसे मुंहतोड़ जवाब भी दिया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक होती है। स्ट्राइक कर आतंकियों के ठिकानों को नष्ट किया जाता है। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने कहा कहा कि 26 जुलाई का दिन भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। यह दिवस हमारे जांबाज सैनिकों के अद्वितीय पराक्रम और बलिदान का प्रतीक है। वर्ष 1999 में कारगिल की ऊँचाइयों पर दुश्मन को खदेड़कर भारतीय सेना ने जो वीरता दिखाई, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत है।मशाल जुलूस युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बाला राव गुप्ता और भाजपा नेता विमल द्विवेदी के संयोजन में निकाला गया जिसमें जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी विधायक पंकज गुप्ता सहित जिला महामंत्री प्रवीण सिंह नूतन जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र दीक्षित कृष्ण कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष मनीष जायसवाल, सुशील तिवारी नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता , राकेश राजपूत,ललित द्विवेदी नवीन सिंह आजाद पूर्व जिला उपाध्यक्ष किरण सिंह कमल बाजपेई विजय द्विवेदी मनोज निगम धीरज सिंह राजीव वर्मा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष क्षितिज शुक्ला, बउवा अवस्थी संतोष पाल सरिता सिंह समीर शुक्ला पंकज अवस्थी, भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं अन्य सम्मानित बंधुओं की भी मौजूदगी रही।

## जिला अध्यक्ष ने संभाली सर्किल रेट आंदोलन की कमान

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता ।। जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने सर्किल रेट आंदोलन की कमान संभाल ली है।जिला कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई। इसी मौके पर लखनऊ जनपद के किसने की भूमि को लेकर महा आंदोलन की तैयारी को लेकर प्रमोद कुमार जिला अध्यक्ष के आवास पर पदाधिकारीयों बैठक बुलाई गई। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारीयों को जनपद के सभी ब्लॉकों की कमान सौंप दी गई । इन पदाधिकारियो को जनपद के सभी गांव में किसानों के बीच जाकर पंचायत कर सरकार और प्रशासन द्वारा किसानों के साथ सर्किल रेट को लेकर किये जा रहे अन्याय को समझा कर उन्हें आंदोलन के लिए तैयार करना है।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपनी अपनी जिम्मेदारियां को संभालने का संकल्प लिया।पंचायत में घोषणा की गई कि राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का आंदोलन तब तक चलता रहेगा जब तक सरकार किसानों का सर्किल रेट कर्नाटक राज्य के अनुरूप मार्केट रेट की दर से देने का आदेश जारी न कर दे। बैठक में सरकार द्वारा 2014 से अब तक 15% सर्किल रेट बढ़ाने को लेकर विरोध जताया गया और सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया।पंचायत में जिला महामंत्री राम सिंह, मंडल सचिव हरपाल सिंह, अरविंद कुमार, रामप्रसाद, बबलू पटेल, दिनेश धीमन, दिनेश यादव, प्रताप बहादुर, राजेंद्र यादव , और सुरेंद्र यादव ने भाग लिया।

## अमेठी मण्डल की कार्यसमिति घोषित

लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता । शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अमेठी मण्डल कार्यसमिति की लिस्ट जारी कर बधाई दी है पंकज नयन को पुनः मण्डल अध्यक्ष अमेठी, मण्डल उपाध्यक्ष संतोष सिंह,अर्चना वर्मा,राम प्रधत रावत,नीतू रावत, अंकित प्रजापति ,अंकित वर्मा बनाया गया है वहीं मण्डल मंत्री डी डी त्रिपाठी, उमाकांत साहू, रीता यादव, अनिल निगम, सुनील दिवाकर, सत्यम सोनी, पूनम देवी ओमेश कुमार बनाए गया। व कोषाध्यक्ष प्रेम शंकर को बनाया गया है।वही लिस्ट घोषित होने के बाद कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं संदेश दिया।

# महिला समिति ने आयोजित किया सावन तीज कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को तीज का पर्व मनाया जाता है, जिसे हरियाली तीज कहा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखने के साथ शिव - पार्वती जी की पूजा-अर्चना करती हैं। इसके साथ ही अविवाहित कन्याएं योग्य वर पाने के लिए ये व्रत रखती हैं। केसरवानी महिला समिति द्वारा होटल फ़ैशन टीवी हाल में सावन तीज उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीज उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नम्रता पाठक, व विशिष्ट अतिथि अनिता अग्रवाल भाजपा प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बीना केसरवानी, सुमन गुप्ता मधु जी मौजूद रहीं।अध्यक्ष अरुणिमा केसरवानी एवं महामंत्री संध्या ने आए अतिथियों पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। अरुणिमा ने पत्रकारों को बताया कि महिलाओं ने सावन गीत, लोकगीत डान्स, फ़ैशन शो व गेम में प्रतिभा किया। तीज फैशन प्रतियोगिता में आयुषी केसरवानी तीज क्वीन प्रथम, एकता गुप्ता तीज क्वीन-2, सावन क्वीन संगीता कुमार और ओल्ड इज गोल्ड सुमित्रा केसरवानी विजेता बनी।

# कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को नमन व्यापार मंडल और लायंस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और लायंस क्लब इलाहाबाद सेंट्रल के संयुक्त तत्वावधान में होटल यशपदम में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्री योगेश गोयल ने की।कार्यक्रम की शुरुआत कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सैनिकों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद करते हुए हुई। उपस्थित सभी सदस्यों ने मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके साहस, समर्पण और राष्ट्रभक्ति को नमन किया।इस अवसर पर योगेश गोयल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस सिर्फ एक सैन्य सफलता नहीं, बल्कि राष्ट्र के अदम्य साहस और एकजुटता का प्रतीक है। यह दिन हमें हमारे शहीदों के बलिदान को याद दिलाता है और प्रेरणा देता है कि देशहित में कोई भी त्याग छोटा नहीं होता।कार्यक्रम में वरिष्ठ महामंत्री नवीन अग्रवाल, लायंस क्लब के कोषाध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीयूष पांडे, नवीन शिखर सिंह, विकास वैश्य, लायंस क्लब के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, अभिषेक केशरवानी, रोशनी अग्रवाल, राजकुमार केशरवानी, एडवोकेट देवेंद्र सिंह, विजय आनंद, सुरेंद्र जी समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।लायंस क्लब अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने दुर्गम परिस्थितियों में विजय प्राप्त कर देश की रक्षा की। हम सबका कर्तव्य है कि उनके बलिदान को व्यर्थ न जाने दें और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाएं।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ वीर शहीदों को समर्पित यह आयोजन संपन्न हुआ।

# सीएम ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी का प्रथम सत्र कारिपोर्ट दबाकर किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने किया जनपद उन्नाव में रू0 2500 करोड़ से अधिक की लागत से स्थापित देश की पहली एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिस्प्लिनरी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के नए सत्र का बटन दबाकर शुभारंभ*श उन्नाव मुख्यमंत्री जी ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को बधाई देकर दी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के नये कैम्पस के शुभारम्भ से जनपद वासियों को एक नई सौगात/उपहार मिला है अब युवाओं की एक नई फौज खड़ी होगी, यह ऐसा कैम्पस है जिसमें आधुनिकता भी है गति भी है प्रगति भी है और देश के समृद्धि के द्वार खुल रहे हैः मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के प्रशासनिक भवन परिसर में एक पेड़ मॉ के नाम रोपित कर दिया हरित पर्यावरण का संदेश दिया ?चंडीगढ़ विश्वविद्यालय जनपद उन्नाव में अवश्य ही एक नई मजबूती और इन्फ्रास्ट्रक्चर एआई की नवीन डिजिटल तकनीकी के साथ नए आयाम को गढ़कर राष्ट्र व युवाओं के भविष्य निर्माण में विशेष योगदान दे सकेगाः मुख्यमंत्री ने प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक, कलाओं, कौशल और करिश्माई अंदाज के लिए जाना जाता रहा है यह ईको टूरिज्म का केन्द्र बनकर उभर रहा है विकास के नये आयाम लिख रहा है, भारत और भारतीयता की पहचान दिलाकर विरासत को आगे बढ़ा रहा है।आजादी की लड़ाई में राजा राव राम बक्श सिंह ने अपने क्रान्तिकारी तेवर से ब्रिटिश हुकूमत के छक्के छुड़ाये थे। विकासखंड नवाबगंज में स्थापित देश की पहली एआई ऑगमेंटेड मल्टीडिस्प्लिनरी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के नए सत्र का शुभारंभ बटन दबाकर किया गया। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश के उद्घाटन से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा सर्वप्रथम चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी परिसर व विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन और गैलरी का अवलोकन कर एआई की नवीन तकनीकी उपकरणों के संचालन की प्रक्रिया को जाना साथ ही यूनिवर्सिटी के डिजिटल मॉडल का भी अवलोकन कर जानकारी ली। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा यूनिवर्सिटी के भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम वृक्ष रोपितकर हरित पर्यावरण का संदेश दिया।

# फिरौती देने के बहाने बुलवाकर फिल्मी स्टाइल में तीन अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। महानगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के पादरी बाजार निवासी रिटायर्ड एयरफोर्स कर्मी अशोक जायसवाल का बीते शुक्रवार की सुबह 5: 30 बजे कार से अपहरण कर लिया गया था। बदमाशों ने अशोक की पत्नी से एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। वहीं घटना के महज 12 घण्टों के अंदर ही शाहपुर पुलिस ने एसओजी टीम के मदद से तीन बदमाशों को फिल्मी स्टाइल में पकड़ कर अशोक जायसवाल को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से पहले रेकी की थी। वह अशोक के दैनिक दिनचर्या के बारे में जानते थे और उन्हें कौवाबाग अंडरपास पर रोककर कार में बैठाकर ले गए थे। पुलिस ने अशोक की पत्नी को समझा दिया था कि दोबारा कॉल आए तो बदमाशों को रुपये देने की बातचीत में उलझाएं। जब बदमाश रुपये लेने पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें दबोच लिया और अशोक जायसवाल को सुरक्षित मुक्त करा लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि बदमाशों और एयरफोर्स कर्मी में रुपये का कोई पुराना लेन-देन नहीं है। उन्होंने पत्नी पर दबाव बनाने के लिए ऐसा बोला था। पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने वारदात को अंजाम देने से पहले उनके दैनिक दिनचर्या की रेकी की थी। वह कितने बजे घर से निकलते हैं और कब स्टेडियम पहुंचते थे इन सबके बारे में उन्हें पहले से जानकारी थी। अंडरपास के पास सुबह के समय बहुत कम लोगों का आवागमन रहता है। इसीलिए उन्होंने वारदात को अंजाम देने के लिए इस जगह को चुना। सुबह 5:30 बजे के करीब जैसे ही अशोक वहां पहुंचे तो कार सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। पहले उन्हें बातों में उलझाया इसके बाद जबरदस्ती कार में बैठाकर ले गए मौके पर सन्नाटा होने की वजह से किसी को भी इसकी जानकारी नहीं हो सकी।

# नगर निगम में अभियंत्रण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । नगर निगम मुख्यालय स्थित सभागार में अभियंत्रण और सफाई विभाग से संबंधित प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त गौरव कुमार ने की। इस दौरान पंद्रहवां वित्त आयोग, अवस्थापना निधि, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना एवं वैश्विक नगर योजना जैसे प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में अपर नगर आयुक्त, मुख्य अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने सभी अभियंताओं और अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता को अस्वीकार्य बताया गया।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन प्रोजेक्टों का निरस्तीकरण हो चुका है, उनकी फाइलें तुरंत संबंधित विभागों को सौंपी जाएं, ताकि प्रशासनिक प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम बनी रहे। निर्देश दिए गए कि किसी भी कार्य के पूर्ण होने के बाद ही भुगतान की प्रक्रिया शुरू की जाए और वह भी गुणवत्ता जांच के पश्चात। यदि कोई कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं होता या उसमें गुणवत्ता की कमी पाई जाती है तो संबंधित फर्म पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सभी पूर्ण प्रोजेक्ट्स की फाइलें क्लोज कर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएं, ताकि कार्यों की शासन स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग हो सके और आगामी योजनाओं के निर्धारण में सहायता मिल सके। अभियंत्रण और सफाई विभाग को निर्देशित किया गया कि 311 मोबाइल ऐप और वॉर रूम के माध्यम से प्राप्त नागरिकों की शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।


**उत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र – 1, 2 तथा 3**

संख्या : 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ई निविदा–45 दिनांक 26.07.2025

विषय – निविदा प्रपत्र संख्या: 2025 – ए.एम.वी. – सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा – 45 का शुद्धि पत्र

सन्दर्भ – निविदा सूचना संख्या: 2025–ए.एम.वी.–सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा–45 दिनांकः 11.07.2025

खुलने की तिथि: 12.08.2025

कार्य का नाम – सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एन्ड कमीशनिंग ऑफ आई.पी. बेस्ड वीडियो सर्विलांस सिस्टम (वी.एस.एस.) इन 1436 आई.सी.एफ. कोचेस इन एन.आर.।

उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है।

| क्र सं. | विवरण | परिवर्तन |
|---|---|---|
| 1 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | कार्य पूर्ण करने की अवधि – 10 Months. |
| 2 | निविदा प्रपत्र | संशोधित निविदा प्रपत्र सं. 1.0 वेबसाइट पर Upload कर दिया गया है। |
| 3 | CAMC की शर्तें | Tender NIT में CAMC की शर्तें जोड़ दी गई है। |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी । शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर Upload कर दिया गया है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2285/25


# आज होगी यूपीपीएससी की आरओ/एआरओ परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (ठघ्ध्ट्टए) द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी / सहायक समीक्षा अधिकारी (टग/इटग) परीक्षा रविवार को पूरे प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित की जाएगी। प्रयागराज जिले में परीक्षा के लिए 106 केंद्रों की व्यवस्था की गई है, जहां 46,032 परीक्षार्थी शामिल होंगे।परीक्षा की पहली पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन ने परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।जिलाधिकारी (क्ख्र) ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। साथ ही, दूर-दराज से आने वाले प्रतियोगी छात्रों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं।प्रशासन ने परीक्षार्थियों की सहायता के लिए हेल्प डेस्क भी स्थापित किया है, जहां केंद्र संबंधित जानकारी और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। परीक्षा में नकल रोकने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | CATGAuction25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stalls under GMU category at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 23.07.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 11.08.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 11.08.2025 at 10:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलिदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under:-

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 11-08-2025 at 10:30 hrs | GMU | WOMEN |
| 2 | JAIS | Catg-LKO-JAIS-GMU-73-24-1 | JAIS/PF-1/25/ADDL | 11-08-2025 at 10:40 hrs | GMU | |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2282/2025

पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट एवं SSB 4वीं बटालियन

# जवाहर नवोदय विद्यालय में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के अंतर्गत पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, लखनऊ के प्रांगण में पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट एवं सशस्त्र सीमा बल (SSB) ऽ 4वीं बटालियन, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में हर वृक्ष, एक जीवन की भावना के साथ 500 पौधों के वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्षवेद प्रकाश राय, SSB के डिप्टी कमांडेंट अवनीश चौबे, विद्यालय की प्राचार्या साधना शुक्ला, BBAU की इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी विभाग की HOD डॉ. राजश्री पाण्डेय, SSB के पूर्व अधिकारी एवं चंदन खेती के विशेषज्ञ उत्कृष्ट पाण्डेय, पूर्व उपप्राचार्य JNV एवं वरिष्ठ शिक्षाविद जी.पी. मिश्रा, सफल डायग्नोस्टिक लखनऊ की प्रबंध निदेशक डॉक्टर नित्या वर्मा, बिजनेसमैन एवं समाजसेवी हरिशंकर गुप्ता, गिरिजा शंकर अवस्थी पूर्व प्राचार्य JNV पीलीभीत, कृष्णा मिश्रा पूर्व प्राचार्य JNV कानपुर नगर, कन्हैयालाल पूर्व प्राचार्य JNV चित्रकूट, डॉ देवेंद्र गर्ग, पूर्व प्रधानाचार्य JNV लखनऊ, मधु शुक्ला पीजीटी हिंदी केंद्रीय विद्यालय लखनऊ, अशोक कुमार पूर्व पीजीटी हिस्ट्री उमा लक्ष्मी त्रिपाठी टीजीटी हिंदी, मशहूर फोटोग्राफर (बॉलीवुड) शिवम सिंह सहित विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, पूर्ववर्ती छात्र और SSB के जवान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूर्वांचल जनशक्ति फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद प्रकाश राय ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष प्रकृति के जीवंत स्तंभ हैं और हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे मूल्यवान सौगात भी। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से इस दिशा में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। डिप्टी कमांडेंट अवनीश चौबे ने वृक्षारोपण को राष्ट्रसेवा से जोड़ते हुए कहा कि हर पौधा देश की हरियाली और सुरक्षा का प्रतीक है।

डॉ. राजश्री पाण्डेय ने जैव विविधता, जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग पर सारगर्भित विचार रखते हुए विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने के लिए प्रेरित किया। उत्कृष्ट पांडे ने पर्यावरण संरक्षण और चंदन की खेती को कैसे व्यावसायिक खेती के रूप में किया जा सकता है। इसके बारे में बच्चों के बीच विस्तृत चर्चा, परिचर्चा किए। प्राचार्या साधना शुक्ला ने विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बच्चों की सक्रिय सहभागिता की सराहना की। जी.पी. मिश्रा ने अपने प्रेरणादायक अंदाज़ में पर्यावरण संरक्षण की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक महत्ता को सरलता से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। यह आयोजन न केवल वृक्षारोपण का कार्यक्रम था, बल्कि प्रकृति के प्रति सामाजिक चेतना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ। ''हर वृक्ष, एक जीवन'' – यही भावना इस कार्यक्रम की आत्मा रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

# नगर निगम कर्मचारी संघ ने उठाई कर्मचारियों की लंबित मांगों पर वार्ता की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कारगिल शहीद दिवस के अवसर पर नगर निगम लखनऊ द्वारा आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर निगम प्रशासन को बधाई दी। इस मौके पर उन्होंने नगर आयुक्त को कर्मचारियों की 30 सूत्रीय लंबित मांगों के निस्तारण के लिए वार्ता की तिथि शीघ्र तय करने संबंधी एक महत्वपूर्ण ज्ञापन भी सौंपा। संघ अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नगर आयुक्त का ध्यान भेजे गए पूर्व पत्र की ओर आकृष्ट कराते हुए अवगत कराया कि संघ सदैव संवाद के माध्यम से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का पक्षधर रहा है। वर्तमान में भी कर्मचारियों की लंबित 30 सूत्रीय मांगों का निराकरण वार्ता के माध्यम से कराना अत्यंत आवश्यक हो गया है। ज्ञापन में यह मांग की गई है कि संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर वार्ता हेतु तिथि एवं समय निर्धारित किया जाए, जिससे कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान संभव हो सके। संघ का कहना है कि यदि समस्याओं का समय रहते निराकरण हो, तो अधिकारी और कर्मचारी मिलकर राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू कर सकेंगे। नगर आयुक्त ने संघ अध्यक्ष को वार्ता जल्द आयोजित करने का आश्वासन देते हुए कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

## ग्राम समाज पर बने अवैध निर्माण के खिलाफ सरोजिनी नगर तहसील प्रशासन ने अवैध निर्माणो पर की बड़ी कार्रवाई



काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। काकोरी कोतवाली क्षेत्र लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे टोल टैक्स के बगल ग्राम रेवरी परगना काकोरी तहसील सरोजनी नगर जिला लखनऊ में एसडीएम व नायब तहसील दार सरोजनीनगर श्रीमती आस्था पांड़े के आदेशानुसार कानूनगो समर बहादुर क्षेत्रीय लेखपाल बृजभान सिंह लेखपाल अशोक यादव लेखपाल सुनील सिंह लेखपाल आशीष अभिषेक यादव लेखपाल व भारी पुलिस बल की उपस्थिति में गाटा संख्या 80/0.266 पर अवैध कब्जा हटाया गया जिसकी बाजारु कीमत लगभग 2 करोड़ से अधिक है रेवरी गाँव निवासी पिन्टू पाल व लाल्ला पाल पुत्र मेवा पाल पप्पू यादव पुत्र गुरु यादव ने अवैध तरीके से दुकान व ढाबा बनाकर कर रहे थे बड़ा व्यवसाय गाटा संख्या 80/ रकबा 0.266 पर अवैध कब्जा कर रखा था अवैध निर्माण पर तहसील प्रशासन ने जेसीबी मशीन चलवा कर किया ध्वस्त अवैध निर्माण के खिलाफ एक बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान अवैध निर्माण जेसीबी मशीन की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया राजस्व टीम ने कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जेदारों ने अवैध तरीके से बनाये बाउंड्री वॉल व टीन सेट को सरोजिनी नगर तहसील प्रशासन द्वारा ध्वस्त कर दिया गया अभियान का मुख्य उद्देश्य माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का पालन करते हुए तहसील सरोजनी नगर प्रशासन अभियान चलाकर अवैध निर्माणो पर की बड़ी कार्रवाई।

# नगराम: थाना दिवस में भूमि विवादों की भरमार, पीड़ितों ने लगाई न्याय की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । शनिवार को थाना दिवस पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और भूमि विवादों से संबंधित शिकायती पत्र अधिकारियों को सौंपे। शिकायतों में अवैध कब्जा, रास्ता रोकने, फर्जी बैनामे और दबंगई के आरोप प्रमुख रूप से सामने आए। उदवतखेड़ा निवासी सरस्वती देवी ने गाटा संख्या 916 पर विपक्षी द्वारा अवैध मेड़ जोतकर कब्जा करने की शिकायत की। वहीं कई ग्रामीणों ने साहू कंपनी पर गाटा संख्या 2986 की जमीन पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाया। काशी प्रसाद निवासी मोहल्ला नगर ने गाटा संख्या 5147 पर विपक्षी द्वारा फर्जी तरीके से कब्जा किए जाने की बात कही, जबकि उनके नाम पहले ही दाखिल खारिज हो चुकी है। भोला धोबी, अचलीखेड़ा निवासी ने आरोप लगाया कि मोजो रज़ा द्वारा उनकी भूमि गाटा संख्या 312ख पर जबरन खड़ंजा बना दिया गया है, जिससे उन्हें जानमाल का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा बसन्त लाल और महावीर ने गांव के ही एक व्यक्ति पर रास्ता रोकने और गाली-गलौज करने का आरोप लगाया, जबकि रामदत्त ने गाटा संख्या 1482 पर आज तक कब्जा न दिलाए जाने की शिकायत की।थाना दिवस में पहुंचे अधिकारियों ने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। मौके पर संबंधित राजस्व निरीक्षकों द्वारा कई प्रार्थना पत्रों पर ''मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया'' लिखित रूप में अंकित किया गया।

# स्काई पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया कारगिल विजय दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## छात्रों ने देशभक्ति गीतों, नाट्य व भाषणों से किया वीर शहीदों को नमन




मोहनलालगंज। लखनऊ,कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शुक्रवार को स्काई पब्लिक स्कूल मोहनलालगंज के सिसेंडी में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का भाव प्रकट किया।कार्यक्रम में बच्चों ने कारगिल युद्ध की वीर गाथाओं पर आधारित नाटक, देशभक्ति गीतों पर नृत्य और ओजस्वी भाषणों के जरिए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय परिसर देशप्रेम के रंग में रंगा नजर आया।यूरो वर्ग के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में कक्षा तीन की अंशी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कक्षा चार के विद्यार्थियों ने 'वंदे मातरम' गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी।कक्षा पांच के बच्चों ने 'हीर आसमानी' गीत पर नृत्य व नाट्य रूपांतरण किया, जो कारगिल युद्ध की झलक प्रस्तुत कर रहा था।कक्षा छह के विद्यार्थियों ने एक भावपूर्ण देशभक्ति स्किट प्रस्तुत की, जिसमें भारतीय सेना के त्याग और बलिदान को दर्शाया गया।कक्षा सात के छात्रों ने देशभक्ति से सराबोर गीतों पर समूह नृत्य कर माहौल को जोश से भर दिया।वहीं, कक्षा नौ की बालिकाओं ने 'विजयी भव' गीत पर रानी लक्ष्मीबाई की वीरता पर आधारित शानदार प्रस्तुति दी, जो दर्शकों की तालियों से गूंज उठी।कक्षा दस के विद्यार्थियों ने ओजस्वी देशभक्ति भाषणों से दर्शकों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना और प्रबल कर दी।समारोह के अंत में विद्यालय के प्रबंधक आदित्य सिंह यादव ने बच्चों की प्रस्तुतियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के अंदर देशप्रेम, आत्मबल और नेतृत्व कौशल को बढ़ाते हैं। यह देखकर गर्व होता है कि हमारे विद्यार्थी शहीदों के बलिदान को इतनी गंभीरता से समझते हैं।विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल शुक्ला ने भी छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के योगदान की सराहना की।इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में दीप्ति मैम, भावना मैम, प्राची मैम, सीमा मैम सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# कारगिल विजय दिवस पर कांग्रेसियों ने काकोरी शहीदों को नमन किया



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ । कारगिल विजय दिवस के अवसर हम कंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार कारगिल युद्ध में शहीद हुए बहादुर जवानों की याद में शनिवार को कंग्रेस जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बब्लू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कंग्रेस नेताओं ने काकोरी स्थित शहीद स्मारक पर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से कंग्रेस सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश चेयरमैन पूर्व सैनिक सुभाष मिश्रा,महीप सिंह,गनेश रावत,महासचिव मोहम्मद रेहान खान,छोटे मियाँ,संतोष मौर्य,मोहम्मद आरिफ,इरशाद अली,शीबू खान,गुफरान,सैनिक राम कुमार,जय प्रकाश सिंह,डीएन सिंह,अजय कुमार,तनवीर हुसेन,अमित कुमार,फिरोज मशी राजन,शिव नारायण रावत,जितेंद्र कु मार,कामरान,शेलेन्द्र,.फे जी, रोहित,अमित सहित आदि मौजूद रहे।

# निगोहां: किशोरी के साथ की गैर समुदाय के युवक ने छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**पीड़िता ने डटकर किया आरोपी से मुकाबला**

**सुलह के लिए आरोपी ने बनाया पीड़िता पर दबाव किन्तु एक न चली**

**पुलिस ने भी 24 घंटे के अंदर दाखिल की चार्जशीट और दर्ज कराया मजिस्ट्रेट के सामने पीड़िता का बयान**

निगोहां, लखनऊ। निगोहा में एक 12 वर्षीय लड़की के साथ दिनदहाड़े एक गैर समुदाय के युवक ने सरेराह छेड़छाड़ की। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला था , लेकिन सुलह करने के लिए आरोपी पक्ष के लोग उस पर दबाव बनाने लगे लेकिन किसान की बेटी ने एक न सुनी और पिता के साथ थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। उधर पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुए 24 घंटे के भीतर ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और जेल भेजा । पीड़िता का मजिस्ट्रेट के सामने बयान तथा न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया। इलाके के एक गाँव की 12 वर्षीय किशोरी बीती 24 जुलाई की दोपहर खेत में धान की बेढ़ लगाने के बाद घर लौट रही थी। रास्ते में अकेला पाकर दिनदहाड़े सरेराह आरोपी रियाज ने किशोरी का रास्ता रोक लिया और छेड़छाड़ शुरू कर दी। बहादुर लड़की ने आरोपी से विरोध करने के साथ ही शोर मचाना शुरू कर दिया। किशोरी के शोर मचाने पर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मौके की ओर दौड़े, जिन्हें देखकर आरोपी भाग गया। जाते-जाते उसने किशोरी और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन पीड़िता को लेकर थाना निगोहां पहुंचे और आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। निगोहां निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। घटना को लेकर गांव में नाराजगी का माहौल है।

## पांच माह से कार शोरूम से कार गायब

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के कार शोरूम से एक सफ़ेद सोनेट डेमो कार पिछले पांच महीने से गायब है। इस मामले में शोरूम के मैनेजर ने तहरीर देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर चोरों का पता लगा रही है। गुडंबा के बगिया निवासी मोहम्मद आरिफ थाना क्षेत्र के कानपुर रोड पर बीमा अस्पताल के पास स्काई डेक किया कार शोरूम के मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। मैनेजर के मुताबिक कंपनी की सफ़ेद सोनेट डेमो कार बीती 27 फरवरी से शोरूम से गायब है। कार की आखिरी लोकेशन स्कूटर इंडिया स्थित वर्कशॉप में मिली थी। इसके बाद से कार का कोई पता नहीं चल पाया है। सरोजिनी नगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की है। दूसरी तरफ अमेठी जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के खैरियातपुर निवासी पीर मोहम्मद ने बताया कि उन्होंने अपनी पिकअप लोडर सर्विस के लिए बीती 24 मार्च को सरोजनी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पार्किंग नंबर तीन के पास सुफियान मिस्त्री के यहां खड़ी की थी। सूफियान ने 25 मार्च को पीर मोहम्मद को सूचना दी कि गाड़ी का काम पूरा हो गया है और वे अपनी गाड़ी ले जा सकते हैं। पीर मोहम्मद ने अगले दिन गाड़ी लेने आने की बात कही। लेकिन 26 मार्च की सुबह सूफियान ने उन्हे बताया कि उनकी गाड़ी चोरी हो गई है। यह सूचना मिलते ही पीर मोहम्मद तुरंत ट्रांसपोर्ट नगर पहुंचे। उन्होंने बगल की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक कराई। फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति उनकी गाड़ी ले जाता दिखाई दिया। इसके बाद पीर मोहम्मद ने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सरोजिनी नगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र की एक महिला ने बीती 19 जुलाई को स्थानीय थाने में तहरीर देकर बताया था कि ऊंच गांव किला थाना पुरवा जिला उन्नाव निवासी रोहित कश्यप (31) पुत्र संतोष कुमार ने महिला को शादी का झांसा देकर रुपए लिए और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब महिला ने शादी करने के लिए कहा तो रुपए वापस न देने की बात कहते हुए युवक द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए विवेचना कर रही थी। इसी आधार पर शनिवार को आरोपी को कमर्शियल तिराहे के पास से गिरफ्तार कर अग्रिम विधि कार्रवाई के लिए न्यायालय रवाना किया गया। सरोजिनी नगर पुलिस के अनुसार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।

## महिला पार्षद का जलकल अभियंता पर अमर्यादित जवाब का आरोप

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर निगम जोन–6 अंतर्गत वार्ड अम्बरगंज के मोहल्ला वज़ीरबाग में पिछले दो माह से पेयजल आपूर्ति ठप होने से क्षेत्र की जनता भारी परेशानियों का सामना कर रही है। स्थानीय पार्षद का कहना है की समस्या को लेकर कई बार महाप्रबंधक जलकल और अधिशासी अभियंता जोन–6 को पत्रकारों व दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला है। वार्ड की महिला पार्षद एवं कार्यकारिणी सदस्य सबा अहसन ने बताया कि शनिवार को जब उन्होंने पुनः अधिशासी अभियंता अनिल कुमार से फोन पर संपर्क कर क्षेत्र की समस्या के समाधान की बात कही, तो उन्हें यह कहकर टाल दिया गया कि ™आपकी समस्या खत्म नहीं होती, जाइए धरना दीजिए ™ पार्षद सबा अहसन ने इस व्यवहार को गंभीर और अमर्यादित बताते हुए सवाल उठाया है कि नगर निगम प्रशासन यह स्पष्ट करे कि एक महिला पार्षद से इस प्रकार का व्यवहार क्यों किया गया? उन्होंने मांग की है कि संबंधित अभियंता की जवाबदेही तय की जाए, अन्यथा उन्हें जलकल जोन–6 कार्यालय पर धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह धरना सिर्फ उनके लिए नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की आवाज को बुलंद करने के लिए होगा, जिसे नगर निगम के अधिकारी लगातार अनसुना कर रहे हैं।

## नवीन मिश्रा बने भाजपा निगोहा मंडल महामंत्री

निगोहा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहा क्षेत्र के एक युवा नेता एवं समाजसेवी नवीन मिश्रा को निगोहा मंडल महामंत्री नियुक्त किया गया है , इस नियुक्ति पर तमाम लोगों ने हर्ष व्यक्त किया । भाजपा निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह ने जानकारी दी कि जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्या के निर्देश पर निगोहा क्षेत्र के लालपुर निवासी समाजसेवी नवीन मिश्रा को निगोहा मंडल भाजपा का महामंत्री नियुक्त किया गया। मौजूद सभी पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्ष ललित सिंह समेत कार्यकताओं ने नवीन मिश्रा को बधाई दी। इस दौरान नवनियुक्त निगोहा मंडल महामंत्री नवीन मिश्रा ने बताया कि वह जबसे भाजपा में कार्यकर्ता के रूप में जुड़े हैं विगत कई वर्षों से ग्रामीणों के बीच पहुंच कर सेवा ही परमो धर्म की बात कही। हालांकि ऐसे युवा नेता को पदाधिकारी के रूप में पाकर गांव वालों के चेहरों पर बहुत खुशी है।

# जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा : रामगोविन्द चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा जिला कर्यालय पर ''आरक्षण दिवस'' को ''संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस'' के रूप में मनाया।जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सांसद नेता प्रतिपक्ष राम गोविन्द चैधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।जिनका राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव,जिलाध्यक्ष जय सिंह 'जयन्त',राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह,जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान,जिलाउपाध्यक्ष टीबी सिंह,विजयश्री गौतम के साथ मौजूद सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि राम गोविन्द चैधरी ने कहा कि इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले द्वारा संकल्पित ''आरक्षण'' को कोल्हापुर के महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू किया था।इसी दिन आरक्षण देने का शुभारंभ हुआ था।आगे चलकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के सद्प्रयासों से हमारे संविधान में एक जनाधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का मूल आधार बना और देश के लोकतंत्र की स्थापना का मूल सिद्धांत भी।उन्होंने कहा कि जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा।संविधान ही ढाल है,संविधान ही कवच है।इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष वर्मा वर्मा,पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा,पूर्व विधायक श्याम किशोर यादव,अम्ब्रीश सिंह पुष्कर,अल्पसंख्यक सभा प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी,पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव,पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित,लोकतंत्र सेनानी निर्मल सिंह,भरत यादव,पूर्व मंत्री इंसराम अली,रामसिंह राणा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवजन सभा सुशील यादव 'गुड्डू',पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सोनू कनौजिया,प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव,रंजीत यादव,राशिद अली,वीर बहादुर सिंह,वसी अहमद,रामगोपाल यादव,रूप नारायण यादव,जिला उपाध्यक्ष बचान सिंह यादव,इब्राहीम मंसूरी,अर्चना रावत,रितु अग्रवाल,विजयश्री गौतम, विधानसभा अध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव,उमशंकर वर्मा,सोनीश कुमार मौर्य,रामप्रकाश यादव,मायाराम वर्मा,मोईन खान,रमेश सिंह 'रवि',शगीर अहमद 'अंगूर',जिलाध्यक्ष महिला सभा प्रेमलता यादव,चेयरमेन गनेश रावत,पूर्व चेयरमेन एन इशरत बेग,शान्ति यादव,उर्मिला रावत,जितेन्द्र यादव 'गुड्डू' ब्लाक अध्यक्ष संदीप यादव,राजकुमार यादव के साथ सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संविधान मान स्तंभ स्थापना दिवस के रूप में मनाया गया आरक्षण दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जिला कर्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर ''आरक्षण दिवस'' दिनांक 26 जुलाई 2025 को ''संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस'' के रूप में मनाया गया, जिसमें समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री राम गोविन्द चैधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला सभा जूही सिंह एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ मौजूद सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री राम गोविन्द चैधरी ने इसी दिन महात्मा ज्योतिबा फुले जी द्वारा संकल्पित ''आरक्षण'' को कोल्हापुर के परम आदरणीय श्रीमंत महाराज राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज जी ने अपने कोल्हापुर राज्य में लागू किया था। इसी दिन आरक्षण देने का शुभारंभ हुआ था। आगे चलकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के सद्प्रयासों से हमारे संविधान में एक जनाधिकार के रूप में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करने का मूल आधार बना और देश के लोकतंत्र की स्थापना का मूल सिद्धांत भी। उन्होंने कहा कि जब संविधान बचेगा तभी आरक्षण बचेगा। संविधान ही ढाल है, संविधान ही कवच है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व मंत्री प्रो0 अभिषेक मिश्रा, पूर्व विधायक गोमती यादव, श्याम किशोर यादव, अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, पूर्व स्नातक प्रत्याशी कान्ती सिंह, अल्पसंख्यक सभा प्रदेश अध्यक्ष जनाब शकील नदवी, प्रदेश अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ कर्नल शरद शरन सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, पूर्व मेयर प्रत्याषी वन्दना मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष सुशील दीक्षित, वरिष्ठ नेता निर्मल सिंह के साथ सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरजू नदी से जल भरकर विशाल तिरंगा कावड़ यात्रा के साथ हुए रवाना

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता



सिंगाही खीरी । गौरी बाबा मंदिर से विशाल तिरंगा कावड़ यात्रा जत्था छोटी काशी के लिए रवाना हुआ। यह पांचवां जत्था था जो धार्मिक उल्लास और उत्साह के साथ गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुआ। कांवड़ियों ने गौरी बाबा मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजन के बाद दुर्गा माता मंदिर पहुंचे, जहां माथा टेककर आशीर्वाद लिया। कस्बे के मेन बाजार से होते हुए ''बोल बम'' के जयकारों के बीच आगे बढ़ा। इस बार की यात्रा का प्रमुख आकर्षण 151 फीट ऊंचा तिरंगा रहा, जिसे एक ट्रालीनुमा स्ट्रक्चर पर सजाया गया था। इसके साथ ह ी ब्रह्मोस मिसाइल का प्रतिरूप भी यात्रा में शामिल रहा, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना।

जत्थे को शुभकामनाएं देने व विदा करने पहुंचे लोगों में पूर्व चेयरमैन उत्तम कुमार मिश्र, प्रदीप पुरवार, भाजपा नेता सुनील बत्रा, पूर्व प्रधान श्रीराम सिंह समेत बड़ी संख्या में नगरवासी और कांवड़ समिति पदाधिकारी मौजूद रहे। कांवड़ियों ने सरयू नदी से पवित्र जल भरकर गोला के लिए प्रस्थान कर गए। इस यात्रा के दौरान कांवड़ियों ने भगवान शिव की भक्ति में डूबकर भजन और कीर्तन किया। इस अवसर पर कांवड़ समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार की यात्रा में विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। कांवड़ यात्रा के दौरान क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बना कांवड़ यात्रा के दौरान क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बना रहा, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में एकता और भाईचारे की भावना बढ़ी है।

कांवड़ समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार की यात्रा में विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि कांवड़ियों के लिए खाने-पीने और रहने की व्यवस्था की गई है।

सिंगाही खीरी में विशाल तिरंगा कावड़ यात्रा जत्था रवाना हुआ, जो धार्मिक उल्लास और उत्साह के साथ गोला गोकर्णनाथ के लिए रवाना हुआ। इस यात्रा के दौरान क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बना रहा, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस यात्रा के माध्यम से क्षेत्र में एकता और भाईचारे की भावना बढ़ी है।

# 24 घंटे से बिजली गुल: मैगलगंज में किसानों ने टोल प्लाजा पर लगाया जाम



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी । औरंगाबाद उपकेंद्र के इछना फीडर पर लंबे समय से चल रही अघोषित बिजली कटौती और बीते 24 घंटे से अधिक समय से बिजली आपूर्ति ठप होने के चलते किसानों का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों और किसानों ने शुक्रवार को मैगलगंज टोल प्लाजा पर जाम लगाकर जोरदार धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया।

प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि खेतों की सिंचाई रुकने से फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान टोल प्लाजा पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात प्रभावित रहा। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाने में जुटी हुई है। वहीं, बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

## हरियाली तीज पर श्रीपाल इंटर कॉलेज में पोष्टर व मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

मैगलगंज खीरी। 26 जुलाई 2025 को श्रीपाल सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, चौखड़िया (मैगलगंज खीरी) में हरियाली तीज के पावन अवसर पर पोस्टर एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।विद्यालय की बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने रचनात्मक कौशल और पारंपरिक भावनाओं को अभिव्यक्त किया।पोस्टर में तीज के भावों को रंगों से सजाया। मेहंदी में परंपरा और कला की सुंदर झलक दिखाई दी। इस आयोजन का निर्देशन आचार्या प्रभा शर्मा व शिल्पी वर्मा द्वारा किया गया। प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मिश्रा, उप प्रधानाचार्य दुर्गेश पांडे सहित समस्त आचार्य परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। हरियाली तीज का उत्सव बना एक सुंदर याद!

## सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर डीएम एसपी ने कोतवाली सिधौली में सुनी शिकायतें

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कोतवाली सिधौली में जनसुनवाई की। उन्होंने शिकायतों एवं समस्याओं को सुनकर इनका त्वरित, न्यायोचित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। राजस्व विवादों के शांतिपूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण के निर्देश भी दिए। आपसी विवाद के तीन प्रकरणों में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दोनों पक्षों से वार्ता की तथा मौके पर ही सहमति कराते हुए मामले निस्तारित कराए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी आपसी विवाद के प्रकरणों में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराने का प्रयास करें। संवेदनशील प्रकरणों में नियमानुसार निरोधात्मक कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाये। सम्पूर्ण थाना समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा महिला सम्बन्धी अपराधों, भूमि विवाद, अवैध कब्जे आदि से सम्बन्धित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि थाना समाधान दिवस से संबंधित रजिस्टर में शिकायत के निस्तारण से सम्बन्धित संपूर्ण विवरण अवश्य दर्ज किया जाये तथा समस्त अभिलेख अद्यतन रखे जाएं। इस दौरान उपजिलाधिकारी सिधौली राखी वर्मा सहित



### त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। जनपद खीरी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक अहम सफलता मिली है। थाना शारदानगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी इमरान पुत्र इसरार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी इमरान ग्राम जटपुरवा डीह, थाना शारदानगर का निवासी है। उसके खिलाफ थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 200/2025 धारा 69/108 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज था। पीड़िता द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तारी में शारदानगर थाना की पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अंबेश्वर दत्त त्रिपाठी, कांस्टेबल सुनील यादव और कांस्टेबल विद्यासागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस तत्परता से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर जनता में विश्वास और अपराधियों में खौफ का माहौल बना है।

### जमीन पर लेटे हुये जच्चा-बच्चा की वायरल वीडियों का मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लिया संज्ञान

सीतापुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। जमीन पर लेटे हुये जच्चा-बच्चा की वायरल वीडियों दिनांक 22.07.2025 का संज्ञान लेते हुये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर द्वारा 02 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया। जांच कमेटी की संस्तुति एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर दोषी पायी गयी स्टाफ नर्सों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निलंबन की संस्तुति करते हुये दोषी कार्मिकों का स्थानान्तरण एवं वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश कर दिये गये है। साथ ही जनपद के समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश निर्गत कर दिये गये है कि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ती किसी भी दशा में न हो। जिससे की विभाग की छवि धूमिल न हो तथा आम जनमानस को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवायें शासन की मंशानुसार प्राप्त हो सकें।

### थाना मैलानी पुलिस द्वारा, एक नफर वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मैलानी के नेतृत्व में थाना मैलानी पुलिस द्वारा, थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 307/2025 धारा 87/137(2)/352/351(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त राजू पुत्र ब्रहमदेव निवासी ग्राम बरौछा थाना मैलानी जनपद खीरी को कुकरा से हजरतपुर जाने वाले मार्ग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

### थाना खीरी पुलिस ने तीन शातिर चोरों को नगदी सहित किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। जनपद खीरी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खीरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चोरी की दो घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने तीन शातिर अभियुक्तों को नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी सदर के मार्गदर्शन में, थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 0520/25 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 0454/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में हसीब अंसारी उर्फ असीर पुत्र स्व. अजीज अहमद अंसारी, निवासी मोहल्ला कटरा, थाना खीरी, जावेद उर्फ सोनू पुत्र मारूफ, निवासी मोहल्ला कटरा, थाना खीरी, जलीस उर्फ मुल्ला पुत्र निसार, निवासी मोहल्ला जोशीटोला, थाना खीरी शामिल हैं। तीनों आरोपियों के पास से ?1600 नगद बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी के बाद बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में वृद्धि करते हुए अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक साधना यादव, हेड कांस्टेबल यशपाल सिंह, कांस्टेबल जगदीश प्रसाद यादव और कांस्टेबल रजनीश सिंह थाना खीरी शामिल रहे। थाना खीरी पुलिस की इस मुस्तैद कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है, वहीं आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

### थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, हत्या का प्रयास करने वाले 05 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक खीरी, संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष हैदराबाद के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा, हत्या का प्रयास करने के अभियोग में वांछित 05 नफर अभियुक्तों 1.सिराजुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन 2.आजम खाँ पुत्र शफीक खाँ 3.परवेज पुत्र निजामुद्दीन 4.लुकमान पुत्र निजामुद्दीन 5.अयान खाँ पुत्र सिराजुद्दीन निवासीगण ग्राम गनेशपुर थाना हैदराबाद जिला खीरी को 01 डण्डा व दो सरिया (राड) लोहे की व एक स्टील की राड व एक तलवार लोहे की व एक तमंचा 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

### जेएनवीएसटी 2026 जागरूकता अभियान रिपोर्ट

सीतापुर कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता । सीतापुर जनपद के 10 ब्लॉकों में जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2026 हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। केंद्र स्तरीय पर्यवेक्षकों ने विभिन्न ब्लॉकों का भ्रमण कर प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को पंजीकरण प्रक्रिया, पात्रता तथा समय-सीमा की विस्तृत जानकारी दी। शिक्षकों को विद्यार्थियों को प्रेरित करने एवं समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक छात्रों को इस अवसर से लाभान्वित करना है। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

## धौरहरा में थाना समाधान दिवस तहसीलदार व थाना प्रभारी की मौजूदगी में शांतिपूर्वक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। स्थानीय कोतवाली परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार आदित्य विशाल और थाना प्रभारी की मौजूदगी में की गई। समाधान दिवस के दौरान क्षेत्र से आए फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं और त्वरित कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस बार सावन माह के चलते फरियादियों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। केवल कुछ ही शिकायतें सामने आईं, जो अधिकतर भूमि विवादों और पुलिस से जुड़ी समस्याओं से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों को सुनने के बाद तहसीलदार ने संबंधित राजस्व कर्मियों, जैसे लेखपालों, और पुलिस विभाग के हल्का प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे समयबद्ध तरीके से मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। समाधान दिवस के दौरान थाना परिसर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहा। फरियादियों को सुचारु रूप से सुनवाई का मौका मिला और अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। प्रशासन की तत्परता और जिम्मेदार अधिकारियों की उपस्थिति से लोगों में संतोष देखने को मिला। इस अवसर पर अन्य विभागीय अधिकारी, राजस्व व पुलिस कर्मी भी उपस्थित रहे।

## प्राचीन सतीमठ और शीतला देवी मंदिर भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

खैराबाद, सीतापुर । ग्राम सभा जमैयतपुर, परगना खैराबाद में स्थित हजारों वर्ष पुराने सतीमठ, शीतला देवी मंदिर और अंत्येष्टि स्थल की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद क्षेत्रीय जनता में भारी रोष है। धार्मिक आस्था से जुड़े इस स्थल पर कथित रूप से निजी व्यक्तियों द्वारा जबरन कब्जा कर खेती कराने और समाधियों को नष्ट किए जाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अपील की है कि इस प्रकरण को गम्भीरता से लेते हुए मौके की जांच कर अवैध कब्जा हटवाया जाए और जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रमेश पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद निवासी करबला पुरवा खैराबाद और रामदयाल अवस्थी निवासी सिविल लाइन सीतापुर द्वारा गाटा संख्या 344 पर अवैध कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि 15 जुलाई 2025 की रात उक्त भूमि पर ट्रैक्टर द्वारा जुताई कराकर धार्मिक परिसर की स्थिति को नुकसान पहुँचाया गया। इस भूमि पर प्राचीन सतीमठ, शीतला देवी मंदिर, और दाह संस्कार स्थल स्थित हैं, जहां वर्षों से खैराबाद व आसपास के क्षेत्रों के लोगों द्वारा अंतिम संस्कार, नाबालिग-अविवाहितों का दफन, तेल पूजन, मुंडन एवं अन्य धार्मिक कर्मकांड संपन्न होते रहे हैं। स्थानीय निवासी इसे मुगल कालीन धरोहर बताते हैं। प्रार्थियों द्वारा पूर्व में भी 2015 और 2019 में जिलाधिकारी सीतापुर को रजिस्टर्ड डाक द्वारा शिकायत भेजी गई थी, परंतु कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई। हाल ही में फिर से यह मामला तब गंभीर हो गया जब कब्जाधारियों ने कथित रूप से मठ के चारों ओर गहरी खाई खुदवा दी, जिससे उसकी दीवारों को गिराने की आशंका जताई जा रही है। इतना ही नहीं, समाधियों और शमशान स्थल को भी समतल कर दिया गया है, जिससे अंतिम संस्कार कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि लेखपाल और कानूनगो की मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी कार्रवाई संभव नहीं है। ग्रामीणों ने पुराने राजस्व अभिलेखों से जांच कर भूमि का असल स्वरूप सामने लाने की मांग की है।

### आरओ-एआरओ परीक्षा के लिए चाक-चौबंद इंतजाम, डीएम-एसपी ने लिया जायजा

लखीमपुर खीरी । जनपद में रविवार को आयोजित होने जा रही समीक्षा अधिकारी (आरओ) व सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) भर्ती परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा संचालित यह परीक्षा जिले के 36 परीक्षा केंद्रों पर एक ही पाली में सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक संपन्न होगी। इस परीक्षा में कुल 14,880 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। शनिवार शाम को परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह एवं डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र के साथ मिलकर कई प्रमुख परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजकीय इंटर कॉलेज, गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज, डॉन बॉस्को स्कूल सहित अन्य केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों की पेयजल व्यवस्था, शौचालय, सीसीटीवी निगरानी, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया।

**अमृत सरोवर निर्माण में लापरवाही**

# पहली बारिश में ही क्षतिग्रस्त हुई फिरोजपुर तालाब किनारे की सड़क

कैनविज टाइम्स टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फिरोजपुर में हाल ही में पूर्ण हुआ अमृत सरोवर का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन साबित हो रहा है। पहली ही बारिश में तालाब किनारे बनी इंटरलॉकिंग सड़क बुरी तरह से कई जगह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत लाखो रुपये की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया था, लेकिन निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की गई। यही कारण है कि हल्की सी बारिश में ही सड़क टूट कर बिखर गई और किनारों से मिट्टी बहकर तालाब में समा गई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी की मिलीभगत से निर्माण कार्य में जमकर लापरवाही बरती गई, जिसकी वजह से यह स्थिति उत्पन्न हुई। यदि समय रहते गुड़वत्ता पूर्ण इसका कार्य कराया गया होता तो शायद आज यह न होता। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए । मनरेगा योजना गरीबो की रक्षक या प्रधान सचिव व रोजगार सेवक की कमाई का जरिया विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत फिरोजपुर में मनरेगा योजना के अंतर्गत हो रहे कार्यों में भारी अनियमितताएं सामने आ रही हैं। एक ओर जहां कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर फर्जी हाजिरी का खेल भी खुलेआम चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मनरेगा कार्यस्थलों पर जिन महिलाओं के नाम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है, वे हकीकत में मौके पर मौजूद ही नहीं होतीं। पोर्टल पर अपलोड की गई कार्यस्थल की तस्वीरों में भी महिलाएं दिखाई नहीं देतीं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि फर्जी तरीके से हाजिरी लगाकर मजदूरी का भुगतान किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कुछ लाभार्थियों के नाम पर बिना काम किए ही भुगतान हो रहा है, जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का सही लाभ नहीं मिल पा रहा। लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में योजना की आड़ में सचिव, रोजगार सेवक व अन्य जिम्मेदारों की मिलीभगत से सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।गौरतलब है कि मनरेगा का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना है, लेकिन यदि इस तरह भ्रष्टाचार हावी रहेगा तो योजना अपने उद्देश्य से भटक जाएगी।



**लाखो खर्च कर कराया गया निर्माण फिर भी गुडवत्ता विहीन कार्य**

**पहली बारिश में तालाब किनारे बनी इंटरलॉकिंग हुई छतिग्रस्त**

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध जब खण्ड विकास अधिकारी मछरेहटा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तालाब का प्रकरण संज्ञान में है, लेटर जारी कर दिया गया है, जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# आरओ-एआरओ परीक्षा की तैयारियां पूर्ण डीएम-एसएसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**जिलाधिकारी अवनीश राय और एसएसपी बृजेश कुमार सिंह के साथ परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय, सिग्नल मिशन गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रां का हुआ निरीक्षण**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय, एसएसपी डॉ बृजेश कुमार सिंह ने शनिवार को 27 जुलाई को 26 परीक्षा केंद्रों पर होने वाली समीक्षा व सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) परीक्षा 2023 के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्रां का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश केंद्र व्यवस्थापकों को दिए। उन्होंने परीक्षा केंद्रां पर लगाए गए सीसीटीवी से की जा रही मॉनिटरिंग को भी चेक किया। उन्होंने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा परीक्षा के दौरान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहेगा। जिलाधिकारी अवनीश राय ने एसएसपी बृजेश कुमार सिंह के साथ परीक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय, सिग्नल मिशन गर्ल्स इंटरमीडिएट कॉलेज सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रां का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सीसीटीवी कैमरा के इंस्टॉलेशन को चेक कर की जा रही मॉनिटरिंग को स्क्रीन पर देखा। उन्होंने विभिन्न परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया तथा केंद्र अवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने कहा की समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा को सभी केंद्र अवस्थापक, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निष्पक्ष, पारदर्शी व सुचिता पूर्ण ढंग से संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 27 जुलाई को परीक्षा के लिए जनपद में 26 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें कुल 10824 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा एक ही पाली में पूर्वाह्न 9:30 से अपराह्न 12:30 तक होगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल ले जाने की अनुमति केवल सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापक को ही होगी, अन्य कोई किसी को भी मोबाइल ले जाना व उसका उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक अभ्यर्थी अपने-अपने परीक्षा केंद्र पर परीक्षा समय से डेढ़ घंटे पूर्व में जाने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, कॉपियां पुस्तक, नोट्स, पॉलिथीन बैग, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पत्रिकाएं, खाद्य सामग्री, गुटका कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, ब्रीफकेस, कैमरा आदि ले जाने की अनुमति नहीं होगी। डीएम ने बताया कि परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर आने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उनके प्रवेश पत्र पर ही रूट डायवर्जन के दौरान उन्हें अपने दो पहिया व चार पहिया वाहनों के साथ आने दिया जाए। इस अवसर पर एसएसपी बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## आर.ओ., ए.आर.ओ. परीक्षा 2023 के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों का किया गया निरीक्षण

रायबरेली। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 के सुचिता पूर्ण, सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा परीक्षा केन्द्र फिरोजगांधी पालिटेक्निक रतापर व न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल त्रिपुला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा केंद्रो के परिसर में बने कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी सीसीटीवी कैमरे कार्यशील अवस्था में पाए गए। जनपद के 28 परीक्षा केंद्रों पर कल दिनांक 27/07/25 दिन रविवार के एक सत्र में पूर्वान्ह 09.30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 12000 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट्स एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट्स को निर्देशित किया गया कि परीक्षा की सभी व्यवस्थाएं आयोग व शासन के निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित की जाएं। सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरों की सक्रिय निगरानी व्यवस्था और रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाए।

## पत्रकारों की बैठक में लिये महत्वपूर्ण निर्णय

चंदौसी संभल। पत्रकार अनुरुद्ध शंखधार के आवास पर पत्रकारों की बैठक हुई बैठक में सरकार से मांग की गई की मीडिया को संवैधानिक रूप से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ घोषित किया जाये पत्रकारों की सुरक्षा के लिए कानून वनाया जाये मांगों को लेकर प्रधानमंत्री , प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा बैठक में नवल किशोर गुप्ता, अनुरुद्ध शंखधार, आलोक कुमार शर्मा, मनोज कुमार शर्मा,सौरभ वार्ष्णेय,, मनीष शर्मा,पंच गोपाल गुप्ता,चेतन मिश्रा सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

## किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

मुरादाबाद । उप कृषि निदेशक श्री संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत खरीफ-2025 में फसल बीमा कराने की अन्तिम तिथि 31 जुलाई 2025 निर्धारित है। विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 में धान फसल में बेमौसम हुई वर्षा से जिन बीमित किसानों की फसल बर्बाद हो गयी थी, उन 433 बीमित कृषकों को इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड नामक फसल बीमा कम्पनी के द्वारा लाभान्वित किया गया था और जो किसान अपनी फसल का बीमा नहीं करवाये थे, उनको फसल बीमा का लाभ नही मिल पाया। उन्होंने बताया कि सभी किसान भाई खरीफ सत्र में आच्छादित धान, बाजरा, उर्द की फसल का बीमा अवश्य कराएं। फसल बीमा करवाने से ग्राम पंचायत स्तर पर असफल बुवाई की स्थिति में फसल की अवधि में प्राकृतिक आपदा से नुकसान की स्थिति में फसल कटाई के आधार पर प्राप्त वास्तविक उपज में गारन्टीड/थ्रेशहोल्ड उपज की तुलना में कमी होने की स्थिति में तथा व्यक्तिगत आधार पर स्थानीय आपदा, ओलावृष्टि, जलभराव (धान को छोड़कर), भूस्खलन, बादल फटना, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग के कारण क्षति की स्थिति एवं फसल कटाई उपरान्त आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाई हेतु रखी गयी फसल को ओलावृष्टि, चक्रवातीय वर्षा/बेमौसम बारिश से क्षति फसल बीमा से आच्छादित है। जनपद में फसल बीमा हेतु इफको-टोकिया जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को नामित किया गया है, जिसका टोल फ्री नं.-14447 है। फसल में इन विभिन्न कारणों से हुई क्षति की सूचना किसानों के द्वारा 72 घंटे के अन्दर टोल फ्री नं0-14447 पर अथवा जिला कृषि अधिकारी कार्यालय/उप कृषि निदेशक कार्यालय या संबंधित बैंक शाखा में या क्रॉप इंश्योरेंस एप पर देनी होगी। उप कृषि निदेशक ने कृषकों (ऋणी एवं गैर ऋणी) से अपील की है कि धान, बाजरा, उर्द फसलों का खरीफ 2025 हेतु फसल बीमा बीमित धनराशि की 2 प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करके 31 जुलाई 2025 से पूर्व करवा लें, जिससे फसल में होने वाली क्षति की पूर्ति हो सकें। कृषक संबंधित बैंक शाखा, जन सेवा केन्द्र (सीएससी) अथवा भारत सरकार के निर्धारित पोर्टल www.pmfby.gov.in पर जाकर फसल बीमा करवा सकते हैं।

## 29 जुलाई को मोबाइल कार्ट के माध्यम से होगा दिव्यांगजनों की समस्याओं का निस्तारण

बदायूँ । मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन उत्तर प्रदेश द्वारा दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की मूल भावना के अनुसार सुदूरवर्ती पिछड़े क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों के दिव्यांगजन, जोकि सरकार द्वारा उनके अधिकार एवं सुविधाओं हेतु चलाई जा रही योजनाओं व परियोजनाओं से जागरूक नहीं हैं, के मध्य जागरूकता बढ़ाने एवं प्रभावी भागीदारी दिलाए जाने व उनकी समस्याओं के त्वरित रूप से स्थानीय स्तर पर निस्तारित कराए जाने के उद्देश्य से जनपद बदायूँ में 29 जुलाई 2025 को मोबाइल कोर्ट का आयोजन राजकीय महाविद्यालय आवास विकास कॉलोनी में प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने राजस्व विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण विकास अभिकरण, परिवहन विभाग, चिकित्सा एवं स्वस्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पुलिस प्रशासन, रेलवे विभाग, पंचायती राज, श्रम विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र, परियोजना अधिकारी डूडा, लीड बैंक अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रथमा यू0पी0 ग्रामीण बैंक के वरिष्ठतम अधिकारी को मोबाइल कोर्ट के निर्धारित स्थल व समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

## 27 जुलाई को आरओ-एआरओ परीक्षा के अभ्यर्थियों को रूट डायवर्जन से नहीं होगी परेशानी

बदायूँ । अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरूण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी की लिखित परीक्षा 27 जुलाई 2025 को जनपद के 26 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होगी, जिसमें से 02 परीक्षा केन्द्र उझानी तथा शेष परीक्षा केन्द्र बदायूँ के समीपवर्ती कालेज व विद्यालयों में है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्रां तक आने में कांवड यात्रा के कारण रूट डायवर्जन के कारण असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक नगर को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों के समय से परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचने हेतु रूट डायवर्जन हेतु लगाये गये बैरियर पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिखाने पर उनके दो पहिया व चार पहिया वाहनों को परीक्षा केन्द्रों पर पहुँचने हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारियों को निर्देशित किए जाने हेतु पुलिस अधीक्षक नगर को पत्र प्रेषित करते हुए बेरियरों पर तैनात पुलिस अधिकारियों को अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश पत्र दिखाने पर उनके दो पहिया व चार पहिया वाहनों को परीक्षा केन्द्रों पर जाने की अनुमति प्रदान करने के लिए कहा है। प्रवेश-पत्र को ही वाहन पास समझा जाये। अभ्यर्थियों को अनावश्यक न रोका जाये।

## 8 अगस्त तक विषय विशेषज्ञ मुख्यमंत्री अभ्युदय में करें आवेदन

बदायूँ । जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ में छात्र व छात्राओं को यूपीएससी, यूपीपीसीएस एवं नीट की प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराये जाने हेतु शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षायें संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित कोर्स व विषयों के अनुसार सिविल सेवा यूपीएससी व पीसीएस की तैयारियों के लिए अध्यापन हेतु समाज, अंतर्राष्ट्रीय सम्बंध, भारतीय अर्थव्यवस्था, विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी, पर्यावरण, नीति शास्त्र, सी-सैट, करेंट अफ़ेयर्स विषय विशेषज्ञों तथा नीट व जेईई हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व जन्तु विज्ञान के अध्यापन हेतु इच्छुक विषय विशेषज्ञ अपना आवेदन पत्र 26 जुलाई से 08 अगस्त 2025 तक समाज कल्याण विभाग, विकास भवन, बदायूँ में स्वयं अथवा रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। सम्बंधित जानकारी हेतु नंद किशोर कोर्स को-आर्डिनेटर मो0 न0 9455390929 से सम्पर्क कर सकते है।

## छत से गिरने से युवक का दर्दनाक मौत

बदायूं। तेज बारिश व हवा के झोंके के चलते छत पर सो रहे युवक की गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस्लामनगर थाना क्षेत्र गांव गढ़ी खानपुर निवासी पान सिंह पुत्र लखपती सिंह (38) हर दिन की तरह अपने मकान की छत पर सो रहे थे। शुक्रवार को अचानक आई तेज बारिश व हवा के चलते पान सिंह हड़बड़ाकर उठे और नीचे जाने लगे।इसी दौरान पैर फिसलने से जमीन पर आ गिरे जिससे पान सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जैसे परिजनों ने कुछ नीचे गिरने की आवाज सुनी तो मौके पर जाकर देखा तो पान सिंह की मौत हो चुकी थी।

# मेहंदी से कला उकेरना भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा-प्राचार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अनूपशहर। डीपीबीएस कॉलेज में पारंपरिक सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजत की।डीपीबीएस कॉलेज में गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित मेंहदी प्रतियोगिता के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. जीके सिंह ने कहा कि महिलाओं द्वारा हाथों पर मेहंदी से कला उकेरना भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा है, जो महिलाओं के सौंदर्य, शुभता और रचनात्मकता का प्रतीक है। प्रतियोगिता छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। डॉ. मोहिनी गुप्ता ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति के महत्वपूर्ण पहलू को प्रोत्साहित करने के साथ साथ विद्यार्थियों में कौशल का विकास करना है। प्रो. चंद्रावती ने कहा कि मेहंदी कई समृद्ध भावनाओं और मान्यताओं के साथ औषधीय जड़ी बूटियों के ज्ञान को एक साथ लाते हुए समृद्ध भारतीय संस्कृति को दर्शाती है। प्रतियोगिता में करुणा भारद्वाज प्रथम, सीमा कुमारी द्वितीय, माही चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डा. मोहनी, सृष्टि शर्मा, डा. सुधा उपाध्याय, डा. जागृति सिंह, कामिनी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति द्वारा आयोजित हुआ तीज महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति (रजि.)उ.प्र. द्वारा प्राकृतिक चिकित्सालय कैथल गेट पर हरियाली तीज का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सामाजिक कार्य में अग्रणी वार्ष्णेय महिला उत्थान समिति सामाजिक ,धार्मिक कार्यों के साथ-साथ मनोरंजन कार्यों में भी हमेशा बढ़कर भाग लेती है। महिलाओं का यह त्यौहार माता पार्वती की पूजा का त्योहार भगवान शिव की पूजा का यह सावन महीना बड़ा मनभावन और रिमझिम फुहार का महीना है। इस सावन के महीने में स्त्रियां अपना प्रिय त्यौहार तीज को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाती है। उत्थान समिति ने भी तेज उत्सव पर महिलाओं के डांस, हाउजी,गेम ,गेम की दुकान और तीज क्वीन का सलेक्शन, सभी कुछ मनोरंजन कार्यक्रम समिति के सदस्य द्वारा रखे हैं। तीज क्वीन सलेक्शन सरप्राइज रूप में किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदेश अध्यक्ष वीनेश वार्ष्णेय, प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ सोनल वार्ष्णेय उपाध्यक्ष रीना चौधरी मोनिका टनाटन पूजा वार्ष्णेय अनुराधा बी ना गीत सीमा खुशी गुंजन प्रियंका सविता मधुपमा सुधा लता महिमा मोनिका पूनम रागिनी रितु श्रुति रचना वर्षा तृप्ति अदिति एकता पारुल पायल और समस्त उत्थान समिति का पूर्ण सहयोग रहा । कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट प्रीतिभोज के साथ किया गया ।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश महासचिव प्रतिभा चौधरी ने किया।

# पुलिस अधीक्षक एवं अपर जिलाधिकारी ने बनियाठेर में सुनी फरियादियों की शिकायतें

**समाधान दिवस में आये शिकायतों का अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण का दिया निर्देश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चन्दौसी । थाना बनिया ठेर पर जिले के अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।थाना समाधान दिवस के मुख्य बिंदुफरियादियों की समस्याएं फरियादियों ने अपनी समस्याएं बताईं, जिनमें भूमि विवाद, परिवारिक विवाद और अन्य मुद्दे शामिल रहे।समाधान के प्रयास अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया और आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी चन्दौसी अनुज कुमार और राजस्व विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।थाना समाधान दिवस का उद्देश्यः समस्याओं का समाधान, थाना समाधान दिवस का उद्देश्य फरियादियों की समस्याओं का समाधान करना और उन्हें न्याय प्रदान करना है। पुलिस और जनता के बीच संवाद यह आयोजन पुलिस और जनता के बीच संवाद को बढ़ावा देने और समस्याओं को समझने का एक अवसर प्रदान करता है।आगे की कार्रवाईनियमित आयोजन थाना समाधान दिवस का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा ताकि फरियादियों की समस्याओं का समाधान समय पर हो सके। समाधान की निगरानी अधिकारियों द्वारा समस्याओं के समाधान की निगरानी की जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चन्दौसी में युवक पर जानलेवा हमलाः पुलिस कार्रवाई पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। चन्दौसी में एक युवक पर हुए जानलेवा हमले ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। गणेश कॉलोनी निवासी आकाश शर्मा और उनके दोस्त उज्ज्वल पर बीते 11 जुलाई को दो बार जानलेवा हमला हुआ, जिसमें आकाश गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी एक आँख में भी चोट आई है। चौंकाने वाली बात यह है कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने अभी तक मुख्य आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत नहीं किया है, बल्कि एक हमलावर को केवल शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया।

### क्या है पूरा मामला

शिकायत के अनुसार, 11 जुलाई की शाम करीब 7 बजे आकाश शर्मा साईं मंदिर के पास अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवा रहे थे। तभी शराब के नशे में धुत दो अज्ञात लड़कों ने उन्हें पीछे से थप्पड़ मार दिया। जब आकाश ने विरोध किया, तो उन्होंने गाली-गलौज करते हुए लात-घूँसों से आकाश को बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। इसी दौरान आकाश को उनमें से एक हमलावर का नाम इरशाद पता चला।इसी दिन रात लगभग 9 बजे, आकाश और उज्ज्वल अपने दोस्त प्रशांत के घर से लौट रहे थे। तभी इरशाद, अपने साथियों अर्जुन, बबलू (निवासी काली मढ़िया, चन्दौसी) और सनी (निवासी साईं मंदिर, चंदौली) के साथ मिलकर रास्ता रोककर उन पर जानलेवा हमला बोल दिया। उन्होंने डंडों और बेल्ट से ''जान से मारने की नियत से'' आकाश और उज्ज्वल पर वार किए। इस भीषण हमले में आकाश को गंभीर चोटें आईं और उनकी एक आँख भी खुल गई। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

### पुलिस की ढुलमुल कार्रवाई

पीड़ित आकाश शर्मा पुत्र कमल कांत शर्मा ने संभल कोतवाली चन्दौसी में एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने पूरी घटना का विस्तृत ब्यौरा दिया है और हमलावरों के नाम भी बताए हैं। हालांकि, पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर अभी तक जानलेवा हमले का अभियोग पंजीकृत नहीं किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने केवल एक युवक को हिरासत में लेकर शांति भंग के आरोप में चालान कर दिया है।इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर जानलेवा हमले जैसे गंभीर अपराध में नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई? क्या पुलिस बड़े हमले का इंतजार कर रही है, या किसी तरह का दबाव काम कर रहा है? पीड़ित और उनके परिजन अब न्याय की गुहार लगा रहे हैं और पुलिस से निष्पक्ष तथा त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# जायन्टस ग्रुप चंदौसी वेस्ट ने मनाया तीज उत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मुरादाबाद। जायन्टस ग्रुप चंदौसी वेस्ट द्वारा रामबाग रोड स्थित बिहारीलाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में तीज उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया. यह कार्यक्रम ना केवल एक धार्मिक उत्सव रहा बल्कि समाज सेवा एवं जनजागरुकता का भी एक प्रेरणादायक उदाहरण बना.तीज उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया ततपश्चात जायन्टस प्रार्थना हुई. सभी सदस्यों का स्वागत रोली,चावल,बिंदी लगाकर एवं हाथ में घड़ी पहनाकर किया गया एवं पधारो स्मृति चिन्ह भेंट किया. ग्रुप की महिला सदस्यों द्वारा हरियाली तीज एवं सावन के गीतों पर नृत्य कर सभी का मनमोह लिया.कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने ग्रुप गेम,तंबोला,वन मिनट,फोटो पहचानों,बनाना छुपम छुपाई गेम,सरप्राइज फनी प्रश्नोत्तर गेम का लुफ्त उठाया.विजेताओं को सुन्दर एवं आकर्षक उपहार सप्रेम भेंट किये.शशि गुप्ता द्वारा सभी सदस्यों को मेहंदी कोन,सिंदूर,बिंदी,रुमाल और क्लेचर सप्रेम भेंट दिये गये. सभी महिलाओं ने फूलों से सजे आकर्षक झूले पर झूलते हुए सावन के गीत गाए एवं फोटो खींचे. *मनीषा गुप्ता तीज क्वीन*,स्वाति अग्रवाल फर्स्ट रनर अप,आरती अग्रवाल सेकेंड रनर अप (सास केटेगरी) एवं *प्राची चौधरी तीज क्वीन*, मानसी वार्ष्णेय फर्स्ट रनर अप ,शुभांगी सेकेंड रनर अप ( बहु केटेगरी) को ताज एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया ,विजेताओं को सभी सदस्यों ने बधाई दी . विनेश वार्ष्णेय ने सभी को तीज उत्सव की बधाई देते हुये कहा कि तीज-उत्सव त्यौहार होने के साथ-साथ परस्पर प्रेम और खुशियों का त्यौहार है. सीमा वार्ष्णेय ने कहा कि तीज का त्यौहार महिलाओं के जीवन में खुशियां एवं सौहार्द लाता है.जया दीक्षित ने कहा कि तीज का त्यौहार प्रेम के धागों से बने रिश्तों का प्रतीक है. तीज उत्सव कार्यक्रम का कुशल संचालन तीज कमेटी चेयरमैन विनेश वार्ष्णेय एवं सदस्य रितु गोयल ,डॉ मोनिका ने संयुक्त रूप से किया एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी विवेक कुमार ने की .कार्यक्रम को सफल बनाने में भुवनेश वार्ष्णेय एवं सीमा चौधरी का विशेष सहयोग रहा. कार्यक्रम में सरिता अग्रवाल,नीरा एरन,जया दीक्षित, रागिनी अग्रवाल,संगीता भार्गव,योजना गुप्ता, नीरू वार्ष्णेय,प्रतिभा जिंदल,डॉ सुमन अग्रवाल,कविता बच्चन,नेहा बंसल,नीलम राय,रानू वार्ष्णेय,अनुभा गुप्ता,संगीता गुप्ता, रेखा गुप्ता,साधना अग्रवाल ,अंशु नागर,अंजू वार्ष्णेय,नूतन चौधरी, प्रिया गुप्ता आदि उपस्थित रहीं.

## थाना दिवस पर चंदापुर में डीएम-एसपी ने सुनी लोगों की शिकायतें

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने चंदापुर में थाना दिवस के अवसर पर लोगों की फरियाद सुनीं। उनके सामने भूमि पर अवैध कब्जे, मारपीट, ग्रामीण चक मार्ग, आपसी रंजिश, महिला उत्पीड़न आदि से संबंधित शिकायतें आयीं। उन्होंने संबंधित को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जाए। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। जिससे कि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने थाना दिवस रजिस्टर और भूमि विवाद रजिस्टर को भी देखा। कहा कि रजिस्टर में दर्ज विवादो को जल्द से जल्द निस्तारित कराया जाए।

# पर्यटन मंत्री ने किया योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को कुल 12 करोड़ 56 लाख 37 हजार रूपये लागत की संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा स्वीकृत वातानुकूलित ऑडिटोरियम (क्षमता 500 व्यक्ति) एवं वातानुकूलित वृहद लाइब्रेरी का शिलान्यास सहित विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास बटन दबाकर किया। कार्यक्रम दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। पर्यटन मंत्री व जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। दातागंज विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि सरकार धार्मिक आस्था के केद्रां, पौराणिक स्थलों को संरक्षित व विकसित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विधानसभा में मंदिरों के जीर्णोद्धार व पर्यटन विकास का कार्य लगातार कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महाकुंभ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें करीब 66.3 करोड़ लोगों ने आस्था व पुण्य की डुबकी लगाई। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में कानून का राज स्थापित है, वर्तमान सरकार के कार्यकाल में महिलाएं व आमजन सभी सुरक्षित हैं। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि वर्ष 2017 से कानून और शांति व्यवस्था की स्थिति में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। महिलाएं, आमजन, व्यापारी, उद्यमी एवं युवा आदि सभी सुरक्षा के माहौल में प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि परिवर्तन की बयार है जिसका आमजन ने भी प्रत्यक्ष अनुभव किया है। विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि दातागंज विधायक ने पूरे दातागंज क्षेत्र को चमकाने के कार्य किया। ग्रामों व मजरो में पक्की सड़के बनवाई। गंगा एक्सप्रेसवे में दातागंज क्षेत्र में इंटरचेंज बनवाने का कार्य किया। महिला पीएसी बटालियन का कार्य कराया जा रहा है। केंद्रीय विज्ञान केंद्र बनवाया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में अपराध कुटीर उद्योग की तरह पनप रहा था, वर्तमान में कानून व्यवस्था का राज स्थापित है।दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने उपस्थित सभी आगंतुकों व पर्यटन मंत्री का आभार किया। उन्होंने कहा कि वातानुकूलित ऑडिटोरियम व लाइब्रेरी बन जाने से आमजन को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि अब दातागंज क्षेत्र में विभिन्न बड़े आयोजनों को ऑडिटोरियम में कराया जा सकेगा तथा वातानुकूलित लाइब्रेरी बन जाने से युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि दातागंज का युवा देश व प्रदेश में अपना नाम ऊंचा करें इसके लिए वह कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में सुरक्षात्मक कार्य कराए गए हैं तथा पूर्व में बाढ़ग्रस्त क्षेत्र रहे ग्रामों में भी राहत पहुंचाई गई है। उन्होंने कहा कि दातागंज विधानसभा व बदायूं जनपद ऐसे ही प्रगति पथ पर आगे बढ़ता रहेगा।

# राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ता कांवड़ यात्रा को लेकर पहुंचे मुख्यमंत्री आवास

**छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं को पुलिसिया बर्बरता का करना पड़ा सामना**

**मुख्यमंत्री हमारे लिए भगवान है लेकिन हमें भगवान से मिलने के लिए मिली सजा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ छात्र कांवड़ यात्रा लेकर शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री आवास पहुंचे छात्र पंचायत के कार्य कर्ताओं को पुलिसिया बर्बरता का सामना कर ना पड़ा है,मुख्यमंत्री से मिलकर उनका जला भिषेक करने की मांग पर अड़े छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय व उनके सहयोगि यों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और उन्हे जबरन बसों में भरकर लेकर चली गयी।इस का र्रवाई पर शिवम पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे लिए भगवान हैं,लेकिन हमें अपने भगवा न से मिलने की सजा मिली है।बढ़ती स्कूल फी स और निजी विद्यालयों की मनमानी के विरोध में राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं की तर फ से गोंडा से लखनऊ तक निकाली गई 120 किलोमीटर लंबी 'छात्र कांवड़ यात्रा शनिवार को तीसरे दिन जब मुख्यमंत्री आवास पहुंची, तो वहां छात्रों की मुलाकात की मांग पर पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय छात्र पंचायत के प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को जबरन गिरफ्तार कर लिया।इस दौरान राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बेहद भावुक होते हुए कहा कि हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भगवान मानते हैं।इसलिए गोंडा से पैदल चल कर लखनऊ आए हैं,ताकि उनसे मिलकर फीस नियंत्रण कानून की मांग कर सकें।हमारे पैरों में छाले पड़ चुके हैं।हम सब बेहद थक चुके थे, ले किन उम्मीदों से भरे थे।पर जब हम मुख्यमंत्री आवास पहुंचे,तो हमें मिलने की इजाज़त देने के बजाय हमारी उंगली तक तोड़ दी गई,गर्दन दबाई गई और पुलिस की जीप में भरकर हमें ले जाया गया।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम ने कहा कि पूरे प्रदेश में कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए जा रहे हैं, लेकिन जब हम छात्र कांवड़ लेकर शिक्षा के हक़ की बात करने पहुंचे, तो हमारे साथ ऐसा सलूक हुआ जैसे हम कोई अपराधी हों।उन्होने सवाल किया कि क्या मैं कोई आतंकवादी हूँ..? क्या मैंएके -47 लेकर आया हूँ.....? मैं तो सिर्फ जल लेकर आया हूँ।अपने मुख्यमंत्री भगवान को चढ़ाने के लिए हमारी एक ही मांग है- मानसून सत्र में सरकार ऐसा कानून लाए जो निजी स्कूलों की गुंडागर्दी और मनमानी फीस पर रोक लगाए जाए।शिवम ने कहा कि छात्र पंचा यत ने 30 अप्रैल को विधानसभा घेराव किया। तब दस दिन का आश्वासन मिला था लेकिन कुछ नहीं हुआ।अफसर हमारे ज्ञापन लेकर समोसे के नीचे दबा देते हैं। हम 75 जिलों का दौरा कर चुके हैं।हर जगह बस यही कहा कि शिक्षा को व्यापार बनने से रोको।अब मेरी अंति म इच्छा है कि मुख्यमंत्री जी से मिलूं,उनके चर ण छूकर अपनी मांग रखूं।शिवम ने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि अगर आप यह वीडियो देख रहे हैं तो मैं हाथ जोड़कर प्रार्थना करता हूँ कि मुझे सिर्फ एक बार आपसे मिलने दीजिए।शिवम पांडेय ने कहा कि, ''यह दुनिया की पहली ऐसी कांवड़ यात्रा है जिसमें कांव ड़ियों को लाठियों से पीटा जा रहा है।बाकी सब जगह कांवड़ियों पर फूल बरसाए जाते हैं, लेकि न यहां हमें जेल भेजा जा रहा है।हम मांग करते हैं कि इस मानसून सत्र में फीस नियंत्रण कानून लाया जाए।स्कूल ड्रेस,बस फीस और एडमिशन फीस के नाम पर हर साल जो शोषण होता है, उस पर रोक लगे।इस मौके पर राज्य संयोजक राजेश मौर्य ने कहा कि पूरे प्रदेश में निजी विद्या लयों द्वारा खुलेआम लूट मचाई जा रही है।हम इसी लूट के विरोध में लखनऊ आए थे, लेकिन प्रशासन ने हमसे बर्बरता की।हम लोग इको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे और तब तक नहीं हटेंगे,जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होतीं।वरिष्ठ अधिवक्ता अमन बहादुर सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर कहा,यह लोकतंत्र की हत्या है।यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब छात्र जल चढ़ाकर शांतिपूर्ण रूप से अपनी बात कहना चाह रहे हैं, तो उन्हें रोक दिया गया।हम अधिव क्ता राष्ट्रीय छात्र पंचायत के साथ खड़े हैं और अंतिम लड़ाई तक साथ देंगे।इस अवसर पर अभिषेक मिश्रा,सतीश कुमार मिश्रा,हिमांशु तिवारी, प्रिंस गुप्ता,विवेक यादव, दीनानाथ वर्मा समेत कई छात्र और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तबीयत बिगड़ने सें थानाध्यक्ष के चालक की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाहराइचा। जरवल रोड थानाध्यक्ष के आरक्षी चालक के रूप मे तैनात अब्दुल कलाम की दोपहर मे तबियत बिगड़ने सें अस्पताल ले जाते समय मौत हो गयी। जरवल बहराइचजरवल रोड थानाध्यक्ष के ड्राइवर की शनिवार दोपहर तबीयत अचानक खराब हो गई। मुंह और नाक से खून निकलने लगा। गंभीर हालत में उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई।देवरिया जिले के ग्राम बलिया थाना मईल निवासी अब्दुल कलाम (45) पुत्र मोहम्मद हनीफ उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी/चालक पद पर तैनात है।नवंबर 24 में जरवल रोड थाने में उनकी तैनाती थानाध्यक्ष के चालक के रूप में हुई थी। शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे अचानक उनके मुख और नाक से खून निकलने लगा और वह बेहोश हो गए। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने तत्काल पुलिस कर्मियों की मदद से उन्हें तुरन्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में भर्ती कराया।

# कजरी तीज से पहले डीएम ने कावड़ मार्ग की साफ सफाई एवं मरम्मत के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। कजरी तीज के पावन पर्व को लेकर जि ले में व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं।इस क्रम में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने एक महत्त्व पूर्ण पहल करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए साफ-सफाई एवं मार्ग मरम्मत संबंधी निर्देश जारी किए हैं।जिलाधिकारी कार्यालय से निर्गत पत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग प्रखण्ड लखनऊ एवं अयोध्या के अधि शासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले मार्गों - विशेषकर जरवल रोड से गोण्डा नगर और अयोध्या-गोंडा मार्ग पर मीडियम एवं सड़ कों के दोनों ओर की झाड़ियों की तत्काल सफा ई कराएं जाने का निर्देश विशेष रूप से कांवड़ यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुवि धा और दुर्घटनाओं से बचाव के उद्देश्य से दिया गया है।जिलाधिकारी ने बताया कि कजरी ती ज के अवसर पर सरयू घाट,करनैलगंज से हजा रों की संख्या में श्रद्धालु जल भरकर पृथ्वीनाथ मंदिर,दुखहरणनाथ मंदिर सहित अन्य शिवा लयों की ओर कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं। ऐसे में साफ-सुथरे, सुगम और सुरक्षित रास्ते उनकी मूलभूत आवश्यकता है।इसके अतिरिक्त उन्हों ने लोक निर्माण विभाग,जिला पंचायत राज अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारियों,नगर निकायों को भी स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे शिव मंदिरों के मार्गों की सफाई एवं मरम्मत कार्य सुनिश्चित करें तथा सरयू घाट पर विशेष सफाई व्यवस्था की जाए।

## पुराने गेट को उखाड़ कर पुनः उसी जगह लगाने पर पड़ोसी से मारपीट

गोरखपुर । पट्टीदार द्वारा अपने घर के रास्ते पर पुनः गेट को उसी स्थान पर ऊंचा करने पर बार बार रोकने और घर से बाहर न निकलने देना और दरवाजे पर बाईक खड़ा करके रस्ते को अवरोध करने पर वादी मार्कण्डेय पांडे पुत्र परमेश्वर पांडेय ने उप जिलाधिकारी सहजनवा को प्रार्थना पत्र देकर वादी ने न्याय दिलाने का गुहार लगाया है। कि हम वादी तीन भाई है। जिसमे गोरख पांडे बड़े भाई हैं और राधेश्याम पांडे छोटे भाई है हम तीनों भाइयों में हमारी माता के देहांत के बाद सन 2000 में ही पुस्तैनी जमीन का बंटवार किया गया था। जिसमें सभी भाई अपने हिस्से की जमीन पर मकान बनवाकर रहते हुए चले आ रहे है। हम सभी भाईयों का मकान हरपुर बुदहट मार्ग पर भीटी रावत सहजनवा गोरखपुर में प्रथमिक पाठशाला के पास है जिसमें हम तीनों भाइयों द्वारा मकान बनवाकर लगभग 25 वर्षों से चले आ रहे है। जब हम प्रार्थी द्वारा अपने घर के सामने लगे गेट को ऊंचा करने के काम लगवा दिया तब ये लोग हमारे घर के सामने गेट को लगवाने नहीं दे रहे है।

# छात्रों ने सीखा नेतृत्व का पाठ, जयपुरिया स्कूल में छात्र परिषद चुनाव संपन्न

**चुनाव में हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन और वाइस कैप्टन समेत अन्य पदों के लिए मतदान हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल, नानपारा में छात्र परिषद चुनाव का आयोजन एक अनुशासित और उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। स्कूल परिसर में इस दिन एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सजीव झलक देखने को मिली, जहाँ छात्रों ने न सिर्फ मतदान किया बल्कि पूरी चुनावी प्रक्रिया को गंभीरता से आत्मसात भी किया।चुनाव में हेड बॉय, हेड गर्ल, स्पोर्ट्स कैप्टन और वाइस कैप्टन समेत अन्य पदों के लिए मतदान हुआ। खास बात यह रही कि छात्र-छात्राओं ने डिजिटल माध्यम से मतदान करते हुए एक जिम्मेदार मतदाता की भूमिका निभाई। पूरा माहौल किसी वास्तविक चुनाव केंद्र जैसा नजर आ रहा था, जहाँ छात्र कतारों में खड़े होकर शांतिपूर्वक मतदान कर रहे थे।पिछले तीन दिनों से स्कूल का माहौल पूरी तरह चुनावी रंग में रंगा हुआ था। उम्मीदवारों ने पोस्टर, नारे, भाषण और संवाद के माध्यम से अपने विचार और योजनाएं साझा कीं। छात्रों ने प्रचार के दौरान नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और अपने विजन को रचनात्मक अंदाज़ में प्रस्तुत किया।यह चुनाव मात्र एक औपचारिकता नहीं, बल्कि छात्रों के लिए व्यवहारिक शिक्षा का एक महत्वपूर्ण मंच था। इस आयोजन ने बच्चों को लोकतांत्रिक मूल्यों, आत्मविश्वास, टीम वर्क और परिश्रम का वास्तविक पाठ पढ़ाया।विद्यालय की प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि चुनाव के नतीजे सोमवार को स्कूल की असेंबली में घोषित किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी पहलें बच्चों को केवल शिक्षित ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक भी बनाती हैं।

# वारंट तामील में नानपारा पुलिस को सफलता, तीन आरोपी पकड़े गए

**प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। न्यायालय द्वारा जारी गैर-जमानती वारंट की तामील करते हुए नानपारा कोतवाली पुलिस ने तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ये सभी अभियुक्त न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहे थे, जिनके खिलाफ अदालत ने वारंट जारी किया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश पर चल रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। टीम ने पहले से चिह्नित तीनों अभियुक्तों को उनके ठिकानों से दबोच लिया और कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम जगरामपुरवा निवासी रमेश, राजेंद्र और ग्राम बस्थनवा निवासी असगर शामिल हैं। तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं और वे काफी समय से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह, हेड कांस्टेबल राधेश्याम यादव और कांस्टेबल अवधेश कुमार शामिल रहे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## एसपी ने नगर कोतवाली में फरियादियों की सुनीं समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कोतवाली नगर में शिकायतों की सुनवाई कर अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये हैं।उन्होने फरयादियों की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरते जाने पर कार्य वाही करने की चेतावनी दी है।शनिवार को जिले के सभी थानों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।एसपी विनीत जायसवाल ने नगर कोतवाली पहुंचकर समाधान दिवस मे जन शिकायतों की सुनवाई की।इस दौरान 6 शिकायती पत्र प्राप्त हुए।शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है।एसपी ने जन शिकायतों पर शिकायतकर्ता को आश्वस्त किया कि पुलिस, राजस्व की टीम जमीन सम्बन्धी शिकायतों को मौके पर जांच कर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगी।

# शहर से लेकर देहात तक,हर जगह झोलाछाप, सबकी खता माफ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। बरसात के मौसम में हर साल संक्रामक बीमारियां पैर पसारने लगती है। इसी के साथ इलाज के नाम पर लोगों की जिंदगी से खिल वाड़ करने वाले झोलाछाप भी सक्रिय हो जाते हैं।शहर से लेकर देहात तक झोलाछापों का जाल फैला हुआ है, जिन्होंने झोला छोड़कर क्लीनिक व हास्पिटल तक खोलने शुरू कर दिए हैं।इससे लोगों के लिए डिग्रीधारक डाक्टर व झोलाछापों में भेद करना मुश्किल हो रहा है। चिंता की बात ये है कि शिकायतें मिलने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं टूट रही।लोगों का कहना है स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में ही झोलाछापों का धंधा फल-फूल रहा है।पहले तो कार्रवाई होती नहीं, यदि होती भी है तो कुछ दिनों बाद ही झोलाछाप अपना धंधा फिर शुरू कर देते हैं।मानों, सीलिंग की कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग की चाबी झोलाछापों के पास ही रह जाती हो।जिले में करीब 11 सौ ग्राम पंचायतें हैं।एक ग्राम पंचा यत में कम से कम दो या तीन झोलाछाप मिल ही जाएंगे।शहरी क्षेत्र में भी झोलाछापों की क मी नहीं है।इस तरह दो हजार से अधिक झोला छाप होने का अनुमान है।विभाग की बात करें तो सीएमओ कार्यालय में सैकड़ो से अधिक पैथालोलाजी लैब,क्लीनिक नर्सिंग होम, अल्ट्रा साउंड सेंटर पंजीकृत हैं।फिर भी विभाग को लोगों की सेहत की कोई चिंता नहीं।

सर्जन भी बन गए झोलाछापसामान्य हो या गंभीर मरीज, झोलाछाप हर मरीज का स्वागत ग्लूकोज की ड्रिप लगाकर करते हैं।ऐसे लोगों ने क्लीनिक ही नहीं, नर्सिंग होम तक खोल रखे हैं।मरीज को लंबे समय तक इलाज के नाम पर रोके रखा जाता है और जब मामला बिगड़ने लगता है तो आनन-फानन रेफर कर देते हैं।यही नहीं,कई हॉस्पिटल में झो लाछाप मरीजों का ऑपरेशन तक कर रहे हैं। ऐसे कई मामलों की जांच भी लंबित हैं।बॉक्स कार्रवाई के नाम पर सिर्फ दिखावाझोलाछापों के खिलाफ शिकायतें बढ़ने पर विभाग कार्रवाई के नाम पर केवल दिखावा करता है।झोलाछापों को संरक्षण देने में सीएम ओ कार्यालय के बाबू भी पीछे नहीं।वे अफसरों को केवल उन्हीं झोलाछापों के यहां टीम पहुंच ती है, जो कर्मचारियों को फील गुड नहीं कराते यदि अधिकारी कार्रवाई कर दे तो उसे मैनेज करने में जुट जाते हैं।कई बार अधिकारियों की भूमिका भी सवाल उठ चुके हैं।ऐसा भी हुआ है कि शिकायत पर छापेमारी हुई।सूत्र बता रहे हैं कि झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ रिपोर्ट बनी, मगर कार्यवाही दब गई।

## स्पा सेंटर पर प्रशासन का छापा, सील, मौके पर मिली पांच युवतियां



गोरखपुर । बड़हलगंज कस्बे में कालेज तिराहे पर शनिवार की दोपहर तहसील प्रशासन ने ग्रीन डायमंड ब्यूटी व स्पा सेंटर पर छापा मारा। पुलिस को देखते ही संचालक मोबाइल छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पांच बालिग युवतिया मिली। पुलिस ने सबको बाहर निकाल कर स्पा सेंटर को सीज कर दिया। शनिवार की दोपहर एसडीएम अमित कुमार जायसवाल, नायब तहसीलदार जयप्रकाश कुमार, कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह पुलिस फोर्स के साथ पीटर इंग्लैंड शो रूम के तीसरे तल पर चल रहे स्पा सेंटर पहुचे। चूकि सेंटर तीसरे तल पर था इसलिए संचालक उपर आ रहे पुलिस को देखकर फरार हो गया। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है। सेंटर मे पांच युवतिया व एक अधेड़ व्यक्ति मिला। जिसमें दो युवतिया कानपुर से आयी थी। एसडीएम अमित जायसवाल ने बताया कि कुछ दिनों से इस सेंटर में स्पा की आड़ में अनैतिक कार्य की जानकारी मिल रही थी। उन्होंने कहा कि मौके पर स्पा सेंटर के एथेंटिक कागजात उपलब्ध न होने के कारण सेंटर को सीज किया जा रहा है। पूछताछ मे युवतियों ने बताया कि वे बालिग है और स्वेच्छा से स्पा सेंटर पर कार्यरत है। बहरहाल तहसील प्रशासन के छापे से चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

# चोरी के दस विद्युत मोटर,दो मोटर साइकिल और एक अवैध तमंचा बरामद,चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। सूखे की स्थिति में खेत की सिंचाई करते समय चोरी किए गए दस विद्युत मोटर पंप दो मोटर साइकिल और एक तमंचा बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अप राध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्रा धिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल के नेतृत्व में थाना मनकापुर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए मु खबिर की सूचना पर चार शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया गया है।25 जुलाई की रात्रि थाना मनकापुर के अपराध निरीक्षक हरिश्चन्द्र भारती मय पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण शील थे।भ्रमण के दौरान पिलखाना तिराहा पर संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की जा रही थी,तभी सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति चोरी के मोटर पम्प लेकर कटहर बुटहनी की ओर से गोहन्ना की तरफ आ रहे हैं,प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर अशरफपुर अण्डरपास कर्बला मोड़ पर से चार शातिर बदमाशों कुल्लू उर्फ बब्लू पुत्र गुरदेव,निवासी कटहर बुटहनी,थाना मनकापुर,लवकुश पुत्र स्वामीनाथ,रविशंकर पुत्र कृपा शंकर,राजन पुत्र रामकेवल,निवासी लमती उकरहवा,थाना मनकापुर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो बिजली मोटर,दो परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाईकिलें,ती मोबाइल फोन व अ भियुक्त कल्लू की जामातलाशी के दौरान एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर दो अदद जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।अभियुक्तगणों की निशानदेही से ग्राम मौहारी, बेलभरिया में एक निर्माणाधीन बाउंड्री के भीतर से आठ अदद चोरी के मोटर पम्पों को भी बरामद किया गया है।पूछताछ के दौरा अभिव्यक्तो ने स्वीकार किया कि वे संगठित रूप से मोटर पम्प चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य हैं। उनका मुख्य कार्यक्षेत्र थाना मनकापुर व छपिया का ग्रामीण क्षेत्र है, विशेषकर जहां खेतों में बिजली से चल ने वाले पम्प लगे होते हैं।वे दिन में खेतों का निरीक्षण करते थे और रात के समय मौका पाकर खेतों से मोटर पम्प चुरा लेते थे।चोरी किए गए पम्पों को या तो उनके सहयोगियों के खेतों में या फिर सुनसान स्थानों पर छिपा दिया जाता था, जहाँ से बाद में उन्हें बेचा जाता था। अभियुक्तों ने बताया कि जिन दो मोटर पम्प के साथ उन्हें पकड़ा गया था,वे पहले से चोरी कर के रखे हुए थे और आज उन्हें बेचने हेतु जा रहे थे। अभियुक्तों ने थाना छपिया के वासुदेव नगर ग्रण्ट व भरपुरवा गांवों से भी मोटर पम्प चोरी करने की बात स्वीकार की।इस संबंध में थाना छपिया में दो मुकदमे सम्मिलित हैं।

# महानगर अध्यक्ष बने सम्पूर्णानन्द

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर । उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महानगर गोरखपुर इकाई का निर्वाचन शनिवार को संपन्न हुआ। परिणाम की घोषणा करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश धर दूबे ने बताया कि निर्वाचन में 60 वोट पाकर संपूर्णानंद तिवारी अध्यक्ष और 39 वोट पाकर सैयद अहमद मंत्री निर्वाचित घोषित हुए। इन दोनों पदाधिकारी के निर्वाचित होने पर जिला अध्यक्ष राजेश धर दुबे, जिला मंत्री श्रीधर मिश्रा, मांडलिक मंत्री ज्ञानेंद्र ओझा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरेंद्र राय, कोषाध्यक्ष सुधांशु मोहन सिंह,उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, अजय सिंह, राकेश दुबे,राजेश सिंह, योगेश शुक्ला, बृजेंद्र राय,नरेन्द्र प्रताप सिंह,रमेश मणि त्रिपाठी ,खराम प्रसाद, अरविंद पांडे, शिवेंद्र सिंह,कमल प्रताप, सुधा मिश्रा, सुधा राय, मीना सिंह, शगुफ्ता शाहीन आदि ने बधाई दिया है।

# डवरपार मे अंडरपास के लिए नितिन गडकरी से मिलेंगे बांसगांव विधायक



गोरखपुर। शनिवार कोसैकड़ो की संख्या मे ग्रामीणों ने बांसगांव विधायक विमलेश पासवान से डवरपार मे अंडरपास पुल की मांग प्रस्तुत की। राष्ट्रीय राजमार्ग-24 थाना बेलीपार क्षेत्र के डवरपार मार्ग से स्कूली बच्चे और ग्रामीण प्रतिदिन यात्रा करते हैं। अंडरपास की कमी के कारण यहां कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास के लिए कई बार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नेताओं से शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव में जाने का कोई रास्ता नहीं है। चार-चार किलोमीटर दूर जाना पड़ता हैं। बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूलों तक जा रहे हैं और किसी भी दिन कोई बड़ी घटना घट सकती है।बांसगांव विधायक विमलेश पासवान ने अंडरपास निर्माण को लेकर सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर समस्या के निदान कराने की बात कही है। उन्होंने कहा दो दिन बाद परिवहन मंत्री से मुलाकात कर डवरपार व क्षेत्र की जनता का होने वाली समस्या प्रयास करेंगे।

# सपाइयों ने मनाया संविधान दिवस मुख्य अतिथि के रूप मे पहुंचे पूर्व एमएलसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।समाजवादी पार्टी ने आज प्रदेश व्यापी आह्वान पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश के निर्देश पर पीलीभीत मे पूर्व लोकसभा कैम्प कार्यालय पर सविधान दिवस मनाया संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधान परिषद सदस्य शशांक यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की उन्होंने आसाम चौराहा पूरनपुर पर कार्यकर्ताओं के साथ उनका स्वागत किया उसके बाद काफ़िले की शक्ल मे पीलीभीत पहुंचे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि शशांक यादव, पूर्व विधान परिषद सदस्य ने कहा''संविधान हमें हमारे अधिकारों और कर्तव्यों की याद दिलाता है। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा और इसकी रक्षा करनी होगी संविधान दिवस पर हम अपने पूर्वजों को याद करते हैं जिन्होंने हमें यह अधिकार दिलाया है। हमें इसके प्रति हमेशा आभारी रहना चाहिए आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की निर्देश पर समाजवादी पार्टी सभी जिलों में संविधान मानस्तंभ स्थापना दिवस मना रही है। सभी पीडीए समाज के लोगों को आरक्षण का महत्व जन जन तक पहुंचा है। और अपनी आने वाली पीढ़ी के मान सम्मान और अवसर के सुगम रास्ते बनाने का काम करना है।ठीक वैसे जिससे हमारे पुरखों ने हमारे लिए सुगम रास्तों का निर्माण किया था।कार्यक्रम की अध्यक्षत करते हुए जगदेव सिंह जग्गा जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी ने कहा ''संविधान की रक्षा करना हमारा कर्तव्य है। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा और इसकी रक्षा के लिए काम करना होगा संविधान हमें समानता और न्याय का अधिकार देता है। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा और इसका लाभ उठाना होगा।समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा ''संविधान हमें युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर देता है। हमें इसके प्रति जागरूक रहना होगा और इसका लाभ उठाना होगा।पूर्व सपा प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या गंगवार ने कहा ''संविधान की रक्षा के लिए हमें एकजुट होना होगा। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा और इसकी रक्षा के लिए काम करना होगा।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने कहा ''संविधान हमें हमारे अधिकारों की रक्षा करने का अवसर देता है। हमें इसके प्रति सजग रहना होगा और इसका लाभ उठाना होगा। संविधान दिवस पर समाजवादी पार्टी के अन्य नेताओं जिनमे जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर सहित अन्य नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई । कार्यक्रम के बाद बड़ी संख्या मे बसपा छोड़कर कई पूर्व पदाधिकारी एवं सदस्यों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम का संचालन अमित पाठक ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से संजय यादव,मीता सिंह,रियाज खान,धनपति वर्मा, मखदूम खान,इम्तियाज अल्वी, सतीश वर्मा, आदर्श पांडेय,इमरान खान, अधिवक्ता खुर्शीद अंसारी सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

# कारगिल युद्ध के सैनिकों का जज्बा हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा : केके सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। भाजपा ने कारगिल विजय दिवस की 26 वीं वर्षगांठ पर शनिवार को अखण्डनगर विकास खण्ड के नवयुग पीजी कॉलेज, बीरी सहजन में संगोष्ठी आयोजित हुई। वही पार्टीजनों ने शहीद महेंद्र यादव की मुड़िला बाजार स्थित स्मारक पर जाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। संगोष्ठी में चार शहीद परिवारों व चार पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के.के. सिंह ने कारगिल युद्ध के शहीदों को नमन करते हुए कहा करगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों की बहादुरी और वीरता को सम्मान देने और स्मरण करने का एक अवसर है। यह दिवस भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है। उन्होंने कहा हमारी सेनाएं सबसे दुर्गम इलाकों में इंच-इंच लड़ती रहीं, जब तक कि हर घुसपैठिए को खदेड़ नहीं दिया और हर चौकी भारतीय नियंत्रण में वापस नहीं आ गई। कहा कारगिल युद्ध के सैनिकों का जज्बा हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा।कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कारगिल शहीदों को याद करते हुए कहा यह दिन भारत के इतिहास में गौरव की किरण की तरह चमकता है। राष्ट्र के लिए उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान हर नागरिक के लिए प्रेरणादाई है। कार्यक्रम संयोजक विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने सभी का आभार प्रकट किया। संचालन जिला मंत्री राजेश सिंह ने किया। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि संगोष्ठी के दौरान चार शहीद परिवारों क्रमशः शहीद नीलेश सिंह के पिता रामप्रसाद सिंह, शहीद महेंद्र यादव के पिता राम शब्द यादव, शहीद शशांक यादव की पत्नी कंचन यादव,शहीद विक्टर सिंह के चाचा अरविंद सिंह को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में पूर्व सैनिक परिक्रमा सिंह भीमसेन पांडे, सभाजीत पांडे व ओम प्रकाश सिंह को भी सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में विधायक राजेश गौतम, कार्यक्रम के जिला संयोजक व महामंत्री विजय त्रिपाठी, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चौहान, मनोज मौर्या, दुष्यंत सिंह, विजय लक्ष्मी शुक्ला, विक्की वर्मा, भूपेंद्र पाठक, प्रदीप मालवीय, हरीश सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# हरियाली तीज के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय में हुई मेहंदी प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।हरियाली तीज के अवसर पर कंपोजिट विद्यालय गढ़ा कला में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।इस प्रतियोगिता में स्कूल की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में हेमलता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।सोहनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया प्राशी राठौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।विद्यालय द्वारा इस तरह की प्रतियोगिता करने से छात्राओं को उनकी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया जाता हैं।इस प्रतियोगिता से छात्राओं को हरियाली तीज के महत्व और सांस्कृतिक परंपराओं के बारे में जानने का अवसर भी मिलता हैं।शिक्षक ममता देवी ने प्रतियोगिता का आयोजन किया और समस्त स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी हैं।नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने बच्चों को आगे भी ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया हैं।इस तरह की प्रतियोगिताएं होने से बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाबा मिलता हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान होता हैं। विद्यालय ने एक सकारात्मक वातावरण बनाया है।जहां बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।इस प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षकों और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसका आयोजन सफलतापूर्वक किया गया हैं।

# कारगिल विजय दिवस पर भाजपा ने शहीद पार्क में किया कार्यक्रम कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।भाजपा ने कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान ने की मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि कारगिल युद्ध 1999 में लगभग 2 महीने तक भारत-पाकिस्तान के बीच चला। इस दौरान पाकिस्तानी सैनिकों और कश्मीरी आतंकवादियों ने भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। भारत ने ऑपरेशन विजय शुरू किया और पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ दिया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय सेना की जीत हुई वही भाजपा विधायक बाबूराम पासवान कहा कि युद्ध अत्यंत कठिन परिस्थितियों में लड़ा गया। पतली हवा, ठंडा तापमान और उबड़-खाबड़ पहाड़ियों ने सैनिकों और उपकरणों को प्रभावित किया इसके बावजूद भारतीय सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया 1999 में कारगिल विजय के बाद देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले भारतीय सैनिकों के शौर्य और पराक्रम को श्रद्धांजलि अर्पित की अमित अग्रवाल ने बताया कि 1947 में ब्रिटिश भारत के विभाजन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव उत्पन्न हुआ इस विभाजन के कारण बड़े पैमाने पर पलायन, सांप्रदायिक हिंसा और लाखों लोगों की मौत हुई कारगिल युद्ध के वीरों के माता-पिता, वीर नारियों और सभी परिवारजनों का दिल से आभार जताया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हमने शांति को अवसर दिया, लेकिन उनकी कायरता का उत्तर हमारी सेना ने अपने पराक्रम से दिया।कार्यक्रम संयोजक सूरज बाथम ने सभी का आभार प्रकट किया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान, जिलामाहामंत्री अमित अग्रवाल, चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता , नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, गन्ना सोसायटी चेयरमैन और मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित, भगवती सिंह, सत्यपाल सिंह, सपना सिंह, सूरज बाथम, रवि वर्मा, गौरव गुप्ता, विवेक तिवारी,अम्बर मिश्रा,अमन वाल्मीकि,अंकित वाल्मीकि, प्रदीप सिंह मुखिया, अवधेश भारती, रामपाल वर्मा, ओम शर्मा, छोटू यादव,राहुल जायसवाल , बलवंत पासवान, नितिन गुप्ता,सचिन गुप्ता, अनुराग मिश्रा, त्रिभुवन शर्मा, शिवम भदौरिया, विशाल वर्मा, गुंजन सक्सेना सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

# सीएमओ के निरीक्षण में पांच चिकित्सक और पांच कर्मचारी मिले अनुपस्थित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहगढ़ का औचक निरीक्षण किया तो वहां पर कार्यरत चिकित्सक और कर्मचारी अस्पताल से नदारद मिले जिस पर सीएमओ ने एक दिन का वेतन काटने के साथ ही विभागीय कार्यवाही किये जाने की बात कही है। सीएमओ के निरीक्षण से स्वास्थ्य महकमे में अफरा तफरी मची रही। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह शनिवार को जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगढ़ पहुंचे तो आरबीएसके टीम के अरुण कुमार, ओए सुरेंद्र कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ अबरार,डॉ अहमद ग्यारह बजे तक फील्ड विजिट पर नही गये थे और कमरे में चारो लोग बैठकर वार्तालाप कर रहे थे जबकि नौ बजे स्कूल में पहुंचकर बच्चो का परीक्षण करना चाहिये था। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि इसके लिये इनका आज का बेतन काटा जायेगा और जुलाई में इन्क्रीमेंट नही मिलेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि सीएचसी अधीक्षक डॉ दयाल दुबे,डॉ मनीष,डॉ ऋषि, रंजीत फार्मासिस्ट आरबीएसके अनुपस्थित मिले इनका एक दिन का बेतन बाधित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आउटसोर्स अमर नाथ,वार्ड आया अपराजिता, अक्षय कुमार अनुपस्थित मिले सभी का बेतन काटा जायेगा।इसके उपरांत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज का निरीक्षण किया जहां पर तैनात समस्त स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित मिले। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने पीएचसी प्रांगण में हरिशंकरी पौधे का रोपण किया। सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह ने कहा कि आम जनमानस की स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों को कतई बख्शा नही जायेगा और इन दिनों सघन अभियान चलाकर निरीक्षण किया जा रहा है।

# उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ हलियापुर थाना समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बलदीराय/सुल्तानपुर। हलियापुर थाना समाधान उपजिलाधिकारी मंजुल मंयक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें राजस्व संबंधित चार शिकायतें आई जिन्हें निस्तारण हेतु राजस्व निरीक्षक अब्दुल हमीद को सौंपते हुए उपजिलाधिकारी मंजुल मंयक ने समायावधि में निस्तारण करने का सख्त निर्देश दिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी तरुण पटेल, लेखपाल ओमप्रकाश, वंदन कुमार, ओमकार मौर्य, नामवर सिंह सहित शिकायतकर्ता मौजूद रहे। वहीं बलदीराय थाना समाधान दिवस थाना प्रभारी नारद मुनि सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें बारह शिकायतें आई जिनमें से तत्काल प्रभाव से दो का निस्तारण किया गया शेष शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को निस्तारित हेतु सौंपी गई। धनपतगंज थाना दिवस में फरियादियों के समस्यायों का यथासंभव तुरन्त समाधान किया गया। बाकी शिकायत पत्रों को समयावधि के अंदर निस्तारण का आदेश दिया गया। 'वास्तविकता तो यह है कि राजस्व समस्याओं से लगभग 75 फीसदी पीड़ित अपने फरियाद लेकर तहसील व थाना जाते हैं शेष 245 प्रतिशत में और समस्याएं होती हैं। अधिकारियों द्वारा फरियादियों के समस्याओं के निस्तारण हेतु शिकायतपत्र पर निस्तारण के लिए, लिखकर अग्रेषित तो कर दिया जाता है किंतु उसके बाद पीड़ित के समस्या का निस्तारण होने में सालों लग जाता है। फल स्वरूप क्षेत्र में अनेक ल्लबड़ेविवादल्लबन जाते हैं। जिनके जिम्मेदार वह भ्रष्ट अधिकारी/कर्मचारी होते हैं जिन्होंने मामले को सेटिंग गेटिंग अथवा किसी प्रभाव के चलते लटका देते हैं। और शासन की पीड़ितों को न्याय दिलाने की मंशा धरि की धरी रह जाती है।

## कैम्प लगाकर पंजाब एंड सिंध बैंक ग्राहकों को कर रही है जागरूक

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । पंजाब एंड सिंध बैंक द्वारा ''जन सुरक्षा सैचुरेशन अभियान'' चलाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य देश के सभी पात्र नागरिकों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक चलेगा और इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। आंचलिक प्रबंधक किरण शंकर ने बताया कि इस अभियान के तहत बैंक की विभिन्न शाखाओं में कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। ताकि पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके। पूरनपुर तहसील में भी कई शाखाओं में कैंप लगाए गए, जिनमें लोगों को दुर्घटना और जीवन बीमा में कवर किया गया। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे और उन्होंने लोगों को इन योजनाओं के बारे में जागरूक किया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। इसके अलावा, वित्तीय साक्षरता को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि लोग अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बना सकें। बैंक की यह पहल निश्चित रूप से समाज के वंचित वर्गों के लिए लाभकारी साबित होगी और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाएगी। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक प्रेम प्रकाश, शाखा इंचार्ज राहुल मिश्रा, संदीप, अनुज,शिवेंद्र सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं।

## देर रात तक खुलती बाल कटिंग की दुकान डीजे बजा कर जमकर होता है हुड़दंग भड़के मोहल्ले वासी समाधान दिवस पर पहुंचकर की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास पूर्व दिशा में वार्ड नंबर 6 मे मॉडर्न टेलर्स के मकान के सामने सिकंदर पुत्र शब्बीर निवासी मोहल्ला रजागंज वार्ड नंबर 12 ने बाल कटिंग की दुकान खोल रखी है। सिकंदर अपनी दुकान पर आवारा किस्म के लड़कों को बुलाकर बैठालता है तथा प्रतिदिन तेज आवाज में डीजे बजा कर अश्लील गाने पर हुड़दंग मचाता है। दुकान रात के 12 और 1:00 बजे तक खोलता है। दुकान पर मौजूद आवारा किस्म के लड़के और डांस करते हैं।जिससे मोहल्ले वालों का जीना दुश्वार हो गया है। कई बार मोहल्ले वासियों ने इस बात का विरोध किया तो दुकानदार सिकंदर आवारा किस्म के लड़कों को बुलाकर गाली गलौज करके मारपीट पर उतारू हो जाता है।दो दिन पूर्व मोहल्ले की रहने वाले भूरा पुत्र फखरुद्दीन ने दरवाजे पर बाल डालने का विरोध किया तो उपरोक्त दुकानदार सिकंदर लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गया और दर्जनों लड़कों को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी मोहल्ले वासियों ने बीच बचाव कर एक बड़ी घटना होने से रोक दी है। इस मामले में पुलिस से शिकायत की गई है। संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे मोहल्ले वासियों ने उपरोक्त सिकंदर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में मुख्य रूप से अधिवक्ता कासिम खान, भूरा ,आबिद, अलीम, जब्बार,गुड्डू, नबी हसन, नाजिम खान, बाबू खान सहित अनेकों लोगों के हस्ताक्षर हैं।

## नगर के रहने वाले युवक ने नाबालिक छात्रा से की छेड़छाड़ पुलिस ने भेजा जेल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर क्षेत्र के एक मोहल्ले की रहने वाली छात्रा के साथ बमनपुरी का रहने वाला सैफी मदार खा द्वारा छेड़छाड़ के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही थी।पीड़ित पिता ने बताया कि मेरी पुत्री जिसकी उम्र 15 वर्ष है और वह नगर के एक कॉलेज की छात्रा है। युवक अक्सर उसको रस्ते मे रोककर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करता था। मना करने के बावजूद भी नहीं मानता जिस कारण से उसका स्कूल जाना बन्द हो गया उसकी शिक्षा के बीच मे रुकावट आ गई फिर एक दिन कॉल कर मेरी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने घर बुला लिया और डरा धमकाकर कर जबरन संबंध बनाने की कोशिश की उक्त युवक की घर की महिलाओ ने ही बचाया और डरी सहमी किसी प्रकार वह आरोपी के चंगुल से छूटकर घर पहुंची और मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी युवक द्वारा लगातार धमकी दी जा रही मामले की शिकायत अगर पुलिस मे की तो जान से मार दूंगा पुलिस ने छात्रा का मेडिकल करा युवक के खिलाफ छेड़छाड़ मामले मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया हैं।

# सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र पर किया पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।मरौरी ब्लॉक में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र खाग पर सीडीपीओ अनीता चौधरी के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ है। केंद्र पर उपस्थित 20 गर्भवती महिलाओं ने भी पौधारोपण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई मीटिंग में सीडीपीओ ने सहजन के पौधे के बारे में बताया था।कि सहज़न का पौधा बड़ा ही गुणकारी होता है। सहजन पौधे के बारे में कई अन्य लाभकारी जानकारी भी गर्भवती महिलाओं को दी गई। साथ ही सहजन के पौधे की पत्तियों को दाल सब्जी में हरे धनिया की तरह इस्तेमाल करने की विधि बताई गई। सीडीपीओ ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता के उद्देश्य से यह पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। पौधारोपण कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण करके पौधारोपण के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता अभियान फैलाने की है। जिससे आंगनबाड़ी केंद्र के आसपास हरित वातावरण बनाया जा सकता है।जो बच्चों के लिए स्वास्थ्यवर्धक भी है। पौधारोपण कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों और ग्रामीण को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके साथ ही सभी से अपने-अपने घरों में पौधारोपण करने की अपील भी की है।

# सैनिक स्कूल अमेठी में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । सैनिक स्कूल अमेठी में सन 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के अद्वितीय पराक्रम, साहस और बलिदान को सम्मान देते हुये शनिवार को कारगिल विजय दिवस का गौरवपूर्ण स्मरण किया। इस अवसर पर देशभक्ति की भावना, चिंतनशील मौन और सम्मानित सैन्य नेताओं के प्रेरक शब्दों का उच्चारण छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। विद्यालय के इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एआरओ अमेठी के भर्ती निदेशक कर्नल सुनील कुमार मोर का स्वागत करने का गौरव प्राप्त हुआ। दो दशकों से अधिक की सेवा के साथ भारतीय सेना के एक प्रतिष्ठित अधिकारी कर्नल मोर ने नेतृत्व, बलिदान और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य पर अपने विचार साझा किए। अपने प्रेरक संबोधन में, उन्होंने युवा कैडेटों को अनुशासन, साहस और निस्वार्थ सेवा के मूल्यों को बनाए रखने की उनकी ज़िम्मेदारी की याद दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल सतवीर सिंह ने की, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी सुधीर जाखड़ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी संस्कृत अध्यापक ने कैडेटों को कारगिल के वीरों से प्रेरणा लेने और जीवन के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। सैन्य छात्रऽछात्राओं ने भी कविता, वीर शहीदों के जीवनी व कारगिल दिवस से संबंधित विचारों के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता खुकरी सदन को प्रथम पुरस्कार व उपऽविजेता सदन को द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने देशभक्ति, गौरव और उद्देश्य का एक सशक्त संदेश दिया।

# मताधिकार खोने का भयानक खेल

बिहार में मतदाता सूची गहन परीक्षण यानी स्पेशल इंटेसिव रिविजन (एसआईआर) के मामले पर सरकार और विपक्ष के बीच छिड़ा विवाद इतने गंभीर स्तर तक जा पहुंचा है कि नौबत चुनाव का बहिष्कार करने जैसे फैसले की घड़ी आ गई है। बिहार में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने साफ कहा है कि जब चुनाव में धांधली ही करनी है तो वैसे ही बिहार सरकार को एक्सटेंशन दे दो। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में सभी दल चुनाव बहिष्कार के बारे में बात कर सकते हैं। हमारे पास यह विकल्प है और हो सकता है कि इस पर जल्द चर्चा भी हो। यह बयान अपने आप में काफी गंभीर है। विपक्ष सरकार से मुद्दों पर बहस कर सकता है, उसके फैसलों की खामियां निकाल सकता है, उसे किसी मसले पर राय दे सकता है, लेकिन जब पिछले दरवाजे से चुनाव जीतने की कोशिशें हों और यह तय किया जाए कि विपक्ष की हर बात को काटना ही है, तब लोकतंत्र का क्या अर्थ रह जाता है। खेद है कि इस समय देश में यही सियासी माहौल बना हुआ है। संसद के तो वे दिन लद गए जब सत्र पूरी तरह चला करते थे, जरूरी विषयों पर पूरी चर्चा के बाद ही विधेयक पारित कराने की प्रक्रिया होती थी, किसी भी मुद्दे पर विपक्ष को अपनी बात पूरी तरह रखने का अधिकार मिलता था। अब ये सारी बातें आकाशकुसुम बन चुकी हैं। संसद में सरकार पूरी मनमानी करने की फिराक में रहती है और सत्र न चलने देने के लिए विपक्ष पर जिम्मा डालती है। यही वजह है कि इस मानसून सत्र के 4 दिन भी लगभग बेकार ही गए हैं। हर दिन विपक्ष एसआईआर के खिलाफ संसद परिसर में मोर्चा खोलकर खड़ा रहा। पूछता रहा कि आखिर किसलिए बिहार चुनाव से पहले ही यह काम करवाया जा रहा है। राहुल गांधी ने बाकायदा महाराष्ट्र और कर्नाटक में हुई धांधलियों के उदाहरण दिए। उधर बिहार विधानसभा में भी चार दिनों से इसी बात पर हंगामा खड़ा है। लेकिन इन तमाम विरोध प्रदर्शन पर अब मुख्य चुनाव आयुक्त का जवाब आया है कि क्या हम फर्जी मतदाताओं को जोड़े रखें, क्या विदेशी नागरिकों को वोट डालने दे, क्या मृत मतदाताओं के नाम सूची से नहीं हटाए जाने चाहिए। ज्ञानेश कुमार ने साफ कहा है कि चुनाव आयोग राजनैतिक दल के दबाव में आकर डरने वाला नहीं है। बड़ी अच्छी बात है कि मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनाव आयोग की संवैधानिक ताकत और ओहदे का एहसास है, लेकिन क्या उनका बयान केवल इंडिया गठबंधन के दलों के लिए था या भाजपा के लिए भी उनकी सोच वही है। क्योंकि अभी लगातार दिख रहा है कि चुनाव आयोग और भाजपा एक-दूसरे का सहारा बन कर खड़े हैं, एक पर सवाल उठता है, तो दूसरा बचाव में आ जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने एसआईआर पर चल रहे विरोध प्रदर्शन पर अपने सवाल तो खड़े कर दिए, लेकिन उन्हें बताना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट तक ने जब यह कहा है कि आप आधार कार्ड को इसमें शामिल करने पर विचार करें, तो फिर यह कदम क्यों नहीं उठाया गया है। विदेशी नागरिकों का मुद्दा भी बिल्कुल सही है, लेकिन यहां तेजस्वी यादव की बात भी सही है कि अगर बिहार में नेपाल, बांग्लादेश या किसी और देश के नागरिक वोट डालते आए हैं तो फिर यह गलती नरेन्द्र मोदी या नीतीश कुमार के जिम्मे क्यों नहीं मढ़ी जाती। विपक्ष यह सवाल भी उठा रहा है कि अगर अब तक वोटर लिस्ट गलत थी तो इतने चुनाव जो हुए हैं, क्या उनके नतीजों को भी गलत माना जाए? विपक्ष के तर्कों का चुनाव आयोग या भाजपा के पास कोई जवाब नहीं दिख रहा है और इसलिए बौखलाहट भरे कुतर्क आ रहे हैं। लेकिन अब 28 जुलाई को जब सुप्रीम कोर्ट में फिर से यह मामला उठेगा, तब तक क्या चुनाव आयोग कोई बड़ा कदम उठा चुका होगा, यह एक गंभीर चिंता इस समय की है। तेजस्वी यादव ने तो न केवल चुनाव का बहिष्कार करने की बात कही है, बल्कि यह भी कहा है कि 1 अगस्त से असली खेला शुरु होगा। यानी उन्हें संदेह है कि तब तक लाखों नाम काटे जा चुके होंगे और जिन इलाकों में पहले भाजपा हारी है, वहां नए नाम वोटर लिस्ट में जुड़ जाएंगे जिनके वोट आखिर में भाजपा को ही जाएंगे।

# कारगिल के सबक, जो हमेशा याद रखना आवश्यक

कारगिल का युद्ध और उस पर स्थापित भारत की विजय कई मायनों में विलक्षण हैं। ये एक ऐसा व्यापक विषय है, जिसके बारे में गहन अध्यन किए जाने की आवश्यकता है और इससे सीखने की भी व्यापक संभावनाएं अस्तित्व में बनी हुई हैं। उदाहरण के लिए शुरूआत राजनैतिक विषमताओं भरे माहौल पर गौर किया जाना सर्वथा उपयुक्त रहेगा। जैसा कि हम सभी जानते हैं,कि कारगिल पर पाकिस्तान के नापाक कब्जे का प्रयास तब हुआ जब केंद्र में जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार थी और स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी देश के प्रधानमंत्री थे। ये अपने आप में ऐतिहासिक कीर्तिमान है कि उनकी सरकार में लगभग दो दर्जन राजनैतिक दल भागीदार रहे। वो भी ऐसे ऐसे कि अधिकांश दल और नेता पारंपरिक रूप से ही एक दूसरे को फूटी आंख नहीं सुहाते थे। सबके अपने अपने राजनैतिक स्वार्थ थे। तब कारगिल जैसे गंभीर मुद्दे पर सभी को एक राय करना मेंढ़कों को तराजू के पलड़े में तौलने जैसा दुष्कर कार्य था। जैसा कि हम अक्सर देखा करते हैं, कई राजनैतिक दल राष्ट्रीय और क्षेत्रीय तौर पर ऐसे हैं जो हमेशा पाकिस्तान के साथ बातचीत करने की हिमायत करते रहते हैं। ऐसा भी नहीं है कि इस तरह की बात करने वाले दल अथवा नेता आश्वस्त हों कि वार्ता शुरू होने से पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आ जाएगा। बल्कि सही बात ये है कि देश के मतदाताओं में एक वर्ग ऐसा भी है जो मजहबी तौर पर पड़ौसी दुश्मन देश के प्रति व्यक्तिगत स्तर पर दोस्ताना रवैया अख्तियार करता है और चाहता है कि हमारे वोट के जरूरतमंद नेता भी पाकिस्तान के साथ ऐसा ही भाईचारे वाला व्यवहार करें। बस इन्हें ही तुष्ट बनाए रखने के लिए कई बार हमारे कई राजनैतिक दल और नेता तुष्टीकरण की नीति अपनाए रहते हैं। ऐसे में जरूरी हो गया था कि तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी नीति पर काम करें कि पाकिस्तान को ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाए और आपसी सियासी लाभ हानि के गणित को हर हाल में निष्फल किया जा सके, ताकि देश पर कोई राजनैतिक संकट खड़ा न हो जाए। तब उन्होंने सेना के हाथ खुले छोड़ते हुए ये संदेश आम किया कि सरकारें आएंगी जाएंगी, राजनैतिक परिस्थितियां बनती बिगड़ती रहेंगी, लेकिन ये देश सलामत रहना चाहिए और मैं वही करने जा रहा हूं। सरकार जाती है तो अभी चली जाए, किंतु देश के भाल को कलंकित कर रहा दुश्मन बचकर नहीं जाना चाहिए। सबको पता है और उस समय के नेता भी जानते थे कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी की नीयत पर शक शुबहा की कोई गुंजाईश जनता के बीच कभी रही ही नहीं, सो तब भी जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही। बस यही वजह रही कि अनेक आपसी मतभेद होने के बाद भी सरकार में शामिल सभी राजनैतिक दल इस फैसले में सहज ही प्रधानमंत्री के साथ हो लिए और विपक्ष ने भी देशहित के सवाल पर सकारात्मक रवैया अपनानाया जाना उचित जाना। नतीजा सबके सामने है, हमने सीमित समय में बेहद विपरीत हालातों के बावजूद उस युद्ध को जीता और दुश्मन को उसी की भाषा में जवाब दिया जा सका। बाद में तत्कालीन राजग सरकार को कारगिल में जीत का इतना अच्छा प्रतिसाद मिला कि चौबीस दलों वाली श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार केवल देश में ही नहीं, दुनियाभर में सराहना की पात्र बनी और आपदकाल में एकता की मिसाल कायम करने में सफल साबित हुई। अंतर्राराष्ट्रीय स्तर पर भी देखें तो खुद को दुनियां का ठेकेदार समझने वाला अमेरिका हमारी नाक में कौड़ी डालने को आतुर नजर आ रहा था। क्योंकि वो नहीं चाहता था कि भारत परमाणु शक्ति बने, लेकिन देश का हित सर्वोपरि रखते हुए श्री अटल बिहार वाजपेयी जी की राजग सरकार ने एक साल पहले ही पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दिखाया था। इससे अमेरिका बौखलाया हुआ था, नतीजतन हमारे देश पर अनेक आर्थिक प्रतिबंध लागू किए जा चुके थे। शायद उसे उम्मीद थी कि आर्थिक दवाब में आकर चौबीस दलों वाली वाजपेयी सरकार जल्दी ही घुटनों के बल दिखाई देगी। लेकिन वो ये बात भूल गया कि तत्कालीन भारत सरकार का नेतृत्व एक ऐसा नेता कर रहा था, जिसने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखाओं में देशभक्ति के तराने केवल गाए ही नहीं थे, उन्हें आत्मसात भी किया था। अतः अटल सरकार का झुकना असंभव था और वो झुकी भी नहीं। जैसे ही भारतीय तोपों ने गरजना शुरू किया और जब कारगिल का दांव पाकिस्तान पर उल्टा पड़ता दिखाई दिया तो वो कश्मीर और परमाणु परीक्षण का मुद्दा लेकर अमेरिका की शरण की ओर भागा। वहां उसने भारत के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने की बात रखी और युद्ध में पाकिस्तान का साथ देने की गुहार लगाई। अमेरिका को भी ऐसा करना सहज लगा सो वहां के शीर्षस्थ नेता ने हमारे प्रधानमंत्री को फोन लगा दिया और अपेक्षा जताई कि जब पाकिस्तान वार्ता की टेबिल पर बैठने की पहल कर रहा है तो भारतीय प्रधानमंत्री को भी शांति का महत्व समझते हुए अमेरिका आ जाना चाहिए, ताकि युद्ध विराम की शुरूआत की जा सके। लेकिन श्री अटल बिहारी वाजपेयी अपनी आदत के मुताबिक इस मामले में भी हाजिर जवाब ही रहे। उन्होंने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति से स्पष्ट शब्दों में कह दिया था कि जब तक पाकिस्तान को उसकी नापाक हरकतों का मुंहतोड़ जवाब उसी की भाषा में मिल नहीं जाता, तब तक तो मैं पाकिस्तान से बात करने के बारे में नहीं सोचूंगा, फिर भले ही मुझे व्यक्तिगत तौर पर इसकी कोई भी कीमत क्यों न चुकानी पड़ जाए। जरा गौर करें, ये टके सा जवाब भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा एक ऐसे देश के शीर्षस्थ नेतृत्व को दिया गया था, जो ये मानकर चलता रहा कि उसके सामने न कहने की हिम्मत तो दुनिया के किसी देश या नेता में है ही नहीं। यानि हम कारगिल की चोटियों पर ही नहीं लड़ रहे थे, दुनिया के ठेकेदारों को भी सबक सिखाने एक मोर्चा हमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी लेना पड़ रहा था। काबिले गौर बात ये रही कि हम दोनों ही मोर्चों पर सफल रहे, सीमा पर भी और वैश्विक चौधराहट को ठीक करने के मामले में भी। इस लड़ाई की एक और विशेषता ये रही कि जब दोनों देशों की सेना आमने सामने थी तो हम नीचे थे और दुश्मन हमसे सैकड़ों फुट ऊपर कारगिल की चोटियों पर डटा हुआ था। ऐसे में कुछ विश्लेषक असंभव परिणामों की कल्पना भी करने लगे थे। बात सही भी लगती है कि जब दो सेनाओं के बीच ठनी हो और एक सेना सैकड़ों फुट की ऊंचाई पर जमी हो और दूसरी गहरी खाइयों से लोहा ले रही हो तब कौन कहेगा कि नीचे वाले जीतेंगे और ऊपर बैठे लोग मुंह की खाएंगे। लेकिन हुआ वही जो करने के लिए भारतीय सेना विख्यात रही है। पहले तो हम किसी को छेड़ते नहीं और यदि हमें कोई छेड़े तो उसे हम छोड़ते नहीं। एक निश्चित समय में हमने कारगिल युद्ध में विजय पाई और पाकिस्तान को उसकी औकात समझाने में हमेशा की तरह ही सहज सफल साबित हुए। यहां समझने वाली बात ये है कि यदि परिस्थितियां विपरीत हों या संसाधनों की विषमता, हमें अपने आत्मबल को बेहतर बनाए रखना चाहिए। यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और नीयत साफ तो फिर सामने पाकिस्तान हो या फिर अमेरिका, जीत हमेशा सत्य की ही होती है। दुनियां ने देखा कि हमने पाकिस्तान को तो ठीक किया ही, अमेरिका को भी ये अहसास कराने में सफल रहे कि वो संसाधनों की दृष्टि से भले ही साधन सम्पन्न देश क्यों न हो, लेकिन यदि भारतीय संप्रभुता की बात आएगी तो यहां का प्रधानमंत्री किसी की भी चौधराहट बर्दाश्त नहीं करेगा। एकदम यही रवैया वैश्विक स्तर पर वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी अपना रखा है। अब बात करते हैं हमेशा की तरह कारगिल में भी मुंह की खाने वाले पाकिस्तान की । ये एक ऐसा देश है जिसकी करतूतों की तुलना कुत्ते की दुम से की जा सकती है। एक कहावत विख्यात है कि कुत्ते की दुम को सालों तक भी लोहे की सलाखों के साथ बांध के रख दिया जाए तो भी वो सीधी नहीं हो सकती। इस देश का रवैया भी एकदम कुत्ते की दुम के जैसा ही है। हमारे नेताओं ने कभी भी पाकिस्तान का बुरा तो नहीं चाहा, ये बात डंके की चोट पर कही जा सकती है। लेकिन दुर्भाग्यजनक बात ये है कि पाकिस्तान की तो नींव ही भारत विरोधी एजेंडे पर टिकी हुई है। यही वजह है कि वहां के हुक्मरान हों या फिर सेना, ये जब कभी भी अपनी दिग्भ्रमित कार्यप्रणाली के चलते जनता की नजरों में निष्फल साबित होने लगते हैं, वैसे ही भारत को पानी पी पी कर कोसना शुरू कर देते हैं। उस पर फिर राग कश्मीर तो इन्हें सियासी तौर पर अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराता ही है। लिहाजा ये हर कहीं भारत की खिलाफत करते और राग कश्मीर आलापते दिखाई देते रहते हैं। उनकी इसी फितरत का कारण बनकर कारगिल कंड सामने आया। दरअसल भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी उन दिनों पाकिस्तान के साथ सम्बन्धों को मजबूती प्रदान करने के महती कार्य को अंजाम दे रहे थे। वे ऐसा मानते थे कि पड़ोसी वो प्राकृतिक अवस्था है जिसे बदला नहीं जा सकता। अतः जहां तक हो सके अपने विकास के साथ साथ उसकी बेहतरी के प्रयास आम सहमति के आधार पर बने रहना चाहिए। वो कहते भी थे कि भारत और पाकिस्तान को आपस में लड़ने की बजाय अपने यहां की गरीबी और अशिक्षा से एक साथ लोहा लेने की जरूरत है। इसी सोच के चलते वे बेहद सौहार्दपूर्ण वातावरण में बस में बैठकर लाहौर तक गए। वहां पर उन्होंने पाकिस्तानी जनता का वह खौफ भी दूर किया जो वहां के नेताओं ने व्यापक पैमाने पर फैला रखा था कि भारत के परमाणु बम और अत्याधुनिक हथियार अंततः पाकिस्तान के खिलाफ ही काम आने वाले हैं। तब अटल जी ने ये हस्ताक्षरित भरोसा वहां की जमीन पर खड़े होकर वहां की जनता को दिलाया था कि शुरूआत कभी भी हमारी तरफ से नहीं होगी। परमाणु बम का इस्तेमाल भी भारत कभी अपनी ओर से नहीं करेगा, लेकिन यदि हमें अकारण छेड़ा गया तो युद्ध भले ही कोई शुरू करे, उसे खत्म हमारी सेना ही करेगी। अटल जी का ये साफ सुथरा रवैया पाक जनता की समझ में तो आया, लेकिन सत्ता पर गिद्ध दृष्टि जमाए बैठी सेना को रास नहीं आया। नतीजा ये निकला कि उनकी आपसी सिर फुटव्वल ने कारगिल का षड़यंत्र रचा जो तीन महीने और तेईस दिन तक चलने वाले युद्ध का कारण बना। इससे समझ में आता है कि हम कितने भी सही क्यों न हों, यदि पड़ोसी नापाक नीयत पालकर बैठा है तो एक जिम्मेदार देश को अपनी संप्रभुता को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतना जरूरी हो जाता है। साथ में ये पाठ सिखाना भी अनिवार्य हो जाता है कि उसकी बार बार की घृष्टताओं को न तो अब क्षमा मिलेगी और न ही उन्हें नजरंदाज किया जाएगा। अतः हमारी विदेश और रक्षा नीति अब पाकिस्तान के साथ शठे शाठ्यम समाचरेत के बोध वाक्य से सज्ज अस्तित्व में है। ये हमने अटल सरकार की सहृदयता और पाकिस्तान द्वारा पीठ में छुरा घोंपने की फितरत से ही सबक लिया है कि अब यदि उस ओर से किसी प्रकार की हिमाकत की जाती है तो बात केवल गोली और गोलों से ही की जाए। साथ में जरूरत लगे तो उसे उसके घर में घुसकर ठीक करने की रणनीति पर भी अमल किया जाए और ऐसा किया भी जा रहा है। कारगिल का युद्ध हमें एक और ऐसा सबक देता गया, जिस पर अधिकांश विश्लेषकों की नजर कम ही गई है। वो ये कि सामरिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण कारगिल की चोटियों पर पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों के साथ मिलकर कब्जा जमा लिया है, ये जानकारी किसी खुफिया एजेंसी के माध्यम से नहीं मिली थी। दरअसल वहां की वादियों में भेड़ें चराने वाले एक देशभक्त बालक ने हमारी सेना को यह चौंकाने वाली जानकारी मुहैया कराई थी। उस बालक ने ही सबसे पहले ये बताया था कि उसने कारगिल की कुछ चोटियों पर दुश्मन देश के सैनिकों और कुछ संदिग्ध लोगों को देखा है। सेना ने तत्परता के साथ जब ये जांच पड़ताल की तो बालक द्वारा मुहैया कराई गई सूचनाा शत प्रतिशत सच निकली। तत्काल एहतियाती कदम उठाते हुए सरकार को इस गंभीर हालात से अवगत कराया गया। जल्दी ही ईट का जवाब पत्थर से देने का राजनैतिक निर्णय अटल सरकार की ओर से प्राप्त हो गया और दुश्मन की अक्ल ठिकाने लगाई जा सकी। इस पूरे परिदृश्य में वह बालक और उसकी भूमिका अहम हो जाते हैं, जिसने हमारी सेना को सर्व प्रथम वास्तविकता से अवगत कराया और देश के प्रति अपने कर्तव्य का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन किया। **-डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

# मतदाता पुनरीक्षण पर राजनीति के निहितार्थ

## डॉ. सुधाकर आशावादी

**देश की अधिकांश जनता विपक्ष को नकार चुकी है। विपक्ष इसे अपनी नैतिक हार न मान कर भी बेशर्मी से अपनी हार का ठीकरा कभी ईवीएम के मत्थे मढ़ता है, कभी चुनाव आयोग पर।**

किसी भी राष्ट्र की समृद्धि सभी नागरिकों की राष्ट्र के प्रति समर्पित भावना से ही संभव है तथा स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जितनी उपयोगिता सत्ता पक्ष की है, उससे अधिक उपयोगिता सकारात्मक विपक्ष की है, जो पग पग पर सत्ता को जनविरोधी नीतियों के विरुद्ध घेरता रहे, बिना किसी तार्किक आधार के मात्र विरोध के नाम पर विरोध की राजनीति न करे। विडम्बना है कि भारत में विपक्ष केवल नकारात्मक दिशा में गतिशील है। विपक्ष को भारत की एकता व अखंडता से जुड़े मुद्दों से कोई सरोकार नहीं रह गया है। यदि उसे देश की संवैधानिक संस्थाओं पर तनिक सा भी विश्वास होता, तो वह संकीर्ण चिंतन एवं मात्र राजनीतिक कारणों से जनहितकारी नीतियों का विरोध न करता और न ही लोकतंत्र के प्रमुख घटक मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के विरुद्ध अनर्गल और अतार्किक बयानबाज़ी करता। विधान सभाओं से लेकर संसद तक मतदाता सूची के परीक्षण पर बवाल मचाता। विपक्ष के सम्मुख एक बड़ी चुनौती अपना अस्तित्व बचाने की है। अनेक चुनाव परिणामों से स्पष्ट हो चुका है, कि देश की अधिकांश जनता विपक्ष को नकार चुकी है। विपक्ष इसे अपनी नैतिक हार न मान कर भी बेशर्मी से अपनी हार का ठीकरा कभी ईवीएम के मत्थे मढ़ता है, कभी चुनाव आयोग पर। ऐसा करते समय विपक्ष भूल जाता है कि वही चुनाव आयोग और वही ईवीएम उन राज्यों में भी कार्य कर रहा है, जहां विपक्ष से जुड़े राजनीतिक दलों का सत्ता पर कब्जा है। मतदाता पुनरीक्षण पर कांग्रेस, राजद, सपा, तृणमूल कांग्रेस सहित जो जो दल सवाल खड़े कर रहे हैं। उन्हें देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने करारा जवाब दिया है तथा उनसे पूछा है कि पारदर्शी प्रक्रिया से तैयार की जा रही मतदाता सूची क्या मजबूत चुनाव और मजबूत लोकतंत्र की नींव नही है? क्या जिन लोगों की मौत हो चुकी है, उन्हें वोट डालने दिया जाए? क्या अपात्र लोगों को मताधिकार मिलना चाहिए? कड़वा सच यही है, कि जब जब लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुधार के प्रयास किए जाते हैं, तब तब अराजक तत्व और उनके समर्थक राजनीतिक दल सुधारों का विरोध करने के लिए सड़क से लेकर संसद तक विरोध पर उतर आते हैं तथा व्यवस्था के सकारात्मक सुधार को स्वीकार नहीं कर पाते। कौन नहीं जानता कि अव्यवस्था का समर्थन वही करते हैं, जिन्हें प्रचलित अव्यवस्था से कोई लाभ प्राप्त हो रहा हो। विचारणीय प्रश्न यह भी है, कि क्या एक नागरिक को एक से अधिक मताधिकार प्रयोग करने का अधिकार मिलना चाहिए। जिन नागरिकों ने अपने स्थाई निवास और अपने कार्यस्थल पर अलग अलग मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा रखा हो, क्या उन्हें इस जालसाज़ी की सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या किसी भी मतदाता को दो स्थानों पर मतदान की आज़ादी मिलनी चाहिए? क्या मतदाता सूची में पारदर्शिता नहीं होनी चाहिए? गंभीर चिंतन का विषय यही है कि मतदाता सूचियों में गड़बड़ का आरोप लगाने वाले ही यदि मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर सवाल उठाएँगे, तो सवाल उठने वालों की नीयत पर भी सवाल खड़े होंगे। केवल एक ही प्रदेश की मतदाता सूची का प्रश्न नहीं है। सवाल पूरे देश में चुनाव सुधारों का है, जिसके लिए निष्पक्ष मतदाता सूची देश की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। जहां तक संभव हो, विभिन्न चुनावों के लिए पृथक पृथक मतदाता सूची जारी करने से अच्छा है कि राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक मतदाता सूची बने। हर चुनाव से पहले उसकी वैधता व विश्वसनीयता का परीक्षण हो, ताकि किसी भी राजनीतिक दल को मतदाता सूची पर सियासत करके जनता को भ्रमित करने का अवसर ही न मिल सके।

## सेहत मंत्र

# सेहत और त्वचा के लिए फायदेमंद है आर्गन ऑयल

आर्गन ऑयल आयुर्वेद का दिया हुआ ऐसा तोहफा है जो न केवल त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद है बल्कि स्वास्थ्यवर्धक गुणों से भी भरपूर्ण है। इसलिए ये लिक्विड गोल्ड यानी तरल सोना भी कहलाता। इसमें ओमेगा फैटी एसिड, विटामिन ई और एंटीऑक्सिडेंट मौजूद है। आर्गोनिया स्पीनोसा नामक पेड़ के फल के गूदे से घिरे हुए सख्त नट में मौजूद गुठलियों में आर्गन तेल निकाला जाता है। बता दें कि आर्गन ऑयल भारत में नहीं बल्कि विदेशों में मौजूद हैं। जिसे पहले दुनिया भर में व्यापक तौर पर नहीं लिया जा सकता था। वहीं, अब अपने स्वास्थ्यवर्धक गुणों के कारण ये व्यापक के रूप में भी मिलने लगा है। जोकि सबसे ज्यादा मंहगे तेलों में से एक है। आर्गन ऑयल जितना ज्यादा सेहत के लिए फायदेमंद उतना ही सुंदरता को बढ़ाने में भी लाभदायक है। इसका इस्तेमाल खाना बनाने के अलावा कई अन्य तरह से किया जाता है। आज हम आपको आर्गन ऑयल के कुछ ऐसे बेहतरीन फायदे बताने जा रहे हैं जिन्हें जानने के बाद आपके मन में भी इसे इस्तेमाल करने का ख्याल एक बार तो जरूर आएगा, आइए आपको इसके कुछ फायदों के बारे में बताते हैं। आर्गन ऑयल का खाना बनाने में इस्तेमाल करने से शरीर को कई लाभ होते हैं। ये हृदय के स्वास्थ्य का ख्याल रखता है। इसके अलावा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम कर अच्छे कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है। इस तेल से बने भोजन का सेवन करने से दिल का दौरा, कोलेस्ट्रॉल से जुड़े रोग, धमनियों का सख्त होने के अलावा अन्य रोगों से बचाव किया जा सकता है। अगर आप अपने दिल को स्वस्थ बनाएं रखना चाहते हैं तो अपना खाना आर्गन ऑयल से बना सकते हैं। जिस तरह से सेहतमंद भोजन खाना जरूरी है, ठीक वैसे ही उस आहार का पचना भी काफी जरूरी है। दरअसल, पाचन क्रिया सही तरह से काम न करने पर शरीर आहार को सही तरह से प्रयोग नहीं कर पाता है जैसे उसे करना चाहिए। इसलिए आपके पाचन तंत्र का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। इसके लिए आप आर्गन ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें मौजूद यौजिक तत्व हमारे पाचन क्रिया को सुधारने के साथ पोषक तत्वों के अंतर्ग्रहण को भी बढ़ा देता है।

## धर्म मंत्र

# सावन में मनचाहा फल पाने के लिए शिव जी को चढ़ाएं बेल पत्र

चंद्रमा और गंगा को अपने शीश में धारण करने वाले, गले में सर्पों की माला और तन पर भस्म का श्रृगांर करने वाले भगवान शिव का प्रिय माह सावन चल रहा है। इस माह में श्रद्धा और आस्था से जो भी भगवान शिव का पूजन करता है, शिव जी उस पर अवश्य कृपा करते हैं। भगवान शिव अति शीघ्र प्रसन्न होने वाले आशुतोष और अवघड़दानी हैं, वो तो केवल श्रद्धाभाव से जल अर्पण करने मात्र से प्रसन्न हो जाते हैं। लेकिन सावन के महीने में भगवान शिव से मनवांछिल फल प्राप्त करने के लिए अलग-अलग तरह के पुष्प चढ़ाने का विधान है। हरसिंगार- भगवान शिव को सावन के महीने में हरसिंगार के फूल अर्पित करने से व्यक्ति को सुख-संपत्ति की प्राप्ति होती है। उसके जीवन की सभी बाधाओं और दुखों का नाश होता है। बेल पत्र- शिव पुराण के अनुसार बेल पत्र के वृक्षों की उत्पत्ति माता पार्वती के पसीने से हुई थी। इसलिए ही बेल पत्र भगवान शिव को सबसे प्रिय है। मान्यता है कि सावन के महीने में शिव जी को बेलपत्र अर्पित करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। दूर्वा- दूर्वा भगवना गणेश को प्रिय है, गणेश जी के किसी भी पूजन में दूर्वा जरूर चढ़ाई जाती है। लेकिन सावन के महीने में शंकर जी दूर्वा चढ़ाने से व्यक्ति निरोगी रहता है और लंबी आयु प्राप्त करता है। कमल- सावन के महीने में भगवान शिव से धन-वैभव प्राप्त करने के लिए कमल का फूल चढ़ाना चाहिए। भगवान शिव के महामायाधर रूप का पूजन कमल के पुष्प से किया जाता है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी की कृपा होती है और धन- संपदा का आशीर्वाद देती हैं।

## पर्यटन



# मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन है ‘पचमढ़ी’, घूमने के लिहाज से है बेहतरीन

मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन, पचमढ़ी मध्य प्रदेश का इकलौता हिल स्टेशन है। इसे लोकप्रिय रूप से सतपुड़ा की रानी या क्वीन ऑफ़ सतपुड़ा कहा जाता है। यह हिल स्टेशन 1110 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा है। यह हिल स्टेशन भारतीय इतिहास में भी एक पौराणिक महत्व रखता है। माना जाता है कि यह पांडवों के निर्वासन के दौरान उनका निवास स्थान था। पचमढ़ी पर्यटन स्थलों में कई गुफाएं, झरने, पहाड़ियां, मंदिर और वन्यजीव अभ्यारण्य शामिल हैं जो मध्य प्रदेश के इस खूबसूरत हिल स्टेशन को पर्यटकों के बीच लोकप्रिय बनाते हैं। पांडव गुफाएं- पचमढ़ी में घूमने के लिए पांडव गुफाएं सबसे अच्छी जगहों में से एक हैं। शानदार सतपुड़ा पर्वतमाला की पृष्ठभूमि के साथ, पांडव गुफा 5 रॉक-कट बौद्ध मंदिरों का एक समूह है। पौराणिक स्रोतों से पता चलता है कि पांडव अपने निर्वासन के दौरान इन मंदिरों में रुके थे, इसलिए इसका यह नाम पड़ा। 9वीं शताब्दी में बने इन मंदिरों को सुंदर मूर्तियों और नक्काशी से सजाया गया है। बी फॉल्स- बी फॉल्स, पचमढ़ी में स्थित एक खूबसूरत झरना है। इसे जमुना प्रपात के नाम से भी जाना जाता है। यह जलप्रपात पचमढ़ी घाटी के लिए पीने का पानी उपलब्ध कराता है। यह झरना एक सुंदर भनभनाहट के साथ बहता है इसलिए इसे बी फॉल्स के नाम से जाना जाता है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों के बीच, बी फॉल्स एक लोकप्रिय पिकनिक स्पॉट के तौर पर प्रसिद्ध है। बी फॉल्स में लोग अक्सर तैराकी के लिए जाते हैं। रोमांच पसंद करने वाले लोग धारा को पार करके, बी फॉल्स के माध्यम से दूसरे स्नान कुंड रजत प्रपात तक पहुंच सकता है। जटा शंकर गुफाएं- जटा शंकर गुफाएं, पचमढ़ी के सबसे पवित्र स्थलों में से एक हैं। प्रचलित लोककथाओं के अनुसार, यह वह स्थान माना जाता है जहां भगवान शिव ने भस्मासुर के प्रकोप से खुद को छुपाया था। जटा शंकर गुफाएं एक विशाल चट्टान की छाया के नीचे एक प्राकृतिक शिवलिंगम का दावा करती हैं। इसके साथ ही, गुफा में पत्थर का निर्माण शेषनाग से मिलता जुलता है।

# हैदरगढ़ में राजस्व वसूली अभियान ने पकड़ी रफ्तार प्रशासन की सख्ती से वसूली में आया सुधार

## राजस्व टीम की तत्परता और जिलाधिकारी के निर्देशन में चला सघन अभियान, 50% लक्ष्य की हुई पूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के स्पष्ट निर्देशन व सतत निगरानी में तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र में राजस्व वाणिज्य कर एवं स्टांप शुल्क की वसूली हेतु एक सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान की अगुवाई तहसीलदार शशांक उपाध्याय ने की, जिनके नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीमों ने सुबेहा क्षेत्र में घर-घर जाकर बकायेदारों से संपर्क कर वसूली का कार्य किया और लोगों को जल्द से जल्द बकाया जमा करने के निर्देश दिए।

यह अभियान न केवल प्रशासनिक सजगता का उदाहरण बना, बल्कि इसकी बदौलत 50 प्रतिशत लक्ष्य की वसूली संभव हो सकी। यह उपलब्धि विशेष रूप से इस महत्वपूर्ण मानी जा रही है जब कई क्षेत्रों में राजस्व वसूली अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाती।

तहसीलदार शशांक उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व वसूली को गति देने के लिए विभिन्न टीमें गठित की गई हैं, जो क्षेत्रवार जाकर बकायेदारों से संवाद कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई बकायेदार जानबूझकर भुगतान से बचता है, तो उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। इस संबंध में सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे समय रहते अपनी देनदारियां पूर्ण करें, जिससे उन्हें किसी प्रकार की कार्रवाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि यह अभियान केवल एक बार की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लगातार चलने वाली प्रशासनिक गतिविधि होगी, जिससे राजस्व संग्रहण को प्रभावशाली बनाया जा सके।

राजस्व टीम की प्रशंसा करते हुए तहसीलदार ने कहा कि क्षेत्रीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने विषम परिस्थितियों के बावजूद जो समर्पण दिखाया है, वह सराहनीय है। टीम ने अत्यंत सक्रियता और दक्षता के साथ कार्य किया, जिससे अपेक्षित वसूली का स्तर हासिल किया जा सका। यह अभियान प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति, कर्मचारी सहभागिता और जनजागरूकता के समन्वय का जीवंत उदाहरण है। आने वाले दिनों में इसे और प्रभावी बनाने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। जिन नागरिकों के ऊपर राजस्व, वाणिज्य कर या स्टांप शुल्क का बकाया है, वे शीघ्र संबंधित कार्यालय में जाकर भुगतान सुनिश्चित करें, जिससे अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके और प्रशासन के सहयोगी बनें।

# हैदरगढ़ ब्लॉक में पांच विकास कार्यों का लोकार्पण

## क्षेत्र पंचायत निधि से हुए कार्यों का उद्घाटन, ग्रामीणों को मिली सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़ बाराबंकी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम देव सिंह के प्रयास से हैदरगढ़ विकासखंड क्षेत्र में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत निधि से निर्मित पांच महत्वपूर्ण विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। इन कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय निवासियों को बुनियादी सुविधाएं मिलने के साथ आवागमन और जल सुविधा जैसे विषयों में राहत मिलेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत जिन कार्यों का उद्घाटन किया गया, वे निम्नलिखित हैं ग्राम पंचायत सरांय गोपी में इन्हौना मार्ग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक इंटरलॉकिंग मार्ग का निर्माण किया गया, जिसकी लागत ?4 लाख रही।ग्राम पंचायत शुकुलपुर में राम सिंह के घर से अमेठी बॉर्डर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण ?7 लाख की लागत से कराया गया।पलिया वलीपुर सटेहटा में पक्की सड़क से कन्हैयालाल मौर्य के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य को 10 लाख की लागत से पूर्ण किया गया।पलिया अहिरगांव मार्ग पर अवस्थी के पालेशर के सामने से नीमर पासी के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण 10 लाख में हुआ।सरांय गोपी स्थित स्वामी दयाल इंटर कालेज में वॉटर कूलर निर्माण कार्य 4 लाख की लागत से किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों में गणमान्यजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में नि. मंडल अध्यक्ष सुबेहा श्री राम सागर मौर्य, मंडल अध्यक्ष श्री रणवीर सिंह मोनू, मंडल उपाध्यक्ष श्री विक्रम सिंह, कोषाध्यक्ष श्री राम किशोर गुप्ता, मंडल महामंत्री श्री रूपचंद्र चौरसिया, डॉ. अरविंद सिंह, तथा क्षेत्र के सभी प्रमुख ग्राम प्रधान श्री संतोष कुमार सिंह श्री जसवंत मौर्य , श्री विनोद शुक्ला श्री मनोज मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया।इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य श्रीमती शिवरता, श्री राजेश, श्री राम सेवक, आचार्य मनोज सिंह, श्री विनय शुक्ला, श्री देवी बक्श सिंह, श्री जितेंद्र वैश्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि हैदरगढ़ ब्लॉक अब विकास की ओर तेजी से अग्रसर है और जनता को हर स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

# कूड़ा ढेर में मिले सैकड़ो आधार कार्ड डाकघर का करनामा सुर्खियों में

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। आधार कार्ड यूनिक आईडी भले ही भारतीय नागरिक के मुख्य पहचान पत्र हो। परंतु मसौली डाकघर कर्मियों के लिए कूड़े से अधिक कुछ नहीं। डाकघर के समीप जंगल झाड़ी में सैकड़ो की तादाद में फाइल पड़े आधार कार्ड देख कर लोग दंग रह गए।जिससे क्षेत्रीय लोगो मे रोष व्याप्त है। आधार कार्ड को बनवाने एवं सही कराने के लिए लोगो को दर दर भटकना पड़ता है।बताते चले कि वर्तमान समय क्षेत्र में केवल डाकघर मसौली मे ही आधार कार्ड संसोधन एव नये आधार कार्ड बनाये जाते है आधार कार्ड बनवाने एव संसोधन के लिए कई कई दिन दौड़ना पड़ता है। इस डाकघर में सेविंग फिक्स्ड डिपाजिट मनी आर्डर, वेतन पेंशन अकाउंट संबंधी कार्य के आलावा पोस्ट मास्टर पत्र व्यवहार भी कर रहे हैं। इसके बाद भी यहां के कर्मचारी आधार कार्ड जैसी मुख्य जरूरती डाक भी उपभोक्ताओं के घर नहीं पहुंचा रहे हैं। इसी के चलते भारी संख्या में पोस्ट ऑफिस के निकट नाली एव झाड़ी मे आधार कार्ड कूड़े में फेंके जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि जब वे डाकघर पहुंच कर आधार कार्ड का पता करते है तो पोस्टमैन द्वारा बताया जाता कि अभी उनका आधार कार्ड नहीं आया है। यह भी कहा जाता कि आने पर घर भिजवा दिया जाएगा।

सरकारी एवं निजी संस्थानों में आधार कार्ड अनिवार्य है। जिसके लिए ग्रामीणों के आधारकार्ड में त्रुटियां होने पर काफी जद्दोजहद के बाद भी नही बन पाते है। जिसके लिए कस्बा मसौली में आधार कार्ड सही करने के लिए दूरदराज से लोग पहुंचकर खाना पूर्ति करते है लेकिन उसको आधार कार्ड नसीब नही हो पाते है।जिसकी हकीकत डाक घर मसौली के बगल के रास्ते में सैकड़ों आधार कार्ड बिखरे पड़े हुए थे। कुछ तो आस-पास के लड़के खेलने के लिए उठा ले गए। लेकिन जिन ग्रामीणों के आधार कार्ड फेंक दिये गए वह आज भी सरकारी योजनाओं से कोसों दूर है। मसौली डाकघर के डाक पाल सर्वेश रावत बताते है कि जानकारी मिली है संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

# पंचायत सहायक लापता, ताले में बंद जनकल्याण! गांव भटक रहा और नींद की आगोश में जिम्मेदार

## तीन महीने से लापता पंचायत सहायक, जिम्मेदार अनभिज्ञ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर, बाराबंकी। पूरब बेलाव की ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं का हाल कुछ यूं है , ताला लटक रहा है, भवन सड़ रहा है और सहायक 'खो' गया है। पंचायत भवन महीनों से बंद है, न कोई हलचल, न कोई कामकाज। गांव वाले योजनाओं की उम्मीद लेकर आते हैं और लौटते हैं ताले को निहारते हुए। पंचायत भवन पर ताले की गूंज सरकार की 'डिजिटल इंडिया' और 'ग्रामोदय' जैसी योजनाओं को मुँह चिढ़ा रही है। पंचायत सहायक मोहम्मद आसिफ खान जी की तैनाती तो है, लेकिन तस्दीक करने पर पता चला , वे खुद स्वीकारते हैं कि ''करीब तीन महीने से पंचायत भवन नहीं गए हैं।'' साहब, न बाउंड्री है, न कंप्यूटर है , और शायद न ही ज़िम्मेदारी का अहसास है। लैपटॉप नहीं है, भवन में सफाई नहीं है, लेकिन सबसे बड़ी बात , जवाबदेही भी नहीं है। नजारा यह है कि अंदर-बाहर गंदगी का अंबार है, और ग्रामीणों की उम्मीदें मलबे में दब रही हैं। मनरेगा कार्ड हो या वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास हो या राशन कार्ड , लोग दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। शिकायतें भी हो चुकी हैं, लेकिन 'प्रशासनिक शांति' बनी हुई है। जब पंचायत सहायक से सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, ''बाउंड्री नहीं है, सिस्टम नहीं है...'' तो क्या अब सरकारी जिम्मेदारी भी भवन की दीवार और मशीन पर टिकी है ? इस बाबत जब कार्यवाहक एडीओ पंचायत रेखा चौधरी से पूछा गया, तो उन्होंने आश्वस्त किया कि ''यदि सहायक भवन पर उपस्थित नहीं हो रहा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।'' पर गांव का सवाल अब भी वहीं खड़ा है, ''जांच कब होगी?'' और उससे भी बड़ा सवाल, ''जब महीनों से काम ठप है, तो वेतन चालू कैसे है ? ग्रामीण अब यह जानना चाहते हैं कि क्या पंचायत सहायक की 'लापता सेवा' भी सरकार की किसी नई योजना का हिस्सा है? या फिर अधिकारियों की चुप्पी, लापरवाह कर्मचारियों की ढाल बन चुकी है? अब वक्त है – ताले को नहीं, सिस्टम को खोलने का। ताकि योजनाएं कागजों से बाहर निकलकर धरातल पर आ सकें।

## नहर सफाई का दायित्व स्वयं निर्वहन करेंगे किसान

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। किसानों ने अपनी समस्या का समाधान स्वयं करने का निर्णय लिया है। पंजरौली माइनर के रायगंज के पास कुलाबे की सफाई न होने से परेशान किसान अब श्रमदान करके इसकी सफाई कर रहे हैं।ग्राम पंचायत मैलारायगंज के पास स्थित पंजरौली माइनर में जमा मिट्टी की खुदाई के लिए किसानों ने कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनवाई न होने पर किसानों ने स्वयं मोर्चा संभाल लिया। अदीब मिंया, नंदकिशोर गौतम, उर्फी मिंया, मुन्नू अंसारी, राजेश कुमार गौतम, राजू किदवई, नान वर्मा, सुरेश गौतम और सहजराम गुप्ता जैसे किसान शनिवार को श्रमदान कर कुलाबे की खुदाई में जुटे हैं। उनका उद्देश्य धान की फसल की समुचित सिंचाई सुनिश्चित करना है।इस अवसर पर शिब्ली मिंया और अदीब मिंया ने बताया कि किसान अपने खेतों के पास कुलाबे की खुदाई स्वयं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और सिंचाई विभाग को किसानों की इस समस्या से कोई लेना-देना नहीं है।किसानों का यह प्रयास दर्शाता है कि वे अपनी फसल बचाने के लिए किस प्रकार स्वयं आगे आकर समाधान खोज रहे हैं, जबकि संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि उनकी समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## समाधान दिवस आयोजित, शिकायतों के निस्तारण पर दिया गया जोर

हैदरगढ़ बाराबंकी थाना लोनीकटरा में थानाध्यक्ष अभय मौर्य की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व से संबंधित कुल 10 मामलों में से 4 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित टीमों का गठन किया गया है।इसी क्रम में सिद्धौर संवाददाता के अनुसार, कोठी थाना परिसर में भी समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान कुल 13 मामले प्रस्तुत किए गए, जिनमें 10 मामले राजस्व विभाग से एवं 3 मामले पुलिस विभाग से संबंधित थे। मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा 2 पुलिस व 3 राजस्व मामलों का तत्काल समाधान कर दिया गया। शेष मामलों में संबंधित विभागीय टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान सराय नजर निवासी अजय कुमार गौतम ने बताया कि वे भूमि विवाद के समाधान हेतु तीसरी बार समाधान दिवस में आए हैं, किंतु अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका है।समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व निरीक्षक बांकेलाल, लेखपाल उमा, अमित कनौजिया, संजय रावत, उप निरीक्षक शिवसागर तिवारी, राशिद खान, राजेंद्र सिंह, राजकुमार यादव सहित अनेक प्रशासनिक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कोई भी पात्र वंचित न रहे' ,रामनगर में योजनाओं के क्रियान्वयन पर सख्त दिखे आयोग सदस्य

## स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर नगर विकास तक, रामनगर में गहराई से हुई जांच-पड़ताल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्री विनोद कुमार पटेल ने शनिवार को रामनगर क्षेत्र के विभिन्न विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप समाज के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए, कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रह जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामनगर पहुंचकर ओपीडी, एक्स-रे रूम, इमरजेंसी वार्ड, एनबीएसयू, अल्ट्रासाउंड कक्ष तथा ऑपरेशन थिएटर आदि का गहन अवलोकन किया। स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी लेने के साथ ही संविदा स्टाफ नर्स सविता यादव से प्रसव रजिस्टर मंगवाकर हाल ही में प्रसव कर चुकी महिलाओं व उनके परिजनों से फोन पर बातचीत की। मरीजों और उनके परिवारजनों ने अस्पताल की सेवाओं एवं स्टाफ की सराहना की। सीएचसी तक पहुंचने वाली सड़क, परिसर के समतलीकरण और प्रकाश व्यवस्था संबंधी सवाल पर अधीक्षक डॉ. प्रणव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है, बजट मिलते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इस अवसर पर एसीएमओ डॉ. राजीव कुमार सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. आफताब, एचईओ नीरज वर्मा आदि ने श्री पटेल का स्वागत माल्यार्पण व बुके भेंट कर किया। इसके उपरांत श्री पटेल नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे, जहां नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक व अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार के साथ बैठक कर नगर क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि समस्त लाभकारी योजनाओं का लाभ निश्चित रूप से सभी पात्र नागरिकों को समय पर मिलना चाहिए। फिर वे विकासखंड कार्यालय पहुंचे, जहां सभागार में खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत अभय शुक्ला, एडीओ कृषि डॉ. दलबीर सिंह यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारियों से मनरेगा, गौशालाओं, स्वयं सहायता समूहों आदि की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने दोहराया कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने ब्लॉक परिसर में एक छायादार पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पत्रकारों द्वारा कमियों के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, ''हम यहां कमियां तलाशने नहीं आए हैं, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सही पात्रों को मिले और योजनाओं का क्रियान्वयन गति पकड़े। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडेय भारी पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

ग्रामीण अंचल में आयोजित किए गए टीकाकरण शिविर

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में टीकाकरण शिविर लगाए गए। इन कैंपों का निरीक्षण करने के लिए सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह और सीडीपीओ अर्चना वर्मा ने संयुक्त रूप से क्षेत्र का भ्रमण किया।अधिकारियों ने पीठापुर टीकाकरण कैंप का निरीक्षण किया। वहां एएनएम अर्चना राय, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शशिप्रभा और आशा बहू मौजूद थीं। कैंप में टीकाकरण का कार्य चल रहा था। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अपने सामने गर्भवती महिलाओं और बच्चों का वजन भी करवाया। और पौधरोपण भी किया । नियमित टीकाकरण योजना के अनुसार, जुलाई को चौथे शनिवार को विभिन्न उपकेंद्रों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। सीएचसी अधीक्षक डॉ सन्तोष सिंह ने बताया कि प्रत्येक उपकेंद्र पर नियुक्त एएनएम द्वारा विभिन्न स्थानों जैसे आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय और स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों का उद्देश्य क्षेत्र के सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण की सुविधा प्रदान करना है।

# सेना के शौर्य का प्रतीक है कारगिल विजय दिवस : भूपेंद्र सिंह चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ , संगोष्ठी**

बाराबंकी।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को कुरौली स्थित एक निजी लॉन में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कारगिल विजय दिवस को देशके गर्व एवं स्वाभिमान का पर्व बताया।यह विजय देश की विरासत है।जिसपर 140 करोड़ भारतीय गर्व करते हैं। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य एवं अदम्य साहस का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि किस तरह भारतीय सेनाओं ने कारगिल में इतनी ऊंचाई पर, इतने कठिन युद्ध ऑपरेशन को अंजाम दिया था।इस युद्ध में देश को विजय दिलाने वाले सभी शूरवीरों को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने वालों के नाम अमिट रहते हैं। ये देश उनके लिए कृतज्ञ है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कारगिल में भारत ने केवल युद्ध नहीं जीता बल्कि यह सत्य की भी जीत थी।क्योंकि उस समय भारत शांति के प्रयास कर रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने विश्ववासघात किया। जांबाज सैनिकों के हौसले के आगे पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। पाकिस्तान ने अपने इतिहस से कुछ नहीं सीखा। आतंकवाद और छद्म युद्ध के सहारे पाकिस्तान ने खुद को दुनिया में उपहास का पात्र बना लिया है।ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने 22 अप्रैल की पहलगाम आतंकी घटना का बदला मात्र 22 मिनट में आतंकी ठिकानों को जमींदोज करके पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं का आधुनिकीकरण तेजी पर है। कभी हम रक्षा उपकरणों का आयात किया करते थे मगर भारत अब रक्षा उपकरणों का निर्यातक देश बन गया है। चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर सड़कों और इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण पूरा किया जा चुका है।ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्रह्मोस,आकाश जैसे स्वदेशी रक्षा उपकरणों ने अपनी धाक दुनिया के सामने स्थापित कर दी है।कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के साथ समर्थ और सशक्त भारत की छवि दुनिया के सामने है। जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत के संकल्प को इसलिए ही आगे बढ़ा पा रहे हैं क्योंकि आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं।राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि विडंबना रही कि नेशनल वार मेमोरियल बनाने की बात 1960 में शुरु हुई थी, लेकिन वर्ष 2013 तक कांग्रेस के नेतृत्व में चली यूपीए सरकार इसका डिजायन तक नहीं बना पाई, लेकिन 2014 में मोदी सरकार ने फिर से इस पर काम शुरु किया तथा रिकॉर्ड तीन वर्ष के भीतर देश का नेशनल वार मेमोरियल बन कर तैयार हो गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत,एमएलसी अंगद सिंह, विधायक दिनेश रावत,पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, पूर्व विधायक शरद अवस्थी,पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, अवधेश श्रीवास्तव,अजीत प्रताप सिंह, विवेकादित्य सिंह पूर्व प्रत्याशी अमरीश रावत, रामकुमारी मौर्य, डॉक्टर विवेक वर्मा,संदीप गुप्ता,विजय आनंद बाजपेई,शीलरत्न मिहिर,सरोज रावत,रोहित सिंह,गुरुशरण लोधी आदि उपस्थित रहे।

**किया सम्मान....**

इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।सम्मानित किए गए पूर्व सैनिकों में मेजर शिवकरन सिंह, कैप्टन विजय श्रीवास्तव,नायब सूबेदार अशोक कुमार शुक्ला,हवलदार अखिलेश शुक्ला ,हवलदार सरवन कुमार,नायक हरिकेश सिंह, नायक विनोद कुमार शामिल रहे।

**वीर जवानों को अर्पित की श्रद्धांजलि**

संगोष्ठी के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने राज्यमंत्री सतीश शर्मा एवं अन्य भाजपाइयों संग शहीद उद्यान पार्क पहुंचकर देश के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाले अमर जवानों को पुष्पांजलि अर्पित करके नमन किया।

## अदालत के आदेश पर नष्ट हुई 700 लीटर शराब

मसौली बाराबंकी। मसौली पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर विगत वर्षों में दर्ज विभिन्न आबकारी अभियोगों में जब्त कुल 7 सौ लीटर देशी और अंग्रेजी शराब का विनष्टीकरण किया। इस कार्रवाई के दौरान शराब को थाना परिसर में बनाए गए गहरे गड्ढे में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन क्लीन' अभियान के तहत की गई। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी के निर्देशन एव क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पन्त के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मसौली सुधीर कुमार सिंह, व आबकारी निरीक्षक इंगिता पाण्डेय नवाबगंज क्षेत्र-1 मय टीम की मौजूदगी मे विनष्टीकरण किया गया।

## हादसे में बाइक सवार दंपत्ति जख्मी

बेलहरा-बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत बाहुबली कोल्ड स्टोरेज के पास बाइक सवार दंपत्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में पति-पत्नी दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर दिया गया है। जानकारी के अनुसार फतेहपुर थाना क्षेत्र के दानिश नगर बसारा निवासी हारून (45) अपनी पत्नी आयदा (35) के साथ बाइक से पैगम्बरपुर जा रहे थे। इसी दौरान बेलहरा-छेदा मार्ग पर स्थित बाहुबली कोल्ड स्टोरेज का पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पति-पत्नी घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया जबकि हारून को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# सत्ता में आयी लोकतंत्र कमजोर कर रही भाजपा : लाल जी वर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव लोकसभा सांसद लालजी वर्मा ने देश के लोकतंत्र को जीवित रखना है तो इस देश में व्याप्त सामाजिक और आर्थिक गैर बराबरी को हटाकर समता मूलक समाज बनाना होगा अन्यथा अथक परिश्रम से निर्मित लोकतंत्र मिट्टी में मिल जाएगा। सपा सांसद श्री वर्मा नगर के राजकमल पैलेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर आयोजित आरक्षण दिवस एवं संविधान- मानस्तंभ स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य सभा संबोधित कर रहे थे। सांसद लाल जी वर्मा ने बताया कि 26 जुलाई 1902 में छत्रपति साहू जी महाराज ने अपनी रियासत कोल्हापुर में पिछड़े और वंचित वर्ग को 50 फीसदी आरक्षण देकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की शुरुआत की थी। उसी दिन को पूरे प्रदेश में संविधान सम्मान दिवस के रूप में आयोजित करके अखिलेश यादव जी ने इस देश के संविधान की रक्षा करने का जो बड़ा कदम उठाने का सराहनीय कार्य किया है।भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आने के बाद जिस तरह निरंतर संविधान को कमजोर बनाने का काम कर रही है जिससे हम लोगों को हमारे हक अधिकार नहीं मिल पा रहे हैं। इसलिए हम सबको एकजुट होकर अपने हक अधिकारों को सुरक्षित और लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए हम सबको हर हाल में संविधान की रक्षा करनी ही होगी। आप सबको मालूम है अभी कुछ दिन पहले दिल्ली में संविधान जलाने का काम हुआ। लेकिन इस भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने संविधान जलाने वालों के खिलाफ आज तक कार्रवाई नहीं की इसलिए हम सबको तमाम मतभेदों को भूल कर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संविधान को बचाने के लिए इस मौजूदा सरकार को हटाने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत करना होगा उनके कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना होगा । भाजपा को अगर 2027 में कोई सत्ता से हटाने की ताकत रखता हैं तो वह समाजवादी पार्टी और उसका गठबंधन की एकमात्र विकल्प है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने अपने संबोधन में कहा की संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने के साथ छात्र गरीब किसान के चेहरे पर मुस्कान लाने का काम अगर कोई कर रहा है तो हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी हैं जो हर गरीब कमजोर के हक अधिकार की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक लड़ रहे हैं।

मौजूदा सरकार ने एक शिक्षा का अधिकार जो बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हम सभी को दिया था वह भी हम लोगों से छीनने का काम कर रही आज प्राथमिक विद्यालय बंद किया जा रहे हैं जिससे गरीब कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर संकट खड़ा हो गया है। पूर्व मंत्री राकेश कुमार वर्मा रामनगर के विधायक हाजी फरीद महफूज किदवई पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद रामसागर रावत व जैदपुर विधायक गौरव रावत पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू ने मुख्य रूप से संबोधित किया। सपा जिला अध्यक्ष मोहम्मद अयाज ने सभी के प्रति आभार जताया।

## जांच आयोग ने आरसीबी के घरेलू मैदान चिन्नास्वामी को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित माना

एजेंसी



बेंगलुरु। गत चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विक्ट्री परेड के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई दुखद भगदड़ की जांच के लिए कर्नाटक सरकार द्वारा नियुक्त न्यायमूर्ति जॉन माइकल कुन्हा आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि यह स्थल बड़े पैमाने पर होने वाले कार्यक्रमों की सुरक्षित मेजबानी के लिए सुरक्षित नहीं है। अपनी रिपोर्ट में, आयोग ने कहा कि स्टेडियम का ''डिजाइन और संरचना'' स्वाभाविक रूप से सामूहिक समारोहों के लिए ''अनुपयुक्त और असुरक्षित'' है। आयोग ने आगे चेतावनी दी कि इस स्थल पर उच्च-उपस्थिति वाले कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखने से ''सार्वजनिक सुरक्षा, शहरी गतिशीलता और आपातकालीन तैयारियों के लिए अस्वीकार्य जोखिम'' वाली स्थिति पैदा हो सकती है। ईएसपीएनक्रिकइंफो के साथ कर्नाटक सरकार ने जो रिपोर्ट साझा की है उसके मुताबिक़ आरसीबी के इवेंट पार्टनर डीएनए एंटरटेनमेंट और कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को इस दुखद भगदड़ में उनकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया है, जिसमें 11 लोग मारे गए थे और 50 से अधिक घायल हो गए थे। इससे स्टेडियम में होने वाले भविष्य के आयोजन अधर में लटक गए हैं। चिन्नास्वामी स्टेडियम अगले कुछ महीनों में कई ''उच्च-उपस्थिति'' वाले आयोजनों की मेजबानी करने वाला है, जिसमें सितंबर और नवंबर 2025 के बीच होने वाले वनडे महिला विश्व कप का उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और संभवतः फाइनल भी शामिल है। फ़िलहाल, केएससीए ने कहा है कि 11 अगस्त से शुरू होने वाली राज्य की फ्रेंचाइजी -आधारित टी20 प्रतियोगिता, महाराजा ट्रॉफी टी20, बिना दर्शकों (क्लोज्ड डोर्स) के खेली जाएगी। ''व्यवस्थित सीमाओं'' का हवाला देते हुए, आयोग ने ''दृढ़ता से अनुशंसा'' की है कि बड़े पैमाने के आयोजनों को ऐसे स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए जो भारी भीड़ को संभालने के लिए ''बेहतर अनुकूल'' हों। रिपोर्ट में कहा गया है, ''भविष्य में आयोजित होने वाले किसी भी आयोजन स्थल को अंतर्राष्ट्रीय मानकों का पालन करना जरूरी होगा। इसमें कई प्रमुख आवश्यकताओं का जिक्र किया गया है, जिनका देश के सबसे पुराने स्टेडियमों में से एक, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम (1974 में निर्मित) में कोई प्रावधान नहीं है। जैसेः ''सार्वजनिक सड़कों से अलग, उद्देश्य-निर्मित कतार और संचलन क्षेत्र, बड़े पैमाने पर प्रवेश और निकास के प्रबंधन के लिए पर्याप्त प्रवेश और निकास द्वार, सार्वजनिक परिवहन और आस-पास के पर्यटन केंद्रों तक एकीकृत पहुंच, वैश्विक सुरक्षा मानदंडों के अनुरूप व्यापक आपातकालीन निकासी योजनाएं और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों के लिए पर्याप्त पार्किंग और ड्रॉप-ऑफ सुविधाएं।

## भारतीय गेंदबाज़ी की आलोचना के बीच मोर्ने मोर्कल ने चयन रणनीति का किया बचाव, कुलदीप यादव को लेकर दी सफाई

एजेंसी



मैनचेस्टर। इंग्लैंड के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में भारत को गेंदबाज़ी में संघर्ष करना पड़ा, खासकर तब जब टीम ने पिछले दस वर्षों में पहली बार एशिया और वेस्ट इंडीज के बाहर किसी मैच में 500 से अधिक रन लुटाए। इस प्रदर्शन के बाद भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कई तीखे सवालों का सामना किया। हालांकि उनके पास सभी सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं थे–जैसे कि गेंदबाजों की घटती रफ्तार, शार्दुल ठाकुर का ऑलराउंडर के रूप में चयन और वॉशिंगटन सुंदर को देर से गेंदबाजी देना–लेकिन उन्होंने इतना जरूर साफ किया कि टीम चयन में बल्लेबाज़ी को अतिरिक्त गहराई देने को प्राथमिकता दी गई है। कुलदीप यादव को अब तक इस दौरे पर एक भी टेस्ट में मौका नहीं मिला है, जिस पर मोर्कल से दिन के खेल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कई बार सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, ''मुद्दा यह है कि टीम का संतुलन कैसे बने और बल्लेबाजी क्रम को मजबूत कैसे रखा जाए। कुलदीप विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं और शानदार फॉर्म में हैं, लेकिन बल्लेबाजी को लेकर संतुलन बैठाना कठिन हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि टीम इंग्लैंड की आक्रामक बल्लेबाजी को देखते हुए स्कोरबोर्ड पर 400 से अधिक रन चाहती है, इसलिए बल्लेबाजी में गहराई जरूरी है। मोर्कल ने जोड़ा, ''हमारे टॉप छह बल्लेबाज़ों से लगातार रन चाहिए ताकि हम कुलदीप जैसे स्ट्राइक बॉलर को टीम में ला सकें। जब उनसे पूछा गया कि भारत इतना रक्षात्मक क्यों खेल रहा है और क्या स्ट्राइक गेंदबाजों को खिलाकर रन का बोझ कम नहीं किया जा सकता, तो उन्होंने जवाब दिया, ''ये विकल्प हमारे सामने होते हैं। लेकिन अब तक की टेस्ट सीरीज़ में हमारे स्पिनरों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। लॉर्ड्स टेस्ट हम लगभग जीत ही गए थे और एजबेस्टन टेस्ट भी शानदार था। दूसरे दिन भारत की गेंदबाज़ी काफी साधारण रही और मोर्कल ने स्वीकार किया कि गेंदबाज़ी इकाई बहुत ज़्यादा प्रयास करने लगी थी, जिससे लाइन-लेंथ बिगड़ी। उन्होंने कहा कि तीसरे दिन गेंदबाज़ों की लाइन बेहतर रही, लेकिन गेंद में वह ''ऊर्जा'' नहीं दिखी जो विकेट निकालने के लिए ज़रूरी होती है। उन्होंने कहा, ''फ्लैट विकेटों पर आपको गेंद में थोड़ी अतिरिक्त तेजी और ऊर्जा चाहिए होती है ताकि आप कैच आउट या एलबीडब्ल्यू के मौके बना सकें। लेकिन हमारे प्रमुख गेंदबाज, जैसे सिराज, पहले से ही काफी ओवर फेंक चुके हैं। अंशुल कांबोज को सीधे उड़ान से बुलाकर प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में शामिल करने पर मोर्कल ने कहा, ''हमें ऐसा गेंदबाज़ चाहिए था जो लंबी स्पेल फेंक सके और ऑफ स्टंप के आसपास सटीक गेंदबाजी कर सके। कांबोज ने इंडिया ए टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया और घरेलू क्रिकेट में भी प्रभावशाली रहे हैं।

## लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को एमएलएस ऑल-स्टार मैच में नहीं खेलने पर एक मैच का प्रतिबंध

एजेंसी



नई दिल्ली। इंटर मियामी के स्टार खिलाड़ी लियोनेल मेसी और जोर्डी आल्बा को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) ने एक-एक मैच के लिए निलंबित कर दिया है। यह फैसला दोनों खिलाड़ियों के इस साल के एमएलएस ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लेने के चलते लिया गया है। अब यह दोनों खिलाड़ी मियामी की अगली लीग मैच में एफसी सिनसिनाटी के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे। एमएलएस ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा, लीग नियमों के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो ऑल-स्टार गेम में बिना पूर्व स्वीकृति के भाग नहीं लेता, वह अपनी क्लब की अगली प्रतियोगिता में खेलने के लिए अयोग्य होता है। एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने कहा, मुझे पता है कि लियोनेल मेसी इस लीग से कितना प्रेम करते हैं। मुझे नहीं लगता कि कोई भी खिलाड़ी ऽ या कोई और ऽ मेजर लीग सॉकर के लिए मेसी से ज्यादा योगदान दिया है। मैं उनके इंटर मियामी के प्रति समर्पण को पूरी तरह समझता और सम्मान करता हूं। लेकिन ऑल-स्टार गेम में भागीदारी को लेकर हमारी एक पुरानी नीति है और हमें उसका पालन करना पड़ा। यह निर्णय लेना बहुत कठिन था। उन्होंने आगे कहा, हालांकि, हम इस नीति की समीक्षा करने जा रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करूंगा ताकि यह तय किया जा सके कि इस नियम को आगे कैसे विकसित किया जाए। गौरतलब है कि मेसी और आल्बा दोनों को प्रशंसकों और मीडिया द्वारा एमएलएस ऑल-स्टार मैच के लिए चुना गया था, लेकिन दोनों ने लीगा एमएक्स ऑल-स्टार्स के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भाग नहीं लिया, जिसमें एमएलएस ऑल-स्टार टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की। पिछले साल भी मेसी ने चोट के कारण ऑल-स्टार गेम में हिस्सा नहीं लिया था। इंटर मियामी फिलहाल ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस तालिका में पांचवें स्थान पर है और शनिवार रात को चेस स्टेडियम, फोर्ट लॉडरडेल में पहले स्थान पर काबिज एफसी सिनसिनाटी की मेजबानी करेगा।

## टिम डेविड की तूफानी संेचुरी से ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को हराया, सीरीज़ पर किया कब्जा

एजेंसी



बासेटेरे। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज़ टिम डेविड की विस्फोटक शतकीय पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज़ के तीसरे मुकाबले में 6 विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज़ पर 3-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

वार्नर पार्क में खेले गए इस मुकाबले में डेविड ने सिर्फ 37 गेंदों पर 11 छक्कों और 6 चौकों की मदद से अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा, जो ऑस्ट्रेलिया की ओर से टी20 क्रिकेट में सबसे तेज़ शतक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड जोश इंग्लिस के नाम था, जिन्होंने 43 गेंदों में शतक जड़ा था। डेविड की ये पारी अंतरराष्ट्रीय टी20 में तीसरा सबसे तेज़ शतक भी है, उनसे तेज सिर्फ भारत के रोहित शर्मा और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मिलर ने शतक बनाए हैं (35 गेंद में)। डेविड ने मिशेल ओवेन (36* रन, 16 गेंद) के साथ मिलकर 128 रनों की अटूट साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को 16.1 ओवर में 215/4 तक पहुंचा दिया। इससे पहले, वेस्टइंडीज ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शाई होप (नाबाद 102 रन, 57 गेंद) की शानदार शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में 214/4 का बड़ा स्कोर खड़ा किया। होप ने ब्रैंडन किंग (62 रन, 36 गेंद) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 125 रन जोड़े। होप, क्रिस गेल के बाद वेस्टइंडीज के दूसरे पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं जिनके नाम तीनों फॉर्मेट में शतक दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत लड़खड़ाई थी, जब ग्लेन मैक्सवेल (20), जोश इंग्लिस (15), मिच मार्श (22) और कैमरन ग्रीन (11) सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे। लेकिन इसके बाद टिम डेविड ने तूफानी अंदाज़ में रन बटोरते हुए मैच का रुख पलट दिया। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारीओ शेफर्ड ने 2 विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर को 1 सफलता मिली। डेविड को 90 रन पर जीवनदान भी मिला, जब ब्रैंडन किंग ने डीप मिडविकेट पर उनका आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद डेविड ने कोई चूक नहीं की और अंतिम गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज कप्तान शाई होप ने हार के बाद कहा, इस पिच पर और खासकर इस मैदान के छोटे आकार को देखते हुए 200 रन भी कम पड़ गए। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया की वेस्टइंडीज में लगातार जीत की संख्या 6 हो गई है, जिसमें हाल ही में टेस्ट सीरीज़ में 3-0 की क्लीन स्वीप भी शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### रूट के निशाने पर अब सचिन का विश्व रिकॉर्ड

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड की रन मशीन जो रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक(150) लगाते हुए राहुल द्रविड़ (13,288), जैक्स कैलिस (13,289) और रिकी पॉन्टिंग (13,378) को एक झटके में पीछे छोड़ा और अब उनसे ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921) के रह गए हैं। । रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए हैं। टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं – तेंदुलकर (51), कैलिस (45) और पॉन्टिंग (41)। कुमार संगकारा के भी रूट के बराबर 38 शतक हैं। अब रूट के नाम टेस्ट में कुल 104 फिफ्टी-प्लस स्कोर हैं। इस मामले में वह पॉन्टिंग और कैलिस (103) से आगे चले गए हैं। अब सिर्फ तेंदुलकर (119) उनसे आगे हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 12 टेस्ट शतक लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक है। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (11) को पीछे छोड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज़्यादा टेस्ट शतक डॉन ब्रेडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 19) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13) के नाम हैं। इनमें से 12 में से 9 शतक रूट ने इंग्लैंड में ही भारत के खिलाफ लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा घरेलू मैदान पर किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक है। उन्होंने ब्रेडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 8) को पीछे छोड़ा। रूट ने इंग्लैंड में 23 टेस्ट शतक लगाए हैं। किसी भी देश में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। रिकी पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया), जैक्स कैलिस (साउथ अफ्रीका) और माहेला जयवर्धने (श्रीलंका) के भी 23-23 शतक हैं। इंग्लैंड में टेस्ट में रूट के 7195 रन हो गए हैं। किसी एक देश में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में वह तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया में 7578 रन) और तेंदुलकर (भारत में 7216 रन) हैं। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 टेस्ट रन बनाए हैं। इस मैदान पर 1000 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। यह उनका दूसरा मैदान है जहां उन्होंने 1000 से अधिक टेस्ट रन बनाए हैं।

### सोना कॉमस्टार के शेयरधारकों ने संजय कपूर की पत्नी को गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने की मंजूरी दी


**नयी दिल्ली।** वाहन कलपुर्ज़ा बनाने वाली कंपनी सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स लिमिटेड के शेयरधारकों ने आवश्यक बहुमत के साथ प्रिया सचदेव कपूर को कंपनी का गैर-कार्यकारी निदेशक नियुक्त करने को मंजूरी दे दी है। सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स लिमिटेड (सोना कॉमस्टार) ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि शेयरधारकों ने 25 जुलाई को हुई वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में पूर्व चेयरमैन संजय कपूर की पत्नी प्रिया की नियुक्ति को मंजूरी दी। प्रिया को 23 जून, 2025 से गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में अतिरिक्त निदेशक नियुक्त किया गया है। सोना कॉमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर का 12 जून को लंदन में पोलो खेलते समय निधन हो गया था। उनके निधन के बाद, कंपनी के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से 23 जून, 2025 को जेफरी मार्क ओवरली को चेयरमैन नियुक्त किया। संजय की मां और सोना समूह की पूर्व चेयरपर्सन रानी कपूर ने 24 जुलाई को निदेशक मंडल को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि जहां परिवार पिछले महीने संजय की मृत्यु पर शोक मना रहा था, तो वहीं कुछ लोगों ने नियंत्रण छीनने और पारिवारिक विरासत हड़पने के लिए इसे उपयुक्त समय के रूप में चुना।

### अमागी मीडिया लैब्स ने सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए

**नयी दिल्ली।** प्रसारण और वीडियो सामग्री के लिए क्लाउड-आधारित 'सॉफ़्टवेयर-एज़-ए-सर्विस' (एसएएएस) समाधान प्रदान करने वाली कंपनी अमागी मीडिया लैब्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से धन जुटाने हेतु पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। शुक्रवार को दाखिल किए गए दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, बेंगलुरु स्थित इस कंपनी के प्रस्तावित आईपीओ में 1,020 करोड़ रुपये के नए शेयरों के साथ-साथ मौजूदा शेयरधारकों द्वारा 3.41 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। ओएफएस के तहत, निवेशक ऽ पीआई ऑपर्च्युनिटीज फंड-1, पीआई ऑपर्च्युनिटीज फंड-2, नॉरवेस्ट वेंचर पार्टनर्स-10, मॉरीशस, एक्सेल इंडिया-6 (मॉरीशस) लिमिटेड, एक्सेल ग्रोथ-6 होल्डिंग्स (मॉरीशस) लिमिटेड, ट्डी होल्डिंग्स, एवीपी-1 फंड ऽ और कुछ व्यक्तिगत शेयरधारक अपने शेयर बेचेंगे। अमागी आईपीओ पूर्व नियोजन के ज़रिए 204 करोड़ रुपये जुटाने पर विचार कर सकती है। अगर ऐसा नियोजन होता है, तो नए निर्गम का आकार कम कर दिया जाएगा।

## डीसी ओपनः राडुकानु और लेयलाह सेमीफाइनल में

एजेंसी



वॉशिंगटन। ब्रिटेन की एम्मा राडुकानु ने डीसी ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। 2021 यूएस ओपन चैंपियन बनने के बाद यह उनका सबसे बड़ा टूर्नामेंट है, जहां वह अंतिम चार में पहुंची हैं। शुक्रवार को खेले गए महिला सिंगल्स क्वार्टरफाइनल में राडुकानु ने ग्रीस की मारिया सक्कारी को 6-4, 7-5 से हराया। गर्मी और उमस भरे दिन में (तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार), राडुकानु को दूसरे सेट में 2-5 से पीछे रहने के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। इसके बावजूद उन्होंने लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच अपने नाम किया। राडुकानु ने मैच के बाद कहा, मैं आमतौर पर गर्मी में ठीक रहती हूं, लेकिन आज काफी संघर्ष करना पड़ा। यह मेरा सबसे कठिन परिस्थितियों वाले मैचों में से एक था। दूसरे सेट में मैं थोड़ी अस्थिर महसूस कर रही थी, लेकिन खुशी है कि मैं सीधे सेटों में मैच खत्म कर सकी। महिला वर्ग में ही कनाडा की लेयलाह फर्नांडीज ने भी सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 2021 यूएस ओपन फाइनल में राडुकानु की प्रतिद्वंद्वी रहीं लेयलाह ने क्वालिफायर में टेलर टाउन्सेंड को 6-4, 7-6 (4) से हराया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तीसरी वरीय और 2022 विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना से होगा, जिन्होंने मैग्डालेना फ्रेच को 6-3, 6-3 से मात दी। राडुकानु का सेमीफाइनल मुकाबला अब अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने चौथी वरीय क्लारा टॉसन को 6-3, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पुरुष सिंगल्स में अमेरिका के बेन शेल्टन ने लगातार दूसरे साल डीसी ओपन सेमीफाइनल में जगह बनाई है। उन्होंने ऑल-अमेरिकन क्वार्टरफाइनल में फ्रांसेस टियाफो को 7-6 (2), 6-4 से हराया। शेल्टन ने 90 प्रतिशत पहले सर्व पॉइंट जीते और 146 मील प्रति घंटे की रफ्तार से नौवां ऐस लगाकर मैच समाप्त किया। चौथे वरीय शेल्टन अब शनिवार को शीर्ष वरीय टेलर फ्रिट्ज या बारहवें वरीय अलेजांद्रो डाविडोविच फोकीना में से किसी एक से भिड़ेंगे। पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल सातवें वरीय एलेक्स डी मिनौर और फ्रांस के कोरेंटिन माउटे के बीच होगा। डी मिनौर ने ब्रैंडन नाकाशिमा को 6-4, 6-4 से हराया, जबकि माउटे ने 2021 यूएस ओपन विजेता डेनिल मेदवेदेव को 1-6, 6-4, 6-4 से हराया। इस मैच में तीसरे सेट के दौरान आसमान में बिजली चमकने के कारण करीब एक घंटे का ब्रेक भी लेना पड़ा। डीसी ओपन के सेमीफाइनल मुकाबले अब और भी रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां युवा सितारे और अनुभवी खिलाड़ी आमने-सामने होंगे।

## स्टीव स्मिथ की इंग्लैंड क्रिकेट टीम को चेतावनी, मुश्किल समय के लिए तैयार रहें

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के बल्लेबाज घरेलू मैदान पर 'सपाट' पिचों पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज में बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर एक बिल्कुल अलग चुनौती होगी और दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने उन्हें चेतावनी दी है। भारत-इंग्लैंड के बीच मौजूदा श्रृंखला में बल्लेबाजी की सहजता बहस का विषय बन गई है और स्मिथ का मानना है कि ब्रिटिश बल्लेबाजों को बल्लेबाजी के अनुकूल पिचों की आदत नहीं डालनी चाहिए। दोनों टीमें कम से कम एक बार एक पारी में 500 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं और लगातार 400 से अधिक रन बनाए हैं। स्मिथ के हवाले से एक रिपोर्ट में कहा गया, 'उनके (इंग्लैंड के) बल्लेबाजों को इंग्लैंड में पिछले कुछ समय से देखी जा रही पिचों की तुलना में थोड़ी अलग चुनौती मिलेगी, जो काफी सपाट और बल्लेबाजी के लिए अच्छी रही हैं। स्मिथ ने कहा, 'पिछले तीन-चार सालों में ऑस्ट्रेलिया के विकेट शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के लिए काफी मुश्किल रहे हैं। यह उनके लिए एक अच्छी चुनौती होगी। लेकिन यह एक शानदार सीरीज होने वाली है।' एशेज की तैयारी के तहत स्मिथ इंग्लैंड और भारत के बीच होने वाले मुकाबले पर कड़ी नजर रख रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं भारत और इंग्लैंड की सीरीज देख रहा हूं और वहां शानदार क्रिकेट खेला गया है, इसलिए मुझे लगता है कि इस साल एशेज बेहद शानदार होने वाली है। स्मिथ को लगता है कि इंग्लैंड ने अपने आक्रामक रवैये पर लगाम लगा दी है और दर्शकों का मनोरंजन करने की बजाय मैच जीतने पर ज़्यादा ध्यान केंद्रित कर रहा है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने कहा, 'पिछले कुछ हफ़्तों में उन्होंने परिस्थितियों के हिसाब से थोड़ा अलग खेलना शुरू कर दिया है, बजाय इसके कि वे मैदान पर जाकर वैसा मनोरंजन करने की कोशिश करें जैसा वे कहते थे कि वे बनना चाहते हैं।

## अमेरिका से व्यापार वार्ता में क्या चीन अपनी निर्यात पर निर्भरता कम कर सकता है?

एजेंसी

बीजिंग। चीन की निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता इस सप्ताह स्टॉकहोम में होने वाली अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता के नए दौर का केंद्रबिंदु होगी। हालांकि, व्यापार समझौता बीजिंग को अपनी अर्थव्यवस्था को पुनर्संतुलित करने में जरूरी तौर पर मदद नहीं करेगा। अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने उम्मीद जताई है कि वार्ता में इस मुद्दे के साथ-साथ रूस और ईरान से चीन द्वारा तेल की खरीद पर भी चर्चा हो सकती है, जिससे उन दोनों देशों पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों का असर कम हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस हफ़्ते जापान, इंडोनेशिया और फिलीपींस के साथ समझौतों की घोषणा के बाद वार्ता में सफलता की उम्मीदें बढ़ गई हैं। अमेरिका चाहता है कि चीन दो काम करेः अमेरिका और यूरोपीय संघ, दोनों ही इस्पात और इलेक्ट्रिक वाहनों सहित कई उद्योगों में, जिसे अतिरिक्त उत्पादन क्षमता मानते हैं, चीन उसे कम करे। और दूसरा, चीनी उपभोक्ताओं द्वारा खर्च बढ़ाने के लिए कदम उठाए ताकि अर्थव्यवस्था घरेलू मांग पर ज़्यादा और निर्यात पर कम निर्भर हो। बेसेंट ने वित्तीय समाचार नेटवर्क सीएनबीसी को बताया, हम इस मुद्दे पर भी चर्चा कर सकते हैं कि चीन को किस तरह का बड़ा पुनर्संतुलन करना होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माण निर्यात में चीन की हिस्सेदारी लगभग 30 प्रतिशत है, जो 'और ज़्यादा नहीं बढ़ सकती, और शायद कम होनी चाहिए। चीन भी घरेलू कारणों से इन्हीं मुद्दों से जूझ रहा है। ये मुद्दे नए नहीं हैं, और चीन, अमेरिका और अन्य देशों के साथ अपने व्यापार अधिशेष को कम करने के बजाय घरेलू कारणों से वर्षों से इनसे निपटने के लिए काम कर रहा है।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगीः अरविंद पनगढ़िया

एजेंसी



न्यूयॉर्क। भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी और यह भारत को निवेशकों के लिए एक आकर्षक जगह बनाएगा। यह उम्मीद 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने जताई। इस सप्ताह न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में आयोजित एक संवाद के दौरान पनगढ़िया ने कहा, वर्तमान में चल रही कई गतिविधियां बहुत रोमांचक हैं। उन्होंने कहा कि इस समझौते के चलते देश में व्यापक उदारीकरण होगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा, विशेष रूप से, मैं अमेरिका-भारत व्यापार समझौते का उल्लेख करना चाहता हूं, जिस पर बातचीत चल रही है। साथ ही, भारत-यूरोपीय संघ का समझौता भी है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता एक बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने कहा कि एक बार भारत-अमेरिका व्यापार समझौता हो जाए, तो यूरोपीय संघ के साथ भी समझौता हो जाएगा। पनगढ़िया ने कहा, इन दो व्यापार समझौतों के साथ भारत का यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ एक खुला बाजार होगा। ये दो सबसे बड़े बाजार हैं। किसी भी भावी निवेशक के लिए, यह भारत को एक बहुत ही आकर्षक स्थान बनाता है। यह एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम होगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और शुल्कों पर सवाल के जवाब में पनगढ़िया ने कहा, जहां तक भारत का संबंध है, मुझे लगता है कि इससे संभावित रूप से बहुत कुछ अच्छा निकल सकता है, क्योंकि जब अमेरिका के साथ समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे, तो भारत अपने शुल्क भी कम कर देगा। उन्होंने कहा, यह भारत के लिए एक शानदार अवसर है, और वह अमेरिका के साथ समझौते पर बहुत गंभीरता से बातचीत कर रहा है। इसलिए मुझे अच्छी खबर सुनने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इससे भारत में काफी उदारीकरण होगा, और मुझे लगता है कि यही इस कहानी का एक बड़ा हिस्सा है। हालांकि, अपने अन्य प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अमेरिकी बाजार तक बेहतर पहुंच मिलना भी एक बड़ा फायदा है। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रख्यात प्रोफ़ेसर और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष पनगढ़िया ने यह भी कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से लेकर वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट तक, सभी ने उम्मीद जताई है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता लगभग तय है।

# भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता के सरकार के दावे खोखले : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश में बड़े स्तर पर पेपर लीक हो रहे हैं और उम्मीदवारों के सैकड़ों किलोमीटर यात्रा कर परीक्षा केंद्र तक पहुंचने पर परीक्षाएं रद्द होने की सूचना मिलती है जिससे युवाओं में निराशा है, लेकिन मोदी सरकार तंत्र की इस विफलता को तोड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

श्री गांधी ने कहा कि आश्चर्य की बात यह है कि मोदी सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता की बात करती है, लेकिन देश भर में बड़े स्तर पर पेपर लीक की घटनाएं हो रही है और सरकार माफियाओं पर नकेल कसने में पूरी तरह से विफल रही है। कंग्रेस नेता ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) फ़ेज़-13 की परीक्षा में सामने आ रही गड़बड़ियां सिर्फ लापरवाही नहीं, बल्कि मोदी सरकार के विफलता और सड़े हुए सिस्टम का आईना हैं। अभ्यर्थी 400S500 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचता है पता चलता है कि उनकी परीक्षा रद्द कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सिस्टम की खामियों के कारण लगातार पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने की घटनाएं हो रहे हैं जिसके कारण लाखों युवाओं और उनके परिवार के लोगों की मेहनत, समय और उम्मीदें बर्बाद हो रही हैं। पिछले 10 साल में नीट, एनईटी, यूपीपीएससी, बीपीएस और बोर्ड परीक्षाओं सहित 80 से ज्यादा पेपर्स में खुलेआम धांधली हुई है। सिर्फ इस साल की धांधली से 85 लाख बच्चों का भविष्य प्रभावित हुआ है, लेकिन इन्हें रोकने में सरकार नाकाम रही है और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा सुधार के बड़े-बड़े उनके वादे खोखले साबित हुए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं सरकार के निकम्मेपन, प्रशासनिक भ्रष्टाचार और परीक्षा माफियाओं के गठजोड़ का नतीजा है। युवाओं के सपनों के साथ यह विश्वासघात बंद होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने एक अखबार और समाचार चैनल की खबर को भी पोस्ट किया है जिसमें पेपर लीक के संकट का विस्तृत विवरण दिया गया है।

# 'घात के विरुद्ध प्रतिघात' भारत का नया नियम : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सत्तारूढ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा है कि भारत कभी भी विस्तारवाद की नीति पर नहीं चला है लेकिन मोदी सरकार के आने के बाद देश ने घात करने वाले पर प्रतिघात का एक नया नियम जरूर बना दिया है।

भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 'करगिल दिवस' के उपलक्ष्य में राजधानी मे आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, '...जबसे मोदी जी ने प्रधानमंत्री के रुप में देश का कार्यभाल संभाला है, तबसे यह स्पष्ट हो गया है कि उधर से गोली चलेगी तो इधर से गोला चलेगा। ये आज भारत का न्यू नॉर्मल हो गया है। उन्होंने उरी, पुलवामा और पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हलमलों और उन पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रियाओं और भारत की कार्रवाइयों का जिक्र करते हुए कहा , ' भारत विस्तारवादी नहीं है, राइट टू रिटैलियेट (घात करने वाले पर प्रतिघात) अब हमारा न्यू नार्मल (नया नियम) हो गया है। ङ्क भारत पर कोई हमला करता है तो उसको भरपूर जवाब दिया जाएगा। कार्यक्रम में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, 1999 में पाकिस्तान के साथ हुए करगिल युद्ध के कई शहीदों के परिजन, भूतपूर्व सैनिक, भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री नड्डा ने करगिल की लड़ाई में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को याद करते हुए उस लड़ाई में प्राणोत्सर्ग करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि उरी में जैश-ए- मोहम्मद के आतंकवादियों के हमले में 18 जवानों की मौत के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, 'पाकिस्तान तुमने बड़ी गलती कर दी है। इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा। आज तक किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं कहा था।' श्री नड्डा ने कहा कि उरी हमले के बाद 'सर्जिकल स्ट्राइक' में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के तमाम लांच पैड (चढ़ाई के अड्डे) ध्वस्त कर दिए थे। पुलवामा के बाद प्रधानमंत्री ने फिर कहा था कि पाकिस्तान को इसका जवाब जरूर मिलेगा और भारतीय वायु सेना ने बालाकोट



में आतंकवादी शिविर को ध्वस्त किया। इसी तरह पहलगाम के बाद श्री मोदी ने मधुबनी (बिहार) से दुनिया को स्पष्ट संदेश भेजा था कि भारत 'घर में घुस कर मारेगा। श्री नड्डा ने कहा कि ऑपेशन सिन्दूर में भारत ने नपी-तुली सैन्य कार्रवाई में बहावलपुर, मुरीदके, नरोवाल और स्यालकोट में जैश और लश्कर के ठिकानों को ध्वस्त किया। ये इलाके पाकिस्तान के अंदर हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई करते हुए भारतीय सेनाओं ने सवाधानी बरती की पाकिस्तान में किसी आम नागरिक को क्षति न पहुंचे।

श्री मोदी ने कहा कि अब भारत डोजियर (शिकायत और सबूत का पत्र) नहीं भेजता जैसा कि 26/11 के हमले के बाद उस समय की सरकार ने किया था। भारत अब जवाबी कार्रवाई के अधिकार का प्रयोग करता है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में सैनिकों को सीमा पर गोली का जवाब देने से रोका जाता था और इसके लिए उस समय के नीति नियामक जिम्मेदार थे । उन्होंने कहा कि पहले जब जम्मू-कश्मीर में सीमा और नियंत्रण रेखा पर पुंछ, रजौरी और अन्य क्षेत्रों में दूसरी तरफ से गोलियां चलायी जाती थीं तो हमारा जवान नगरोट कैंप को उसकी सूचना दी जाती थी। नगरोटा वह सूचना चंडीमंदिर को देता था और चंडीमंदिर हेडक्वार्टर (सेना के मुख्यालय) को जब वह सूचना पहुंचाता था तो कहा जाता था, ' रुको जब तक हम न बतायें तब तक रुके रहो। हमने ऐसे नीति निर्धारकों को देखा है। श्री नड्डा ने कहा, ' अब प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि उधर से गोली चलेगी तो इधर से गोला चालेगा।' सेना के हमारे प्रहरी जवानों को कहा गया है, 'रुकना नहीं है, गोलियां बरसाते रहना है जब तक उधर से आवाज बंद न हो जाए।' उन्होंने कहा कि भारत आज प्रधानमंत्री मोदी के 'नेतृत्व में आत्मनिर्भर बनकर तैयार है।.. एक समय हमारे पास बुलेटप्रूफ जैकेट नहीं थे, आज भारत बुलेटप्रूफ जैकेट बना भी रहा है और दुनिया को एक्सपोर्ट भी कर रहा है। .. आज भारत जल, थल, नभ सभी क्षेत्रों में भारत दुश्मन को जवाब देने को तैयार है। श्री नड्डा ने कहा, ' 26वें कारगिल विजय दिवस हम सभी अमर शहीदों को दिल से नमन करते हैं। उन्होंने कहा कि 26 साल पहले 1999 में कारगिल सेक्टर, द्रास सेक्टर, बटालिक सेक्टर, टाइगर हिल आदि पर पाकिस्तान की फौज चोरी-छुपे कब्जा करने का प्रयास किया था। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कहा, ल्लउस समय तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने हुक्म दिया कि हमारी सेनाएं उस स्थान को फिर से वापस लें और वहां तिरंगा झंडा फहराया जाए। भारत का टाइगर हिल है और भारत का रहेगा। इसके बाद भारतीय सेना का विजय का अभियान शुरू हुआ था और हमारी वीर सेना ने, रणबांकुरों ने पाकिस्तानी फौज को धूल चटाकर विजय प्राप्त कर लिया।

# बीमा सखी योजना महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम: शिवराज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीमा सखी योजना की ऐतिहासिक शुरुआत हुई है। यह योजना न केवल महिला सशक्तीकरण, बल्कि ग्रामीण भारत और अर्ध शहरी क्षेत्रों को आर्थिक सुरक्षा मुहैया कराने की दिशा में एक उल्लेखनीय कदम है। केंद्र सरकार देश की प्रत्येक महिला को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए संकल्पित है।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने बीमा सखी योजना को लेकर एक वक्तव्य में कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने ङ्कमिशन 2047 तक सभी के लिए बीमाङ्क को साकार करने को लेकर भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन वित्तीय समावेशन पहल के अंतर्गत इस योजना के तहत देशभर की प्रशिक्षित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 'बीमा सखी' के रूप में ग्राम पंचायत स्तर पर नियुक्त किया जाएगा। बीमा सखी योजना, महिला उद्यमिता और वित्तीय आज़ादी का मजबूत माध्यम है। यह कदम प्रधानमंत्री मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के विजन को साकार करने की हमारी प्रतिबद्धता दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से ही इस योजना की शुरुआत की गई है। 'बीमा सखी' बनकर महिलाएं अब उद्यमिता एवं आय के नए अवसर प्राप्त कर रही हैं, जिससे जेंडर समानता के लक्ष्यों और 'लखपति दीदी मिशन' को बल मिलेगा। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त तक देश में लखपति दीदियों की संख्या 2 करोड़ हो जाएगी। मंत्री शिवराज ने कहा कि रोजगार सृजन व महिला श्रम-बल में भागीदारी के तहत स्थानीय स्तर पर 'बीमा सखी' योजना शहरी और ग्रामीण रोजगार में नया अध्याय जोड़ रही है। इस महत्वपूर्ण योजना में समावेशी बीमा इकोसिस्टम के अंतर्गत बीमा सखियां न केवल बीमा योजनाओं की पहुंच बढ़ा रही हैं, बल्कि अंतिम छोर तक विश्वास-आधारित सेवाओं का विस्तार भी कर रही हैं। सरकारी प्राथमिकताओं से तालमेल होने के साथ ही यह पहल 'जन धन से जन सुरक्षा', डिजिटल इंडियाल और महिला कौशल विकास जैसी योजनाओं को मजबूती प्रदान कर रही है। केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि बीमा सखी केवल बीमा की एजेंट नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की प्रणेता हैं। 'बीमा सखियां' गांव-गांव में वित्तीय सुरक्षा की मशाल लेकर आगे बढ़ रही हैं, जिसके परिणामस्वरुप गांव आर्थिक रूप से मजबूत और महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं।

# ब्रिटेन की संसद की मंजूरी के साथ लागू हो जाएगा व्यापार समझौता, तैयार रहें भारतीय उद्यमी : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि ब्रिटेन के साथ इसी सप्ताह किया गया व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (भारत-ब्रिटेन सेटा) वहां की संसद की स्वीकृति के साथ ही लागू हो जाएगा और इसका फायदा उठाने के लिए देश के उद्यमियों को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

श्री गोयल ने इसे भारत द्वारा किसी देश के साथ किया गया अब तक का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता बताते हुए कहा कि ब्रिटेन के साथ इस तरह के समझौते के लिए 22-23 वर्ष की कशमकश के बाद यह संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर नए आत्म विश्वास के साथ अपनी बात रखता है। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत और ब्रिटेन - दोनों देशों के लिए लाभ और समृद्धि का समझौता है। भारत ने इसे अपनी शर्तों पर किया है। इसका भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में इसी सप्ताह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन यात्रा में हुए भारत-ब्रिटेन सेट के महत्वपूर्ण पहलुओं की व्याख्या की। उन्होंने कहा कि भारत ने दूनिया ब्रिटेन जैसी एक विकसित और बड़ी अर्थव्यस्था वाले देश के साथ बड़े आत्मविश्वास के साथ समझौता किया है। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की उपस्थिति में गुरुवार को हुए इस समझौते से सालाना द्विपक्षीय व्यापार में 34 अरब डॉलर की वृद्धि होने की संभावना है। उम्मीद है कि 2030 तक अपसी व्यापार दो गुना हो कर 112 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 99 प्रतिशत निर्यात माल को ब्रिटेन में शून्य या बहुत रियायती दर पर वहां के बाजार में प्रवेश मिलेगा जबकि हमने डेयरी जैसे अपने संवेदनशील बाजारों में रत्ती भर भी रियायत नहीं दी है और चावल, चीनी तथा हमारे किसानों और कामगारों की दृष्टि से संवेदनशील अन्य क्षेत्रों का बचाव सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा, ''भारत के 95 प्रतिशत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को ब्रिटेन में मुक्त प्रवेश मिलने जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि यह देश के कृषि और सूक्ष्म, लघु तथा मझोले उद्योगों के लिए बड़े अवसरों को द्वार खोलने वाला समझौता है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के दौर में भारत ने मॉरीशस, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और चार यूरोपीय देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएमटीए) के बाद अब ब्रिटेन के साथ एक व्यापक करार किया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने जिन देशों के साथ समझौता किया है ''वे अर्थिक क्षेत्र में भारत के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि पूरक हैं''। इसके विपरीत संयुक्त प्रगतिशील सरकार के समय में आसियान जैसे मुक्त व्यापार समझौते किए गए जो विश्व बाजार में भारत के प्रतिस्पर्धी थे और उनसे नुकसान होने की शिकायतें हैं। उन्होंने कहा, ''हमारे उद्योगमंडलों के नेता हमें बताते हैं कि आसियान जैसे समझौतों से नुकसान हुआ है। श्री गोयल ने कहा कि भारत आसियान के साथ एफटीए की समीक्षा कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत-ब्रिटेन समझौते के खिलाफ विपक्ष को कोई ठोस मुद्दा नहीं मिला है। इस संबंध में कुछ नेताओं के सोशल मीडिया पोस्ट को उन्होंने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि वे ध्यान देने लायक नहीं हैं।

## एनआईए ने आईएसआईएस की विचाराधारा फैलाने वाले के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) की कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने और षड्यंत्र मामले के एक मुख्य आरोपी के खिलाफ तमिलनाडु में शनिवार को आरोपपत्र दायर किया। एनआईए के अनुसार ए. अलफसिथ नाम का यह आरोपी तमिलनाडु के मयिलादुथुराई का रहने वाला है और उसके खिलाफ खिलाफ पूनमल्ले (तमिलनाडु) स्थित एनआईए की विशेष अदालत में भारतीय दंड संहित की धारा 153 ए और 505 तथा गैर कानूनी गतिविधि(निवारण) अधिनियम की धारा 13 और 39 के तहत आरोपपत्र दायर किया गया है। अलफसिथ आईएसआईएस के कट्टर समर्थकों मोहम्मद आशिक और साथिक बच्च के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ था। ये दोनों तमिलनाडु में आतंकवाद से संबंधित कई मामलों में शामिल थे। एनआईए को जांच के दौरान इस बात के पर्याप्त सबूत मिले कि अलफासिथ और उसके साथियों ने सैकड़ों युवा मुस्लिम लड़कों को निशाना बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आईएसआईएस से जुड़े आपत्तिजनक वीडियो, दस्तावेज़ और तस्वीरें प्रसारित की। उन्होंने देश की एकता, सुरक्षा और सांप्रदायिक सद्भाव को ख़तरा पैदा करने वाली गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 'इस्लामिक स्टेट' और 'ब्लैक फ्लैग सोल्जर्स' जैसे कई व्हाट्सएप और टेलीग्राम ग्रुप बनाए थे। उनका उद्देश्य आईएसआईएस की विचारधारा का प्रसार करना और युवाओं को कट्टरपंथी बनाना था। जांच में यह भी पता चला कि अलफासिथ वैश्विक आतंकवादी समूह आईएसआईएस की गतिविधियों से जुड़ा था और उसने आईएसआईएस द्वारा संचालित टेलीग्राम चैनल 'नशीदा33' से आपत्तिजनक वीडियो और दस्तावेज़ डाउनलोड किए थे। एनआईए इस मामले के पीछे की बड़ी साज़िश का पर्दाफ़ाश करने के लिए जांच कर रही है।

## कर्नाटक के दो अधिकारियों के बीच मारपीट में चले जूते

**नयी दिल्ली/ बेंगलुरु।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन में तैनात राज्य सरकार के दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हुई बहस के बाद मारपीट होने की खबर सामने आयी है। उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार के विशेष अधिकारी एच. अंजनेया ने सहायक स्थानीय आयुक्त एवं मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विशेष अधिकारी सी. मोहन कुमार पर जूते से उन पर हमला करने का आरोप लगाया है। यह घटना नयी दिल्ली स्थित कर्नाटक भवन के कार्यालय परिसर में घटी और तब प्रकाश में आयी, जब श्री अंजनेया ने स्थानीय आयुक्त इमकोंगला जमीर के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए श्री कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की मांग की। श्री अंजनेया ने अपनी शिकायत में कहा, मुझे जूते से पीटा गया और इससे मेरे सम्मान एवं गरिमा को ठेस पहुंची है। आरोपी के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाया जाये और मुझे न्याय दिलाया जाये। उन्होंने कार्यस्थल पर अपनी सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंता व्यक्त की।सुश्री जमीर ने शिकायत मिलने की पुष्टि की और कहा कि मामले पर मानक प्रक्रियाओं के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा, हमें शिकायत प्राप्त हुई है और उचित प्रक्रिया का पालन किया जायेगा। श्री अंजनेया ने अपनी लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि श्री कुमार ने सुनियोजित तरीके से उनके काम में बाधा उत्पन्न की और वैमनस्यपूर्ण कार्य माहौल तैयार किया।

## करगिल दिवस पर मुर्मु ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नयी दिल्ली।** करगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 1999 के करगिल युद्ध के वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की और इस दिन को देश की संप्रभुता की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले भारतीय सैनिकों के असाधारण पराक्रम, अटूट साहस और सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक बताया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संदेश में लिखा, करगिल विजय दिवस के अवसर पर मैं मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर सैनिकों को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ। यह दिन हमारे जवानों के असाधारण पराक्रम, साहस और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। राष्ट्र के लिए उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान सदैव देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि करगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। यह ऑपरेशन विजय के सफल समापन का प्रतीक है जिसमें भारतीय सशस्त्र बलों ने जम्मू-कश्मीर के करगिल सेक्टर में आतंकवादियों के वेश में घुसपैठ करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों से महत्वपूर्ण रणनीतिक ठिकानों पर पुनः कब्जा कर तिरंगा फहराया था। साठ दिनों से अधिक समय तक चला यह युद्ध भारत की निर्णायक जीत के साथ समाप्त हुआ। इस दिन पूरे भारत के लोग वीर सैनिकों को याद करने और उनका सम्मान करने के लिए एक साथ आते हैं। यह पवित्र दिन ऑपरेशन विजय की सफल परिणति का स्मरण कराता है।

# पेज एक का शेष

### छांगुर के भतीजे...

अधिकतर आजमगढ़ में अपने ठिकाने पर जाता था। यहां घर पर उसका परिवार रहता था। सबरोज को तीन साल पहले आजमगढ़ में धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसे तब जेल जाना पड़ा था। पिछले साल ही वह जमानत पर बाहर आया था। जमानत पर छूटने के बाद वह फिर छांगुर के गिरोह के साथ काम करने लगा था। छांगुर उस पर विश्वास बहुत करता था। कई और सम्पत्तियां पता चली बलरामपुर पुलिस और एटीएस सूत्रों के मुताबिक छांगुर ने सबरोज के नाम भी कुछ सम्पत्तियां ली थी। उसके नाम से तीन बैंक खाते भी पता चले है। इस जानकारी के बारे में एटीएस और सुबूत जुटा रही है। सम्पत्तियों के बारे में ईडी को भी सूचना दे दी गई है। छांगुर व नीतू की सम्पत्तियों की जांच ईडी पहले से कर रही है। ईडी ने बलरामपुर, लखनऊ और मुम्बई में छांगुर के 15 ठिकानों पर छापे मारे थे।

### सिपाहियों को अनफिट...

फेशियल पाल्सी था। राजेश कुमार को उच्च रक्तचाप था। हिमांशु शुक्ल को दूर दृष्टि और अधिक वजन की समस्या थी। शिव कुमार को विटिलिगो ग्लैंड पेनाइल और अपर्याप्त डेंटल प्वाइंट थे। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम का कहना था कि उनकी मेडिकल जांच में दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया गया और मेडिकल जांच विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नहीं की गई थी। कहा गया कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल द्वारा उन्हें चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए जाने के बावजूद, रिव्यू मेडिकल बोर्ड ने उन्हें फिर से अनफिट घोषित कर दिया। सीनियर एडवोकेट ने अपने तर्क में कहा कि रिव्यू मेडिकल दिशा निर्देशों के अनुसार नहीं किया गया था और बोर्ड में संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं थे। कुछ मामलों में जैसे आंतरिक बवासीर, सर्जरी के बाद पर्याप्त सांस लेने का समय नहीं दिया गया था। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि विपक्षी यह दिखाने में विफल रहे कि रिव्यू मेडिकल बोर्ड में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की राय का खंडन करने के लिए संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ डॉक्टर थे। कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट और त्रिपुरा हाईकोर्ट के समान मामलों का भी उल्लेख किया, जहां इसी तरह की परिस्थितियों में अभ्यर्थियों को राहत मिली थी। कोर्ट ने याचियों के मेडिकल रिव्यू परीक्षणों को रद्द कर दिया और सरकार को एक महीने के भीतर संबंधित चिकित्सा विज्ञान के सुपर विशेषज्ञों वाले नए बोर्ड का गठन करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि यदि याचियों को चिकित्सकीय रूप से फिट पाया जाता है तो उन्हें उनके नियुक्ति आदेशों के अनुसार शामिल होने की अनुमति दी जाएगी और उनकी वरिष्ठता बहाल की जाएगी।

### आतंकवाद के...

लॉन्च किया गया। पाक सैनिक ऊंची पहाड़ियों पर बैठे थे, इस वजह से भारतीय सैनिकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। भारतीय जवानों ने दुश्मन की नजर से बचने के लिए रात में मुश्किल चढ़ाई की। शुरुआत में भारतीय सेना को इसी वजह से खासा नुकसान उठाना पड़ा था।

### मोदी डेमोक्रेटिव...

के पीएम के रूप में फिर से निर्वाचित हुए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प, जो पिछले साल प्रचंड जनादेश के साथ सत्ता में लौटे थे, आठवें स्थान पर रहे। केवल 44% प्रतिभागियों ने उनके नेतृत्व को स्वीकृति दी। एनालिसिस का मानना है कि उनकी कुछ पॉलिसी, ट्रैरिफ और घरेलू फैसलों ने उनकी लोकप्रियता को नुकसान पहुंचाया हो सकता है। 2024 में भी मोदी नंबर 1 पर थे, 69% अप्रूवल रेटिंग थी पिछले साल अगस्त में भी मॉर्निंग कंसल्ट ने दुनिया 25 देशों के प्रमुखों की अप्रूवल रेटिंग जारी की थी। इस लिस्ट में 69% रेटिंग के साथ पीएम मोदी पहले स्थान पर थे। हालांकि इस पर उनकी रेटिंग में करीब 6% का इजाफा हुआ है। उस वक्त लिस्ट में दूसरा स्थान मेक्सिको राष्ट्रपति आंद्रे मैनुअल लोपेज ओब्राडोर को मिला था। उनकी अप्रूवल रेटिंग 60% थी। उस वक्त तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन टॉप-10 नेताओं में भी शामिल नहीं थे। 39% अप्रूवल रेटिंग के साथ वे 12वें नंबर पर रहे थे।

### बिहार मतदाता सूची...

मतदाताओं की पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड और मतदाता फोटो पहचान पत्र को स्वीकार्य दस्तावेजों के रूप में अनुमति देने पर विचार करे। अदालती आदेश पर चुनाव आयोग ने 21 जुलाई को 88 पन्नों का एक हलफनााम दाखिल किया, जिसमें उसने आधार कार्ड और राशन कार्ड को 11 दस्तावेजों की सूची से बाहर रखने का बचाव करते हुए कहा है कि यह अनुच्छेद 326 के तहत मतदाता की पात्रता की जांच में मदद नहीं करता है। साथ ही 11 दस्तावेजों की यह सूची संपूर्ण नहीं है, केवल सांकेतिक है। याचिकाकर्ताओं में शामिल एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने जवाबी हलफनामे में कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए स्वीकार्य दस्तावेजों की सूची से आधार कार्ड और राशन कार्ड को बाहर रखने पर कहा कि यह कोई वैध कारण नहीं है। उसने आयोग की इस दलील को भी खारिज कर दिया कि ये दोनों फर्जी या जाली दस्तावेजों के आधार पर हासिल किए जा सकते हैं। उसने कहा कि आयोग की स्वीकृत सूची में शामिल अन्य दस्तावेज भी उसी तरह से बनवाये जा सकते हैं। आयोग के प्रत्युत्तर में एडीआर ने यह भी आरोप लगया कि निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को व्यापक और अनियंत्रित विवेकाधिकार दिये गए हैं। इस वजह से बिहार की एक बड़ी आबादी मतदान के अधिकार से वंचित हो सकती है। याचिकाकर्ता योगेंद्र यादव ने अपने जवाबी हलफनामे में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया को अपारदर्शी और मनमाना करार दिया है। उनका कहना कि आधार कार्ड, राशन कार्ड और यहां तक कि चुनाव आयोग की ओर से जारी फोटो पहचान पत्र को भी वैध दस्तावेजों की सूची से बाहर रखना अतार्किक और अनुचित है। अपने हलाफनामे में चुनाव आयोग ने यह भी दावा किया है कि मतदाता सूची से किसी को भी वंचित न किया जाएगा। यह सुनिश्चित करने के अलावा कमजोर वर्ग के लोगों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उसका कहना है कि विशेष अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची की विश्वसनीयता में जनता का विश्वास बहाल करना है। चुनाव आयोग का कहना है कि पहली बार सभी राजनीतिक दल इतने बड़े पैमाने पर गहन पुनरीक्षण कार्य में शामिल हुए हैं। प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने के लिए 1.5 लाख से अधिक बीएलए नियुक्त किए हैं। आयोग ने हलफनामे में कहा, मतदान का अधिकार जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 16 और 19 के साथ अनुच्छेद 326 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 62 से प्राप्त होता है, जिसमें नागरिकता, आयु और सामान्य निवास के संबंध में कुछ योग्यताएँ निर्धारित हैं। एक अपात्र व्यक्ति को मतदान का अधिकार नहीं है। इसलिए, वह (याचिकाकर्ता) इस संबंध में अनुच्छेद 19 और 21 के उल्लंघन का दावा नहीं कर सकता। विशेष गहन पुनरीक्षण कराने के संबंध में चुनाव आयोग के 24 जून-2025 को जारी आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं में इसे (आदेश को) अव्यावहारिक और मनमाना बताते हुए रद्द करने की मांग शीर्ष अदालत से की गई। ये मांग करते हुए कंग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल, तृणमूल कंग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, राष्ट्रवादी कंग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) महासचिव डी राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, झारखंड मुक्ति मोर्चा सांसद सरफराज अहमद और भाकपा (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य ने याचिका दायर की है। इसी प्रकार गैर सरकारी संगठनों - एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव समेत अन्य ने इस संबंध में चुनाव आयोग के फैसले की वैधता को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं। चुनाव आयोग के उक्त आदेश के खिलाफ याचिका दायर करने वालों ने दावा किया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 14, 19, 21, 325 और 326 के साथ-साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 21ए के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि इस आदेश को रद्द नहीं किया गया तो मनमाने ढंग से और उचित प्रक्रिया के बिना लाखों मतदाताओं को अपने प्रतिनिधियों को चुनने से वंचित किया जा सकता है। इससे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र बाधित हो सकता है, जो संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं।

### मालदीव के साथ...

समेत भारत-मालदीव की गहरी मित्रता पर चर्चा की। 20वीं मजलिस में भारत-मालदीव संसदीय मैत्री समूह के गठन का भी स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि भारत मालदीव में क्षमता निर्माण में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वह (नशीद) भारत एवं मालदीव की गहरी मित्रता के हमेशा से प्रबल समर्थक रहे हैं। उनसे इस बारे में बात की कि मालदीव हमारी 'पड़ोसी प्रथम' नीति और महासागर दृष्टिकोण का कैसे हमेशा एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहेगा। विदित हो कि नशीद 11 नवंबर, 2008 से सात फरवरी, 2012 तक मालदीव के राष्ट्रपति रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत क्षमता निर्माण और विकास में मालदीव को सहयोग देना जारी रखेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के साथ शुक्रवार को व्यापक वार्ता की। उन्होंने मालदीव के लिए 4,850 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा देने की घोषणा की।

### मालदीव और भारत...

स्थायी साझेदारी का प्रतिबिंब बताया। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुइज्जू ने कहा कि मालदीव और भारत के बीच संबंध औपचारिक कूटनीति से परे हैं तथा सदियों पुराने गहरे रिश्ते हैं। उन्होंने कहा कि मालदीव सरकार एक समावेशी और गतिशील अर्थव्यवस्था के निर्माण, युवाओं को सशक्त बनाने और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने स्वीकार किया कि इन महत्वाकांक्षाओं को साकार करने में भारत की साझेदारी महत्वपूर्ण है। इस विशेष संबंध को और मजबूत करने के लिए मालदीव की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए मुइज्जू ने एक समृद्ध मालदीव-भारत साझेदारी की कामना की जो दोनों देशों में स्थायी शांति एवं समृद्धि लाए। इससे पहले, मोदी और मुइज्जू ने व्यापक वार्ता की, जिसमें व्यापार, रक्षा और समुद्री सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### पाकिस्तान को सबक...


की सहायता दी जा रही है। साथ ही उस परिवार के एक सदस्य की नौकरी भी मिलती है। इसके अलावा 2017 से हमारी सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया कि शहीद होने वाले जवान की स्मृति को आगे बढ़ाने के लिए जिस गांव, नगर, कस्बे का वह जवान होगा, वहां पर एक भव्य स्मारक, इंस्टीट्यूट या किसी मार्ग का नामकरण उस जवान के नाम पर करेंगे। सरकार ने तय किया है कि अग्नि वीर के रूप में जो जवान देश की सेनाओं में योगदान दे रहे हैं, उन्हे उत्तर प्रदेश पुलिस बल में 20 प्रतिशत आरक्षण देने की व्यवस्था की गयी है। कार्यक्रम में मंच पर मुख्यमंत्री योगी और मेयर सुषमा खर्कवाल ने शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। कैप्टन मनोज पांडेय, लांस नायक केवलानंद द्विवेदी, रायफल मैन सुनील जंग और मेजर रितेश शर्मा के परिजन कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम का सीएम नीतीश ने किया स्थल निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में सीतामढ़ी जिले के पुनौरा गांव में स्थित मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को निरीक्षण किया।

आगामी 08 अगस्त को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तावित माता जानकी मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायज़ा लेने हेतु मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं अन्य मंत्रियों के साथ पुनौरा धाम पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सबसे पहले माता सीता के गर्भगृह में पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धा से पूजा-अर्चना की तथा धूप-दीप जलाकर मां जानकी को नमन किया। पूजन के उपरांत उन्होंने शिलान्यास स्थल की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।




मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पंडाल की मजबूती, वीआईपी मंच की व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग, तथा श्रद्धालुओं के आवागमन जैसे सभी बिंदुओं पर जिला प्रशासन, पर्यटन विभाग और अन्य संबद्ध एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी व्यवस्था अधूरी न रहे। उन्होंने कहा कि ''यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक गौरव से जुड़ा एक ऐतिहासिक अवसर है।

## बिहार के सेवानिवृत पत्रकारों को अब 15 हजार रुपये पेंशन नीतीश सरकार का बड़ा फैसला

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कुमार ताबड़तोड़ फैसले लेकर विपक्ष की हर चाल को पलट रहे हैं। शनिवार को उन्होंने पत्रकारों की पेंशन राशि 6 हजार से बढ़ाकर 15 हजार करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के पत्रकारों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए ''बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना'' के तहत दी जाने वाली पेंशन राशि में भारी बढ़ोतरी की है। अब राज्य के सेवानिवृत पत्रकारों को पहले मिलने वाली 6,000 मासिक की जगह 15,000 प्रतिमाह की सम्मान पेंशन मिलेगी। इस बारे में उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा- बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को हर महीने 6 हजार रूपये की जगह 15 हजार रूपये पेंशन की राशि प्रदान करने का विभाग को निर्देश दिया गया है। बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन प्राप्त कर रहे पत्रकारों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित पति/पत्नी को जीवनपर्यन्त प्रतिमाह 3 हजार रूपये की जगह 10 हजार रूपये की पेंशन राशि दिए जाने का निर्देश दिया गया है।

# सीमा पार हेरोइन तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़, 50 करोड़ के 10 किलो हेरोइन जब्त, आठ गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमृतसर। पंजाब में सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और काउंटर इंटेलिजेंस ने पाकिस्तान स्थित तस्करों से सीधे जुड़े एक सुसंगठित हेरोइन तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है तथा उनके पास से 50 करोड़ रुपये से अधिक कीमत के 10 किलो हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पुलिस ने दो अलग अलग मामलों में एक किशोर सहित आठ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से दस किलो एक सौ ग्राम हेरोइन बरामद की है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 50 करोड़ रुपए बताई जा रही है। डीजीपी ने बताया कि मुख्य आरोपी सरबजीत उर्फ जोबन, जो सीमावर्ती क्षेत्र के एक गाँव से सक्रिय है, सीमा पार कुख्यात तस्कर राणा के सीधे संपर्क में है। उसे एक किशोर के साथ गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक किलो हेरोइन बरामद की गई है। उससे पूछताछ के बाद अजनाला से दो और तस्करों - धर्म सिंह और कुलबीर सिंह - को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से पांच किलो से अधिक हेरोइन बरामद की गई। उनके दो मोटरसाइकिल भी जब्त किए गए हैं। डीजीपी ने बताया कि पुलिस थाना एयरपोर्ट और पुलिस थाना छेहरटा में एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि एक बड़े खुफिया अभियान में, काउंटर इंटेलिजेंस - अमृतसर ने सीमा पार हेरोइन तस्करी के एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और पाकिस्तान स्थित तस्कर से सीधे जुड़े चार प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने अटारी में भारत-पाक सीमा के पास से हेरोइन की एक खेप बरामद की थी और उसे पहुँचाने के लिए रास्ते में ही उन्हें रोक लिया गया। उनके पास से चार किलो हेरोइन बरामद हुई है। इस सम्बन्ध में एक मामला दर्ज किया जा रहा है और आगे और पीछे के संबंधों सहित पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जाँच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस सीमा पार ड्रग सिंडिकेट को खत्म करने और पंजाब को नार्को-आतंकवाद की चपेट से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# संक्षिप्त समाचार

## एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाला आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम दिल्ली जिला पुलिस ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित खुद को कुख्यात गैंगस्टर नवीन बाली बताकर व्यापारियों को धमका रहा था। पुलिस की संयुक्त टीम स्पेशल स्टाफ और थाना आदर्श नगर ने आरोपित को हरियाणा के सोनीपत से गिरफ्तार किया। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपित की पहचान सोनीपत निवासी संजय (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के पास से एक लिखी हुई पर्ची बरामद हुई है जिसमें एक व्यापारी का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। डीसीपी के अनुसार शिकायतकर्ता ने 24 जुलाई को थाना आदर्श नगर में शिकायत दी कि उसे 3 जुलाई को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने खुद को गैंगस्टर नवीन बाली बताया और एक करोड़ की रंगदारी मांगी। पहले तो शिकायतकर्ता ने इसे मजाक समझकर अनदेखा किया, लेकिन 20 जुलाई की रात 8:28 बजे फिर से उसी नंबर से धमकी भरा कॉल आया। डर के चलते शिकायतकर्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी निगरानी और स्थानीय सूचनाओं के आधार पर आरोपित की पहचान गांव रामपुर कुंडल, सोनीपत निवासी संजय के रूप में की। टीम ने जाल बिछाकर उसे धर दबोचा। पुलिस अधिकारी के अनुसार पूछताछ में आरोपित संजय ने जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह पहले दिल्ली के निजी दफ्तरों में काम करता था लेकिन तनख्वाह से असंतुष्ट होकर उसने नौकरी छोड़ दी। सोशल मीडिया और समाचारों से प्रेरित होकर उसने रंगदारी वसूलने की योजना बनाई और व्यापारियों को डराने के लिए खुद को गैंगस्टर नवीन बाली बताना शुरू कर दिया। उसने इस साजिश में व्यापारी के एक सहयोगी राहुल राठी को भी शामिल किया था, जो पीड़ित के व्यवसायिक मामलों को संभालता था। फिलहाल पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपित के अन्य साथी कौन हैं और क्या वह इससे पहले भी इस तरह की किसी वारदात में शामिल रहा है।

## फैक्टरी की छत ढही, दो मजदूर घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर इलाके में लोहे के स्टैंड बनाने वाली एक फैक्टरी की छत ढह गई। हादसे में दो मजदूर घायल हो गए। घायलों की पहचान ताजिम और अकरम के रूप में हुई है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार, घटना शक्रवार शाम छह बजे के आसपास की है। फैक्टरी में रोजाना की तरह काम चल रहा था, तभी अचानक इमारत की छत भरभराकर नीचे गिर पड़ी। दो मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय राहत दल मौके पर पहुंचे और घायलों को मलबे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। डीसीपी के अनुसार मामले में न्यू उस्मानपुर थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 290 (लापरवाही से कार्य करना), 125ए (मानव जीवन को खतरे में डालना) सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में फैक्टरी निर्माण एवं रखरखाव में सुरक्षा मानकों की अनदेखी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इमारत की मजबूती का आकलन किए बिना उत्पादन कार्य कैसे संचालित किया जा रहा था। डीसीपी का कहना है कि जिम्मेदारी तय होने के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क किनारे मिला युवक का शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बदरपुर बस स्टॉप के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात युवक का खून से लथपथ शव मिला। मृतक की पहचान श्याम कॉलोनी फरीदाबाद निवासी मकबूल अकराम (20) के रूप में हुई है। फिलहाल बदरपुर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दक्षिण-पूर्वी जिले के डीसीपी हेमंत तिवारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 4:35 बजे बदरपुर सब-डिवीजन की गश्ती टीम जब मथुरा रोड पर गश्त कर रही थी, तब बस स्टैंड नंबर 5, 433 के पास एक युवक सड़क किनारे बेहोश पड़ा मिला। उसके सिर से खून बह रहा था। पुलिस टीम ने तुरंत इस संबंध में कंट्रोल रूम और थाना बदरपुर के ड्यूटी ऑफिसर को सूचना दी। पुलिस टीम ने पीसीआर की मदद से युवक को नजदीक के एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी के अनुसार पुलिस ने क्राइम टीम को मौके पर बुलाकर घटनास्थल की जांच एवं फोटोग्राफी कराई। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतेजार कर रही है।

## एटीएम काटकर चोरी का प्रयास विफल,पुलिस को सूचना देने के बावजूद विलंब से पहुंची पुलिस,अर्टिगा गाड़ी पर सवार होकर आए थे चोर

**अररिया।** बिहार में अररिया एसपी कार्यालय और आवास सहित नगर थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर अहले सुबह तीन बजे के करीब बस स्टैंड रोड केनरा बैंक के सामने स्थित एसबीआई के एटीएम सेंटर को गैस कटर से काटकर लूटने का असफल प्रयास किया गया। एसबीआई के मुख्य कंट्रोल रूम में अहले सुबह सवा तीन बजे एटीएम को गैस काटने का फुटेज देखने के बाद कंट्रोल रूम से मकान मालिक मृगेंद्र मणि को फोन कर सूचना दी गई।जिसके बाद मकान मालिक के द्वारा नगर थाना पुलिस समेत एसपी सहित अन्य अधिकारियों और मित्रों को फोन करके सूचना दी। मकान मालिक ने जिस समय फोन किया था,उस समय एसबीआई कंट्रोल रूम का दावा है कि अज्ञात चोर गैस कटर से एटीएम काटने का प्रयास किया गया।लेकिन पुलिस की गश्ती गाड़ी समेत पुलिस के त्वरित एक्शन नहीं लेने और विलंब से पहुंचने के कारण पुलिस के पहुंचने से ठीक पहले अज्ञात चोरों को आभास मिल गया और वे अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए।चोर अर्टिगा गाड़ी से एटीएम चोरी करने पहुंचा था और एटीएम मशीन को करीबन आधा काट लिया था।पुलिस का कहना है अर्टिगा गाड़ी से चोर आया था और चांदनी चौक मुख्य बाजार होते हुए पूर्णिया की ओर फरार हो गया। मामले को लेकर मकान मालिक एवं वरिष्ठ पत्रकार मृगेंद्र मणि ने बताया कि सवा तीन बजे के करीबन एसबीआई के कंट्रोल रूम से फोन आया।जिसमें उन्हें बताया गया कि कुछ चोर एटीएम सेंटर में हैं और एटीएम मशीन को गैस कटर से काट रहे हैं।श्री मणि ने बताया कि चूंकि उनका पैतृक आवास कुर्साकांटा प्रखंड में है और वे अपने पैतृक आवास पर थे।जिसके कारण उन्होंने त्वरित नगर थानाध्यक्ष,एसपी समेत अन्य अधिकारियों के साथ अपने मित्रों को फोन किया।लेकिन पुलिस को मौके पर पहुंचने में विलंब हो गई और चोर मौके से फरार हो गए।उन्होंने बताया कि वहां पर तीन सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ है और पूरे जिले की सीसीटीवी से निगरानी करने का पुलिस दावा कर रही है। लेकिन स्थानीय सीसीटीवी के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में एटीएम काटने की जानकारी नहीं हो पाई।

# कारगिल विजय दिवस पर देश के सपूतों को किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पौड़ी गढ़वाल। जनपद में कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ पर जनपद मुख्यालय के शहीद स्मारक एजेंसी चौक पौड़ी में स्थानीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों व पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध के शहीद वीर जवानों को पुष्प चक्र व श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम से पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा एजेंसी चौक से कलेक्ट्रेट तक प्रभात फ़ेरी निकाली गयी। प्रेक्षागृह में शहीद के परिजनों को सम्मानित कार्यक्रम के दौरान विधायक राजकुमार पोरी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1999 में मई से जुलाई के मध्य जम्मू कश्मीर के कारगिल जनपद में पाकिस्तानी सेना के घुसपैठियों एवं भारतीय सेना के बीच जंग हुई थी। जिसमें हमारी सेना ने अति विकट भौगोलिक परिस्थितियों में अभूतपूर्व शौर्य का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार भगाया।



जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि कारगिल युद्ध में उत्तराखंड के 75 वीर सैनिकों ने अपने प्राण न्योछावर किए, जिनमें पौड़ी जिले के 17 वीर सपूत शामिल हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। शहीदों ने हमारे भविष्य के लिए अपना वर्तमान बलिदान किया। सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर करन सिंह रावत ने बताया कि वर्ष 1999 में पाकिस्तान ने कारगिल पर हमला कर दिया था, इस दौरान देश के कई सैनिकों ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे देश हमेशा याद करता रहेगा। कारगिल युद्ध लगभग 60 दिनों तक चला और इस युद्ध की समाप्ति 26 जुलाई को हुई। इस युद्ध में भारतीय सेना ने जीत हासिल की। तब से हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है और युद्ध में शहीद होने वाले भारतीय सेना के जवानों को और देश के लिए दी गयी कुर्बानी को याद किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने शहीद नायक मंगत सिंह के पुत्र नीरज भंडारी व वीर चक्र राइफल मैन कुलदीप सिंह के भाई विजय रावत को सम्मानित किया। वहीं कारगिल युद्ध में शामिल सेवानिवृत्त ऑनररी कैप्टन दिनेश पटवाल, गोविन्द सिंह बिष्ट, सूबेदार प्रेम सिंह, मनमोहन सिंह रावत, नायब सूबेदार वकुल रावत, हवलदार मोहन सिंह, मनबर सिंह, भुवन चन्द्र बड़थ्वाल, नायक गिरीश चन्द्र कठैत को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष हिमानी नेगी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत, अपर जिलाधिकारी अनिल सिंह गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, सीओ त्रिवेंद्र सिंह राणा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रणजीत सिंह नेगी, ईओ नगर पालिका शांति प्रसाद जोशी, सहायक अधिकारी सैनिक कल्याण सत्यपाल सिंह आदि शामिल रहे।

## कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के रण कौशल का ज्वलंत उदाहरणः रविंद्र पुरी

हरिद्वार। एसएमजेएन महाविद्यालय में आज कारगिल विजय दिवस पर भारतीय सेना एवं शहीदों के सम्मान में कालेज में निर्मित शौर्य दीवार पर देश के वीर शहीदों को नमन कर कालेज परिवार द्वारा पुष्पाजंलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और कॉलेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने अपने सन्देश में कहा कि भारतीय सेना और राजव्यवस्था देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए कृत संकल्प है और देश पर बुरी नजर रखने वाले शत्रु देशों को परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। कारगिल विजय दिवस हमारी सेनाओं के रण कौशल का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कारगिल बलिदानियों के आश्रितों को महाविद्यालय में निःशुल्क शिक्षा की भी घोषणा की। प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने कहा कि आज का दिन सशस्त्र बलों के वीरतापूर्ण प्रयासों और बलिदानों को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के शौर्य का प्रतीक है।

# लूटपाट के मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले के केशवपुरम थाना पुलिस ने लूटपाट के एक मामले में चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों ने त्रि नगर स्थित हंसा पुरी रोड पर एक कोल्ड ड्रिंक होलसेलर की दुकान में हथियारों के बल पर लूटपाट की थी। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो चाकू और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। उत्तर पश्चिमी जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान विजय एन्क्लेव, डाबड़ी निवासी विजय (22), मॉडल टाउन निवासी शिवम (21), मॉडल टाउन निवासी श्रवण (22) और ओंकार नगर निवासी ओमजी (21) के रूप में हुई है। डीसीपी के अनुसार सात जुलाई को लगभग शाम 4 बजे, शिकायतकर्ता और उसका सहयोगी दीपक गर्ग अपनी गोदाम में बैठे थे। इसी दौरान तीन युवक एक काली मोटरसाइकिल पर आए। जिनमें से दो हथियारों से लैस होकर दुकान में घुसे और कैश काउंटर की चाबी मांगने लगे। उन्होंने पिस्टल और चाकू दिखाकर धमकी दी और जबरन कैश और शिकायतकर्ता का बटुआ जिसमें आधार कार्ड, वोटर आईडी और पैन कार्ड था, लूटकर फरार हो गए। तीसरा आरोपित बाहर मोटरसाइकिल पर तैयार खड़ा था। आरोपित करीब तीन लाख रुपये लूट के फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि आरोपित त्रि नगर से ओंकार नगर की ओर से आए थे और घटना के बाद रामपुरा रेड लाइट होते हुए नानक प्याऊ गुरुद्वारा की ओर भागे।

# मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर बुजुर्गों से किया संवाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कारगिल विजय दिवस पर शालीमार बाग स्थित वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसायटी पहुंच कर बुजुर्गों से संवाद किया। यह जानकारी मुख्यमंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने अपनी पूरी जिंदगी परिवार, समाज और राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दी। आज जब वे जीवन के एक खास पड़ाव पर हैं, तो उन्हें हमारे सहयोग, सम्मान और स्नेह की सबसे अधिक आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों से प्रेरित होकर हमारी सरकार ने 'आयुष्मान वय वंदना योजना' की शुरुआत की है, ताकि हर बुजुर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कारगिल विजय दिवस पर मां



भारती के वीर सपूतों को नमन किया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अद्वितीय शौर्य, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है।

कारगिल में मिली विजय भारत के साहस की भी विजय थी, संयम की भी विजय थी, मर्यादा और मातृभूमि-भक्ति की भी विजय थी। इस पावन दिवस पर हम वीर शहीदों को कृतज्ञता और श्रद्धा के साथ स्मरण करते हैं। उनका बलिदान हमें राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को जीवन में उतारने की सतत प्रेरणा देता है। इनके साहस और बलिदान ने भारत की रक्षा की अमर गाथा लिखी।


# मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं, जहां अपराध बेकाबू हो गया हैः चिराग पासवान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास (एलजेपी-आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं को लेकर राज्य सरकार पर एक भार फिर से सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन से ऐसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लगाम लगाने की अपील की है। केंद्रीय मंत्री और बिहार में सरकार को समर्थन दे रही लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने शनिवार को पटना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्हें दुख है कि बिहार में उन्हें ऐसी सरकार का समर्थन करना पड़ रहा है, जो अपराध पर अंकुश लगाने में विफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और पुलिस एवं प्रशासन अपराधियों के सामने



नतमस्तक हो चुकी है। उन्होंने कहा, ''मुझे दुख है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं, जहां अपराध बेकाबू हो गए हैं।'' अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बिहार की जनता को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। गयाजी में एक महिला होमगार्ड अभ्यर्थी के साथ एंबुलेंस में हुए दुष्कर्म की घटना पर भी चिराग पासवान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि प्रशासन पूरी तरह नाकाम हो चुका है। एक के बाद एक घटनाएं हो रही हैं और बिहार में अपराध की एक श्रृंखला बनती जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में हत्या, दुष्कर्म और लूट जैसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। अगर हालात ऐसे ही रहे, तो आने वाले दिनों में और भी भयावह स्थिति उत्पन्न हो सकती है। चिराग ने कहा कि कुछ लोग इसे चुनावी साजिश बता रहे हैं। सरकार को बदनाम करने के लिए ऐसी घटनाओं को अंजान दिया जा रहा है, लेकिन आखिरकार जिम्मेदारी तो राज्य सरकार और प्रशासन की ही बनती है। उन्होंने कहा कि या तो पुलिस अपराध रोकने में पूरी तरह विफल हो चुकी है, या फिर सब कुछ लीपापोती करके ढकने की कोशिश हो रही है। अब ऐसा लग रहा है कि बिहार और बिहारी की सुरक्षा इस सरकार के बस की बात नहीं रही। राज्य सरकार से उन्होंने समय रहते जरूरी कदम उठाने की अपील की।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063